संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 18 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 106 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



भाजपा छोड़ चुके कर्नाटक के पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए।

# अतीक-अशरफ के हमलावरों को खतरा!

**नैनी जेल में अतीक के बेटे का हंगामा: नैनी जेल से प्रतापगढ़ शिफ्ट किए गए तीनों आरोपी, अपना सिर बैरक के गेट पर मारा, आनन-फानन में अली को जेल अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज/प्रतापगढ़**

**माफिया** अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ पर फायरिंग करने वाले शूटर्स अरुण मौर्य, सनी सिंह और लवलेश तिवारी को नैनी सेंट्रल जेल से प्रतापगढ़ शिफ्ट किया गया है। नैनी जेल में अतीक का बेटा अली अहमद कैद है। ऐसे में गैंगवार के खतरे को देखते हुए अतीक-अशरफ के तीनों शूटर्स की जेल बदली गई है। 15 अप्रैल की रात 10:35 बजे हत्या कर दी गई थी। हमला करने वाले तीनों शूटर्स को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। जेल सूत्रों के मुताबिक अली पिछले दो दिनों से लगातार हंगामा कर रहा है। रविवार को वह पिता अतीक के जनाजे में जाने की भी जिद कर रहा था, लेकिन परमीशन नहीं मिली। सोमवार दोपहर में अली ने जोर-जोर से चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। जब तक वार्डन उसके पास पहुंचे उसने अपना सिर बैरक के गेट पर मारा, जिससे उसके सिर में चोट आ गई है।




## प्रतापगढ़ जेल में बढ़ाई गई सुरक्षा

**अतीक** और अशरफ पर गोली चलाने वाले तीनों शूटर्स को नैनी जेल से दोपहर 12 बजे प्रतापगढ़ के लिए रवाना किया गया। तीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रतापगढ़ जेल लाया गया। तीनों शूटरों को दोपहर 1.30 बजे प्रतापगढ़ लाया गया है। प्रतापगढ़ जेल के जेलर राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया की सुरक्षा कारणों के चलते तीनों को प्रतापगढ़ शिफ्ट किया गया है।

### गैंगवार का खतरा

= पिता अतीक के जनाजे में जाने की भी जिद कर रहा था, लेकिन परमीशन नहीं मिली। अली ने जोर-जोर से चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया


**बंदी रक्षक ने दी जेल प्रशासन को सूचना:** बैरक पर तैनात बंदी रक्षक ने अली को लहूलुहान देखा तो अलार्म घंटी बजा कर उसने जेल प्रशासन को सूचना दी। आनन-फानन में अली को जेल अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया, वहां उसकी मरहम पट्टी कराई गई है। उसे दोबारा बैरक में भेज दिया गया है।

**जेल में बंद दोनों बेटों की बिगड़ी थी तबीयत:** शनिवार रात अतीक और अशरफ की हत्या की जानकारी मिलते ही अली की तबीयत बिगड़ गई थी। जेल अस्पताल की मेडिकल टीम ने बैरक में ही उसका इलाज किया था। इधर लखनऊ जेल में बंद अतीक के बड़े बेटे उमर की भी तबीयत खराब हो गई थी।

## मेरठ के बदमाश ने दी थी पिस्टल!

**पुलिस** सूत्रों के मुताबिक, तीनों शूटर्स कॉन्ट्रैक्ट किलर हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले पूछताछ में हमलावरों के मेरठ कनेक्शन सामने आए हैं। जिस पिस्टल से हत्या की गई, उसे मेरठ के ही अपराधी ने सनी को रखने के लिए दी थी।

**जिगाना पिस्टल से 18 सेकेंड में 20 राउंड फायरिंग:**15 अप्रैल की रात 10:35 बजे कॉल्विन हॉस्पिटल परिसर में 18 सेकेंड में 20 राउंड गोलियां चलती हैं। माफिया अतीक और उसका भाई अशरफ मारा जाता है। एक भी सेकेंड रुके बिना ये फायरिंग एके-47 से नहीं बल्कि एक ऑटोमैटिक पिस्टल से की गई थी। दरअसल, ये मेड इन तुर्किये पिस्टल थी, जिसे जिगाना कहते हैं।



**शूटरों को पनाह देने वाले और मददगारों की तलाश** : इन तीनों को एक साथ लाकर, रेकी करवाने, होटल में रुकवाने, विदेशी हथियार देकर, मीडिया का फर्जी आईडी कार्ड बनवाने वाले मास्टरमाइंड की तलाश करने में यूपी पुलिस जुटी हुई है। हमलावरों ने गोली चलाने के बाद सरेंडर कर दिया था।

## मुस्लिम पक्ष ने ज्ञानवापी के अंदर वुजू की अनुमति मांगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद में वुजू की परमिशन मांग रहे मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि वाराणसी कलेक्टर 18 अप्रैल को संबंधित अधिकारियों की मीटिंग बुलाएं और उसमें फैसला करें। ताकि ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में वुजू के लिए सुविधा दी जा सके। याचिका अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि मस्जिद के अंदर बने वुजूखाने को खोल दिया जाए। जिसे शिवलिंग बताकर सीलबंद कर दिया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय की गई है। वे जिस जगह वुजू की बात कर रहे हैं, वह विवादित क्षेत्र है, जहां शिवलिंग है इसलिए यह मांग समस्या पैदा कर सकती है।

## पशु तस्करी केस: अभिषेक बनर्जी को सीबीआई ने तलब किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सीबीआई** ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी को करोड़ों रुपए के पशु तस्करी घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्हें कोलकाता के निजाम पैलेस स्थित दफ्तर में 18 अप्रैल को बुलाया गया है। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में अभिषेक से ईडी और सीबीआई की पूछताछ पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल को करेगी और तब तक जांच एजेंसियां अभिषेक से पूछताछ नहीं कर सकेंगी। 13 अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने आदेश दिया था कि जरूरत पड़ने पर ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां अभिषेक से पूछताछ कर सकती हैं। और यह जांच जल्द की जाए।

## राष्ट्रपति शिमला के मशोबरा में स्थित 173 वर्ष पुराने राष्ट्रपति निवास में ठहरेंगी



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहली बार हिमाचल प्रदेश के दौरे पर आ रही हैं। वे 18 से 21 अप्रैल तक शिमला में रहेंगी। 18 अप्रैल को राष्ट्रपति मुर्मू हेलिकाप्टर से अनाडेल पहुंचेगी। हिमाचल के बार्डर एरिया को सील कर दिया गया है। विश्वविद्यालय, राष्ट्रपति आवास रिट्रिट सहित आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। राष्ट्रपति बनने के बाद उनका यह पहला हिमाचल दौरा है। अपने परिवार के साथ वह शिमला के मशोबरा में स्थित 173 वर्ष पुराने राष्ट्रपति निवास में ठहरेंगी और यहां की बेहद खूबसूरत प्राकृतिक सुंदरता का नजारा लेंगी। वह इस ऐतिहासिक इमारत को पहली बार लोगों और टूरिस्टों के लिए खोलने की भी घोषणा करेंगी।23 अप्रैल से लोगों के लिए खुलेगी ऐतिहासिक इमारत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की घोषणा के बाद देश दुनिया के लोग 23 अप्रैल से शिमला की इस बेहद खूबसूरत इमारत को नजदीक से देख सकेंगे।

## अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अमरनाथ** यात्रा के लिए सोमवार से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। इस साल यात्रा 1 जुलाई से शुरू होगी, जो 31 अगस्त तक चलेगी। रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से किए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अनंतनाग जिले में पहलगाम ट्रैक और गांदरबल जिले में बालटाल दोनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं।

ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पंजाब नेशनल बैंक की 316, एसबीआई बैंक की 99, जम्मू-कश्मीर की 90 और यस बैंक की 37 ब्रांच में किया जा सकता है। श्रद्धालु श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर यात्रा के लिए ऑनलाइन अप्लाई भी कर सकते हैं।

## सेम सेक्स मैरिज पर फैसला संसद का काम: केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सेम सेक्स मैरिज को वैध ठहराए जाने की डिमांड सिर्फ शहरी एलीट क्लास की है। इससे आम नागरिकों के हित प्रभावित होंगे। सरकार ने कहा कि इस पर फैसला करना संसद का काम है। कोर्ट को इस पर फैसले से दूर रहना चाहिए। केंद्र ने सेम सेक्स मैरिज पर दूसरा हलफनामा पेश किया और इसके पक्ष में दायर याचिकाओं पर सवाल उठाया है। सरकार ने कहा कि यह केवल शहरी एलीट क्लास का नजरिया है और इन याचिकाओं का मकसद ऐसी शादी को सिर्फ सामाजिक स्वीकार्यता दिलाना है। सभी धर्मों में विवाह का एक सामाजिक महत्व है। हिन्दू में विवाह को संस्कार माना गया है, यहां तक की इस्लाम में भी। इसलिए इन याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए।

### कौन हैं याचिकाकर्ता?

**समलैंगिक** विवाह को कानूनी मान्यता देने से जुड़ी याचिकाओं में एक याचिका हैदराबाद के समलैंगिक कपल सुप्रियो और अभय की है। कपल ने अपनी याचिका में कहा है कि दोनों एक दूसरे को एक दशक से ज्यादा वक्त से जानते हैं और रिलेशनशिप में हैं। इसके बावजूद शादीशुदा लोगों को जो अधिकार मिले हैं, उन्हें उन अधिकारों से वंचित रखा गया।

## थोक महंगाई दर 29 महीने में सबसे कम, घटकर 1.34% पर आ गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**थोक** महंगाई दर मार्च में घटकर 1.34% पर आ गई है। यह 29 महीने का निचला स्तर है। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85% रही थी। जनवरी 2023 में थोक महंगाई दर 4.73% थी। गेहूं, दालें और फ्यूल जैसी चीजों के सस्ते होने से महंगाई में ये गिरावट आई है। अक्टूबर 2020 में यह 1.31% पर थी। ये लगातार 10वां महीना है जब होल-सेल महंगाई गिरी है। पिछले सोमवार को रिटेल महंगाई के आंकड़े भी जारी किए गए थे। मार्च 2023 में यह घटकर 5.66% पर आ गई है। खाने-पीने के सामान के दामों में गिरावट आने से रिटेल महंगाई घटी थी। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के बास्केट में लगभग आधी हिस्सेदारी खाद्य पदार्थों की होती है।



### राहत


= अक्टूबर 2020 में यह 1.31% पर थी। ये लगातार 10वां महीना है जब होल-सेल महंगाई गिरी है

**खाने-पीने का सामान हुआ सस्ता:** मार्च में थोक महंगाई दर में गिरावट खाने-पीने के सामान, टेक्सटाइल्स, मिनरल्स, रबर और प्लास्टिक प्रोडक्ट की कीमतों में गिरावट के चलते आई है। वहीं क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस, पेपर और पेपर प्रोडक्ट्स की कीमतें कम होने से भी महंगाई घटी है।

**बीते एक साल में सस्ता हुआ गेहूं:** मार्च में गेहूं की थोक महंगाई दर 9.16% रही है, जबकि साल भर पहले मार्च 2022 में ये 14.04% थी। दालों की थोक महंगाई 3.03% है।

## भारत की जी-20 अध्यक्षता में 100 बैठक पूरी

**नई दिल्ली:** भारत सोमवार को वाराणसी में अपनी 100वीं जी-20 बैठक यानी कृषि मुख्य वैज्ञानिकों (एमएसीएस) की बैठक की मेजबानी के साथ अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मना रहा है। वहीं गोवा में हेल्थ वर्किंग ग्रुप, हैदराबाद में डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप और शिलांग में स्पेस इकोनॉमी लीडर्स प्री-कर्सर मीटिंग भी आज आयोजित की जा रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार अबतक तीन मंत्री स्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक (एफएमसीबीजी) 24-25 फरवरी 2023 को बेंगलुरु में आयोजित की गई थी।




## जातिगत जनगणना जरूरी: खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए जातिगत आधारित जनगणना जरूरी है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को इस बारे में ट्वीट किया है। उन्होंने कहा है वर्ष 2021 में नियमित दस वर्षीय जनगणना कराई जानी थी। वह नहीं हो पाई है। हमारी मांग है कि जनगणना तत्काल कराई जाए। व्यापक जाति आधारित जनगणना को इसका अभिन्न अंग बनाया जाए। उन्होंने आशंका जताई है कि जातिगत जनगणना के अभाव में सामाजिक न्याय के कार्यक्रमों का डेटा अधूरा है। इससे पहले खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की थी। खड़गे ने कहा था कि आप (प्रधानमंत्री मोदी) जानते हैं कि यूपीए सरकार ने पहली बार 2011-12 के दौरान करीब 25 करोड़ परिवारों को कवर करते हुए सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना कराई थी। मई 2014 में आपकी सरकार आने के बाद कांग्रेस और अन्य सांसदों ने इसे जारी करने की मांग की लेकिन कई कारणों से जातिगत आंकड़े प्रकाशित नहीं किए गए।



**शिकंजे में...** पूछताछ में उसने बताया कि जिन जवानों पर उसने गोलियां चलाईं, वह उसका शारीरिक शोषण करते थे

# बठिंडा में 4 जवानों पर गोलियां साथी ने चलाईं

**टीम एक्शन इंडिया/बठिंडा**

**बठिंडा मिलिट्री** स्टेशन में 12 अप्रैल को 4 जवानों पर फायरिंग साथी गनर ने ही की थी। पुलिस ने सोमवार को आरोपी गनर देसाई मोहन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि जिन जवानों पर उसने गोलियां चलाईं, वह उसका शारीरिक शोषण करते थे। फायरिंग के दौरान सागर बन्ने, कमलेश आर, योगेश कुमार जे, संतोष कुमार नागराल मारे गए थे। इस घटना के बाद देसाई ने अफसरों को गुमराह भी किया था। देसाई ने कहा था कि उसने कुछ संदिग्ध लोग देखे हैं, जो जंगल की तरफ भाग गए। उसके बयानों के आधार पर जब जांच की गई तो इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। बठिंडा एसएसपी गुलनीत सिंह ने बताया कि आरोपी ने राइफल के 8 कारतूस, इंसास राइफल और एक 20 कारतूस वाली मैगजीन चोरी की। वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया गया है। आरोपी के मोबाइल की फोरेंसिक जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी जवान अनमैरिड है। जिन जवानों की हत्या की गई, वह भी अनमैरिड थे।



**देसाई ने अफसरों को गुमराह किया था, कहा था- फायरिंग करने वाले कुर्ता-पायजामा पहने थे:** देसाई मोहन ने फायरिंग के बारे में 80 मीडियम रेजिमेंट के मेजर आशुतोष शुक्ला को सबसे पहले जानकारी दी थी। उसने कहा था, "सुबह 4.30 बजे मेस की बैरक में फायरिंग हुई है। वहां 2 अज्ञात व्यक्ति आए। जिन्होंने सफेद रंग के कुर्ते-पायजामे पहने हुए थे। उनके मुंह-सिर कपड़े से ढंके हुए थे। यह दोनों फायरिंग के बाद अफसर मेस में गनर के सोने वाली जगह से बाहर आ रहे थे।

इनमें से एक के हाथ में इंसास राइफल और दूसरे के हाथ में कुल्हाड़ी थी। वह मुझे देख जंगल की तरफ भाग निकले।"

# हरियाणा पुलिस का गैंगस्टरों पर 'प्रहार'

## लॉरेंस, भूप्पी राणा, अमन बोंड के 7 गुर्गे पकड़े, 5 देसी कट्टे-पिस्टल समेत 41 लाख कैश बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
**हरियाणा** के अंबाला, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर (अंबाला रेंज) में पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान चलाया है। अंबाला आईजी शिवास कबिराज के नेतृत्व में गठित 77 टीमों ने किसी न किसी तरह अपराध से जुड़े 50 अपराधियों के ठिकानों पर तड़के 4 बजे रेड की। इस दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने लॉरेंस गैंग, अमन सोनकर, भूप्पी राणा, अमन बोंड समेत कई अन्य गैंग से जुड़े 7 बदमाशों को काबू किया है। यही नहीं, पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ-साथ लाखों रुपए कैश और विदेशी करेंसी भी बरामद की है। पुलिस के इस अभियान की गृह मंत्री अनिल विज और पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल ने भी तारीफ की है।



**बदमाशों के ठिकानों से ये हुआ बरामद:** पुलिस ने 5 देसी कट्टे, 1 पिस्टल, 3 चाकू, 1 तलवार, 1 खाली मैगजीन, 19 रौंद, 9 खाली रौंद, 62 मोबाइल, 11 सिम कार्ड, 40.89 लाख कैश, 262 वर डॉलर, 46 विदेशी सिक्के, 4 बाइक, 3 डीबीआर, 1 हार्ड डिस्क, 3 लैपटॉप, डॉक्यूमेंट्स, बैंक की पासबुक व चैकबुक, पैन कार्ड, डेबिट, क्रेडिट कार्ड और जेवरात भी बरामद किए हैं।

**अंबाला में अलग-अलग गैंग से जुड़े बदमाश काबू:** पुलिस ने अमन सोनकर व भूप्पी राणा गैंग के सदस्य विशाल सोनकर के भाई आरोपी आकाश को देसी कट्टे के साथ काबू किया है। इसके अलावा विक्की लाला गैंग के सदस्य टोनी उर्फ सोनी, अमन बोंड गैंग से जुड़े अभिषेक को कमानीदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया। बदमाशों के घरों से 8 हजार कैश, 262 वर डॉलर, 46 विदेशी सिक्के, 20 मोबाइल, 11 सिम कार्ड, कैमरा, 4 बाइक, प्रॉपर्टी के डॉक्यूमेंट्स, बैंक की पासबुक, चैकबुक समेत अन्य सामान बरामद किया है।

**कुरुक्षेत्र में लॉरेंस गैंग के 2 बदमाश गिरफ्तार:** इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र में 12 संदिग्ध लोगों की पहचान करके रेड की गई। पुलिस ने लॉरेंस गैंग के बदमाश गांव जंधेड़ी निवासी गौरव कुमार को देसी कट्टे व जिंदा रौंद के साथ काबू किया। दूसरे बदमाश गांव सरीफगढ़ निवासी सविंद्र उर्फ साजन को देसी पिस्टल और 2 जिंदा रौंद के साथ गिरफ्तार किया। मोस्ट वांटेड इनामी अपराधी पंजाब के गांव पांडरा निवासी धन्ना को पिहोवा से काबू

> 8 गठित 77 टीमों ने किसी न किसी तरह अपराध से जुड़े 50 अपराधियों के ठिकानों पर तड़के 4 बजे रेड की

किया गया। मोस्ट वांटेड अपराधी गुरदीप सिंह उर्फ जग्गी को पटियाला जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया। पुलिस ने कुरुक्षेत्र से गांव उगाला निवासी अंकित कुमार उर्फ मोगली को 50 ग्राम हेरोइन और वर्ष 2019 के मुकदमा में उद्घोषित अपराधी दलीप को भी गिरफ्तार किया। यमुनानगर में पुलिस ने 15 टीमें गठित करके 15 संदिग्धों के ठिकानों पर रेड की।

पुलिस ने 3 बदमाशों को काबू किया है। काला राणा गैंग के मिथुन शर्मा के घर से 11.90 लाख कैश, 5 मोबाइल, 2 लैपटॉप, 7 डायरी, 7 रजिस्टर बरामद किए हैं। वहीं, सचिन पंडित गैंग के सदस्य अमनदीप गोलू के मकान से 15 लाख कैश, 1 डम्मी पिस्टल, 1 डायरी, 3 मोबाइल, 3 सिम कार्ड, अळ्ट कार्ड बरामद किए। आरोपी शैंपू के घर से 1 जिंदा रौंद व डम्मी पिस्टल, रोहित उर्फ लोटन जाट से 12 बोर के 15 रौंद बरामद किए। अंबाला के दोसड़का निवासी विक्की राणा के मकान से करीब 1.85 लाख कैश, 2 मोबाइल, बैंक पासबुक, बदमाश सचिन पंडित के घर से एक खाली मैगजीन, 4 मोबाइल, 1 सिम कार्ड, भूप्पी राणा व सचिन पंडित गैंग के सदस्य गुरप्रीत उर्फ चीमा से करीब 9.77 लाख कैश, एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, 4 जिंदा रौंद, 14 पुराने मोबाइल, 3 नए मोबाइल बरामद हुए। यमुनानगर के जानू गैंग के सदस्य विशाल वाल्मीकि से 2 जिंदा रौंद, 4 सिम कार्ड, काला राणा गैंग के सदस्य मनोज उर्फ मोदा 1.91 लाख कैश, 3 मोबाइल फोन और 8 बरामद हुई।

# आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी: सीनियर डिप्टी मेयर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** सोनीपत के सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती में कांग्रेस द्वारा आयोजित रैली में सोनीपत निवासियों व उनके द्वारा सैकड़ों गाड़ियों में पहुंचे लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सोनीपत निवासियों ने बता दिया है कि आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी। सीनियर डिप्टी मेयर सरोहा ने कहा कि वह खुद और उनके साथी सैकड़ों गाड़ियों की संख्या में रैली में पहुंचे थे। राजीव सरोहा ने सभी रैली में पहुंचने पर धन्यवाद किया।

# नागरिक अस्पताल में बिजली ने 18 घंटे तक मरीजों व स्टाफ को रुलाया

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
अस्पताल चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, अगर वहां पर बिजली की आपूर्ति कुछ मिनट भी बाधित हो जाए तो स्थिति बदहाल हो जाती है। बड़े ताज्जुब की बात है कि गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में एक नहीं दो नहीं, पूरे 18 घंटे से अधिक समय तक बिजली सप्लाई बाधित रही। इस दौरान जहां मरीजों का गर्मी में बुरा हाल रही, वहीं स्टाफ ने मोबाइल की रोशनी में अपना काम किया। यहां बिजली की कोई खास वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं थी। जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 9 बजे नागरिक अस्पताल में बिजली की सप्लाई बाधित हुई थी। इस कारण अस्पताल में अंडरग्राउंड फिटिंग में बिजली की तारों में खराबी

> 8 स्टाफ ने मोबाइल की रोशनी में किया काम
> 8 पिछले डेढ़ साल से खराब जनरेटर भी नहीं कराया गया ठीक

बताया गया। अस्पताल के बिजली विभाग की टीम को कई घंटे तक यह ही समझ नहीं आया कि आखिर फाल्ट किस जगह पर है। कहां से वे बिजली ठीक करें। इसी माथापच्ची में रात भी निकल गई। बिजली बाधित होने के कारण यहां मरीजों और स्टाफ की हालत खराब रही। गर्मी में कोई अपने कपड़े से हवा करके समय बिता रहा था तो कोई अस्पताल प्रशासन को कोस रहा था। अस्पताल में कहने को तो इनवर्टर से कुछ स्थानों पर बिजली सप्लाई का दावा किया



गया, लेकिन वह नाकाफी था। अस्पताल में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कहने को तो एक बड़ा जनरेटर है, लेकिन वह चालू हालत में नहीं है। बताया गया कि यह जनरेटर पिछले डेढ़ साल से खराब पड़ा है। जब भी यहां कुछ समय के लिए बिजली बाधित होती है तो अस्पताल के पीएमओ व उनके अधीन अधिकारी व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश, निर्देश तो पारित करते हैं, लेकिन बाद में कोई ध्यान नहीं देता।

# करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**काछवा** गांव में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक सोलर पैनल को साफ करने के लिए छत पर चढ़ा था। उसी दौरान 11 हजार वोल्ट की तार में चपेट में आ गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान दीपक बजाज 40 वर्ष के रूप में हुई है। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी डेयरी पर सोलर पैनल लगे हुए हैं। सोलर पैनल पर जमी धूल को साफ करने के लिए वह छत पर चढ़ गया था, जबकि अक्सर वह सोलर की सफाई का काम किसी और से करवाता था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया।

# पीजीआई चंडीगढ़ ओपीडी जाने के लिए मरीजों को अब नहीं देना पड़ेगा अधिक किराया

## कुरुक्षेत्र सेवा मंडल ने शुरू की यह सेवा

> 8 मंगल दास ने वाहन पूजन करवाने के पश्चात अपने कर कमलों से नारियल फोड़कर वाहन का शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
समाज सेवी संस्था, कुरुक्षेत्र सेवा मंडल द्वारा प्रत्येक बुधवार को कुरुक्षेत्र से पीजीआई चंडीगढ़ ओपीडी में जाने वाले मरीजों के लिए बस सेवा का शुभारंभ राजकीय संस्कृति मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के सभागार में कल सायं देर तक चले कार्यक्रम में वाहन पूजन के साथ किया गया। निर्माणाधीन अक्षरधाम मंदिर के मठाधीश स्वामी ज्ञान मंगल दास ने वाहन पूजन करवाने के पश्चात अपने कर कमलों से नारियल फोड़कर वाहन का शुभारंभ किया। संस्था के प्रमुख कार्यकारिणी सदस्य प्रेम अनेजा ने बताया कि यह बस प्रत्येक बुधवार प्रातः 5:00 बजे बिरला मंदिर के सामने से चलकर 5:15 बजे मोहन नगर चौक तथा 5:30 बजे गीता द्वार पिपली से चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी। पीजीआई चंडीगढ़ न्यू ओपीडी से इस बस की वापसी का समय सायं 4:00 बजे निर्धारित किया गया है। यह बस सेवा सामान्य रोगियों के लिए है, गंभीर रोगियों के लिए नहीं। पीजीआई चंडीगढ़ में ओपीडी में





इलाज के लिए जाने वाला कोई भी मरीज अपने आधार कार्ड के साथ मात्र ?50 की सहयोग राशि सहित निम्न में से किसी एक स्थान पर निर्धारित फार्म भरकर बुकिंग करवा सकता है।

1. लक्ष्य आचार, बिरला मंदिर चौक, 2. चिराग नर्सिंग होम, झांसा रोड 3. केशव सेल्स, एससीएफ 55, सेक्टर 7 मार्केट 4. दीपक किराना स्टोर, बूथ नंबर 33, सेक्टर 3 मार्केट 5. डॉ मदन खन्ना, जीटी रोड़, पिपली। भव्य समारोह में संस्था द्वारा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, वी विद यू फाउंडेशन, सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट, श्री स्थाणु सेवा मंडल, चेतना, संस्कार भारती, श्री अद्वैत स्वरूप आश्रम ट्रस्ट, भारतीय योग संस्थान, पतंजलि योग समिति, फिनिक्स क्लब सहित कई अन्य संस्थाओं को समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया।
शिव शक्ति कीर्तन मंडली गांधीनगर, सरस्वती मंडली मॉडल टाउन, शिव शक्ति मंदिर मंडली आजाद नगर, श्री खाटू श्याम मंडली कुरुक्षेत्र, भद्रकाली मंडली देवीदास पुरा, काली माता मंदिर मंडली सुंदरपुर, मां महाकाली मंडली काली कमली, श्री स्थानेश्वर महादेव मंदिर मंडली सहित कई अन्य मंडलियों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ ममता सचदेवा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह संजय कौशिक, होटल पर्ल मार्क के धीरज गुलाटी, रवि प्रकाश शर्मा, आशीष सभ्रवाल, राजेश इंटरनेशनल फर्नीचर, पूर्व छात्र परिषद (विद्या भारती), गुलशन ग्रोवर, रेणु खुग्गर, राजेश अरोड़ा, फिनिक्स क्लब, कुलजीत सिंह एसकेएस कॉलेज, डॉ मदन खन्ना, अनिल मदान, विनोद सिंगला, श्री स्थाणु सेवा मंडल, रोटरी क्लब, शिव शक्ति मंदिर आजादनगर, वी विद यू फाउंडेशन सहित बहुत से दानियों ने इस पुनीत कार्य के लिए अपना सहयोग दिया।

# पदक विजेता पहलवान अनिरुद्ध का किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद भारतीय पहलवानों की टीम अपने कोच के साथ स्वदेश पहुंचे। गन्नौर के गांव पुरखास के फ्रीस्टाइल कुश्ती पहलवान अनिरुद्ध गुलिया ने कजाकिस्तान के अस्ताना में 125 किलोग्राम भार वर्ग में जो कांस्य पदक जीत आया रेसलिंग स्टार अनिरुद्ध गुलिया का स्वागत किया। पहलवान अनिरुद्ध गुलिया ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसका पहला प्रयास था इससे उसको काफी कुछ सीखने को मिला है। जब मै मैट पर उतरा तो एक ही बात याद रही कि यह कुश्ती मै नहीं मेरा देश भारत लड़ रहा है उन्होंने कहा कि मुझे कांस्य पदक मिला है, मेरी संतुष्टि नहीं है। देश को आने वाले ओलंपिक में देश को पदक दिला पाऊं यही मेरी तमन्ना है। क्योंकि मेरे पिता स्वर्गीय बलवान गुलिया का सपना थाा कि उसका बेटा

> 8 अनिरुद्ध उसी मिट्टी की खुशबू से महकता हुआ विश्व में कुश्ती के शानदार प्रदर्शन के साथ पदक लेकर आया

अंतरराष्ट्रीय पर पदक लेकर आए अपने दादा पड़दादा अपने वंश का नाम बढाए। कांग्रेस युवा खेल प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पहलवान पुरखासिया ने कहा कि जिस भी पहलवान ने पुरखास के अखाड़े की माटी का तिलक किया और दिल से समर्पित होकर जोर अजमायश की उसने विश्व में नाम कमाया भारत का सबसे कम उम्र का अर्जुन अवार्ड लेने के रिकार्ड पुरखास के रमेश कुमार के नाम है जो हरियाणा पुलिस में डीएसपी हैं। अनिरुद्ध उसी मिट्टी की खुशबू से महकता हुआ विश्व में कुश्ती के शानदार प्रदर्शन के साथ पदक लेकर आया आने वाला समय भारत का कुश्ती के लिए बहुत अच्छा है।

# महिला के साथ छेड़खानी करने का विरोध करने पर आरोपितों ने बेटे की पिटाई के साथ दी जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना के अंतर्गत घर में महिला को अकेला देख कर उसके साथ छेड़खानी कि जब महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके बेटे को बुरी तरह से पीट कर घायल कर दिया इसके बाद सभी आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने गांव के डिपो होल्डर पर आरोप लगाते हुए चार नामजद सहित एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि पुलिस मामले की गंभीरता से कार्रवाई कर रही सभी आरोपितों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह किसी दूसरे गांव से आकर अपने परिवार के साथ बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के थाना अंतर्गत एक गांव में रह रहे हैं। महिला की शिकायत में आरोप है कि उसके पड़ोसी उसे गंदगी नजर से देखने के साथ गली में आते जाते छेड़छाड़ करते हैं इस बात को लेकर जब उसका बेटा विरोध करता है तो वे उसके साथ भी मारपीट कर देते हैं। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि 15 अप्रैल को आरोपित विनोद ने उसे घर में अकेला समझकर गुस्सा आया और अश्लील हरकत करने लगा जब उसने शोर मचाया तो उसका बेटा मोहित आ गया। बेटे मोहित ने विरोध किया तो आरोपी विनोद, सुरेंद्र, प्रीतम व गौतम ने अपने साथियों के साथ मिलकर बेटे मोहित पर हमला कर दिया पति व बेटे को जान से मारने की धमकी दी है।

# राकेश सपड़ा को मिला शिक्षा रत्न अवॉर्ड

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
एंटी क्रप्शन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए राकेश सपड़ा को करनाल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा रत्न अवॉर्ड मिला। राकेश सपड़ा ने बताया कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में पं. दीन दयाल उपाध्याय के भतीजे डा. विनोद शुक्ला, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति मंच तथा विख्यात कॉमेडियन प्रताप सिंह फौजदार ने उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया। राकेश सपड़ा ने बताया कि इससे पूर्व भी उन्हें प्रशासन द्वारा जिला एवं खंड स्तर





पर सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त अनेक समाजसेवी संस्थाओं रोटरी क्लब, लांयस क्लब रिवर, अवंतिका पुरस्कार, सरला चोपड़ा मैमोरियल अवॉर्ड दिल्ली, राजीव गांधी मैमोरियल अवॉर्ड द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। राकेश सपड़ा को अवॉर्ड मिलने पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव कृष्ण, विधायक रामकरण, जिला शिक्षा अधिकारी बलजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट, खंड शिक्षा अधिकारी डा. एस.एस.आहुजा, न.पा. प्रधान गुलशन कवातरा, पूर्व न.पा. प्रधान हरीश कवातरा, पूर्व न.पा. प्रधान बलदेवराज चावला, पूर्व न.पा. प्रधान डा. सुरेंद्र शर्मा, जजपा किसान सैल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सूबे सिंह त्यौड़ी, जजपा शहरी प्रधान एवं पार्षद डा. प्रवीण शर्मा, उद्योगपति संदीप गर्ग, उद्योगपति उमेश गर्ग, पूर्व पार्षद ललित भार्गव ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जमीनी विवाद के चलते पिता पुत्रों ने एक व्यक्ति को डंडों से पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
बली कुतुबपुर में जमीनी विवाद के चलते पिता पुत्रों ने मिलकर खेतों में काम कर रहे एक व्यक्ति को डंडों व लात घूसों से बुरी तरह पिटाई कर दी। पीड़ित को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज खानपुर भर्ती करवाया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। बली कुतुबपुर निवासी जयभगवान खूबड़ू झाल पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि मनजीत के परिवार के साथ उनका अदालत में केश चल रहा है उसी रंजिश के चलते 15 अप्रैल को वो अपने खेत मे काम कर रहाथा तभी मनजीत वहां पहुंचा और उसके साथ गाली गलौच करने लगा और वहां पड़े डंडे से उसको मारा। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इसी बीच मनजीत ने अपने पिता गुलाब,सुभाष व ओमबीर को भी बुला लिया फिर सभी ने उसको डंडों व लात घूसों से खूब पीटा।
उन्होंने बताया कि उसको चोटे लगी देख सभी उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहतमामला दर्ज कर जांच शरू कर दी है।

# तिरंगे के अपमान को लेकर युवाओं ने किया प्रदर्शन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में निर्मल कुटिया काउंटर के सिख सेवादार द्वारा तिरंगा फाडने की घटना ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को बड़ी संख्या में युवा कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में एकत्रित हुए और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कॉलेज के डायरेक्टर को भी पत्र लिखा गया है और डीसी आफिस में जाकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज में भारी पुलिस बल तैनात रहा। गौरतलब है कि रविवार को मेडिकल कॉलेज में सिख सेवादार ने तिरंगा फाड़ दिया था। कॉलेज में निर्मल कुटिया की तरफ से एक केबिन बनाया गया है। इसमें 2



सेवादार बैठते हैं। इसी केबिन के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगा हुआ था, लेकिन सिख युवक को केबिन पर लगा तिरंगा बर्दाश्त नहीं हुआ और सिख युवक ने तुरंत झंडे को केबिन से उतारा और फाड़ के जमीन पर फेंक दिया। आसपास के लोग इस घटना को देख सन्न रह गए थे।
अस्पताल के अंदर जो केबिन बना हुआ है, वह लंगर सेवा के लिए बनाया हुआ है, जिसके माध्यम से अस्पताल में आने वाले मरीजों को निर्मल कुटिया की तरफ से लंगर का प्रसाद दिया जाता है। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। सोमवार को बड़ी संख्या में युवा इसके विरोध में इकट्ठे हुए। उन्होंने कहा कि वह मरीजों के सेवा के लिए बनाए गए केबिन के विरोध में नहीं है। वह उस युवक के खिलाफ हैं, जिसने वहां लगा तिरंगे झंडे का अपमान किया। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होने चाहिए। तिरंगे का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# संदिग्ध हालात में नाबालिग लापता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
करनाल में संदिग्ध हालात में एक 14 साल की नाबालिग लडकी घर से लापता हो गई। पीडित परिवार ने अज्ञात पर नाबालिग के अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडित परिवार की महिला ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करती है। रोजाना की तरह वह 15 अप्रैल को सुबह अपने काम पर चली गई थी। उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। जब वह शाम को जब घर आई। तब घर पर ताला लगा हुआ था। उसने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि 15-20 मिनट पहले उसकी बेटी ताला लगाकर गई है।

# सृष्टि व सर्वजन के लिए कल्याणकारी है भगवान परशुराम: डॉ पंकज जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। सामाजिक** व धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से समाज में आपसी एकता, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। यह बात भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने समस्त ब्रह्म समाज सेवा समिति द्वारा सेक्टर 2 में आयोजित किए गए भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह एवं भंडारा कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कही। धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता डॉ पंकज जैन का समिति के सदस्यों ने पटका पहनाकर स्वागत किया तथा भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करने के उपरांत कहा कि



महाभारत और विष्णु पुराण के अनुसार भगवान परशुराम जी का मूल नाम राम था किंतु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया। डॉ पंकज जैन ने कहा कि भगवान परशुराम सृष्टि व सर्वजन के लिए कल्याणकारी है।

# जन संवाद पोर्टल पर कारगर साबित हो रहा

## सीएम को दिया गया कोई भी कागज अब जाया नहीं होगा: अधिकारियों की तय हुई जवाबदेही, आमजन मानस की दुख तकलीफ दूर करने के प्रति मुख्यमंत्री बेहद गंभीर, सीएम विंडो से जनसंवाद तक का सफर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आमजन मानस की दुख तकलीफें दूर करने के लिए सीधे उनतक शिकायत पहुंचाने के लिए 25 दिसंबर, 2014 को सुशासन दिवस पर आरंभ की गई सीएम विंडो के प्रति लोगों का रूझान काफी बढ़ा था और पिछले साढ़े 8 वर्षों में लगभग 13 लाख शिकायतें सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाई हैं। इनमें से अधिकांश का समाधान निर्धारित समयावधि में हुआ है। सीएम विंडो के लिए सभी जिला लघु सचिवालयों, उप मंडल कार्यालयों तथा मंत्रियों के कैंप ऑफिस व कार्यालयों में शिकायत लेने के लिए काउंटर खोले गए थे, जो काफी कारगर सिद्ध हुए। सीएम विंडो के माध्यम से ऐसी-ऐसी सार्वजनिक शिकायतों व समस्याओं का समाधान हुआ जिनके बारे लोगों ने सोचना ही बंद कर दिया था। इस कड़ी में मुख्यमंत्री ने आम जनमानस की दुख तकलीफ को और नजदीक से समझने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत की है। भिवानी तथा पलवल जिलों के लगभग दो दर्जन गाँवों के लोगों



के बीच बैठकर बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि सीएम विंडो पर शिकायतें देने के बावजूद भी उनके कागज नहीं मिल रहे हैं तो मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो प्रणाली में ही जनसंवाद मॉड्यूल विकसित किया जाए जिसकी विधिवत शुरूआत मुख्यमंत्री ने अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर से की। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने यह ठान लिया है कि जनता का कोई भी कागज अब जाया नहीं जाएगा। इसके लिए अलग से अधिकारियों की टीम गठित की है जो मुख्यमंत्री के नाम दिए गए हर कागज की स्कैनिंग कर उसका डिजिटल रिकॉर्ड रखेगी। मुख्यमंत्री स्वयं अपने डैशबोर्ड पर इसकी नियमित निगरानी कर रहे हैं। जनसंवाद पोर्टल के लिए कॉल सेंटर खोला गया है जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता के पास उसके मोबाइल पर एसएमएस जाएगा और मोबाइल पर ही शिकायत के समाधान की जानकारी दी जाएगी। यह सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग की मुख्यमंत्री की एक नई पहल है कि आईटी के आज के युग में हर कोई इस प्रणाली में पारंगत हो।

**सीएम विंडो से जनसंवाद तक का सफर रहा सफल:** पिछले 8 वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से प्रदेश की राजनीति की परिभाषा बदलने के लिए आरंभ किया गया। मुख्यमंत्री सीएम विंडो से जनसंवाद तक का सफर बेहद सफल रहा है। एक ओर जहाँ सीएम विंडो पर 10 लाख से अधिक लोगों ने सीधे मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाई है वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री का आरंभ किया गया जनसंवाद कार्यक्रम भी लोगों को खूब रास आ रहा है। हाल ही में चुने गए पंचायती राज संस्थानों के जन प्रतिनिधियों में भी मुख्यमंत्री के पास मुड्ढे व खाट पर बैठने की होड़ देखने को मिली। भिवानी व पलवल जिलों के लगभग दो दर्जन से अधिक बड़े गाँवों का दौरा कर मुख्यमंत्री लोगों से रूबरू हुए और ग्रामीण विकास की कई नई पहलों की शुरूआत की। आने वाले समय में मुख्यमंत्री का जनसंवाद कार्यक्रम धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की 40 कोस की परिधि में पड़ने वाले जिलों में है।

### मुख्यमंत्री ने गीता सार को सत्ता की धुरी माना

**ग्रामीण** क्षेत्रों में जनसंवाद करने की कवायद मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा से प्रेरित होकर की है। मुख्यमंत्री ने गीता सार को सत्ता की धुरी माना है। महाभारत युद्ध में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए कर्म के सिद्धांत निस्वार्थ कर्म करो फल की चिंता मत करो। समय आने पर तुम्हे उसका परिणाम जरूर मिलेगा अर्थात "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥" को अपने राजनीतिक करियर का आधार माना है और पिछले 8 वर्षों में गीता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलवाई है।

# विधायक गोपाल कांडा को सीएम मनोहर लाल का फ्री हैंड

## 6 महीने में सिरसा की सूरत बदलने का किया वादा, जल्द सीएम करेंगे दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** लोकहित पार्टी (हलोपा) सुप्रीमो और विधायक गोपाल कांडा पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूरी तरह से मेहरबान दिख रहे हैं। सीएम ने उन्हें सिरसा के विकास कार्यों के लिए फ्री हैंड दे दिया है। चंडीगढ़ में दोनों के बीच हुई मुलाकात के दौरान सीएम ने कांडा को आश्वासन दिया कि वह 6 महीने में सिरसा की सूरत बदल देंगे। कांडा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को सिरसा आने का न्योता दिया है, जल्द ही सीएम क्षेत्र का दौरा करने आएंगे।

**मुलाकात के आएंगे अच्छे परिणाम:** गोपाल कांडा ने बताया कि उनकी सिरसा के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा हुई है। सिरसा के कुछ पेंडिंग विकास कार्य चल रहे थे जिनको पूरा कराने के लिए सीएम से मुलाकात की। इसके साथ ही जिले की नहरों, सड़कों, स्टॉर्म वाटर को लेकर हुई मुख्यमंत्री से विस्तृत बातचीत हुई है। मुख्यमंत्री ने सभी पेंडिंग



**8 दोनों के बीच हुई मुलाकात के दौरान सीएम ने कांडा को आश्वासन दिया कि वह 6 महीने में सिरसा की सूरत बदल देंगे**

कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को पूरा करने निर्देश दिए हैं।

**मुख्यमंत्री का जल्द होगा सिरसा दौरा:** गोपाल कांडा ने बताया कि मुख्यमंत्री की तरफ से तमाम अधिकारियों को दिए गए जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सिरसा के काफी विकास कार्यों के लिए बजट आ चुका है, टेंडर लग रहे हैं। मुख्यमंत्री का शीघ्र ही सिरसा में एक भव्य कार्यक्रम कराया जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से अन्य परियोजनाओं में तेजी आएगी।

**सीएम के साथ पहुंचे पीजीआई:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल और विधायक व पूर्व गृह राज्य मंत्री गोपाल कांडा ने सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रतन लाल कटारिया की कुशलक्षेम जानने के लिए चंडीगढ़ पीजीआई पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने सांसद के शीघ्र स्वस्थ होने को लेकर प्रार्थना की। पिछले कुछ दिनों से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कटारिया निमोनिया से पीड़ित हैं।

# हरियाणा में एसीबी के डीआईजी नैन की जिम्मेदारी बढ़ी

**8 हरियाणा सरकार की ओर से नैन को सीएम के स्पेशल ऑफिसर्स में शामिल किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** में 13 आईएएस के ट्रांसफर के बाद अब हरियाणा के 2007 बैच के आईपीएस पंकज नैन की सरकार ने जिम्मेदारी बढ़ा दी है। हरियाणा सरकार की ओर से नैन को सीएम के स्पेशल ऑफिसर्स में शामिल किया है। अब वह अपनी वर्तमान जिम्मेदारी एसीबी एंटी करप्शन ब्यूरो के साथ कमयुनिटी पुलिसिंग एंड आउटरीच का काम देखेंगे।

**पीएम के फिटनेस चैलेंज में नैन**



**हो चुके शामिल:** हरियाणा के आईपीएस अफसर पंकज नैन फिटनेस के काफी शौकीन हैं। जब वह झज्जर के एसपी थे तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर फिटनेस चैलेंज की मुहिम चलाई थी। इस दौरान नैन ने अपने वर्कआउट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इस वीडियो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिट्वीट कर उन्हें बधाई भी दी थी। पंकज नैन को खेल विभाग का निदेशक बनाए जाने पर IAS लॉबी ने काफी विरोध किया था।

# 'सैन महाराज ने जाति व धर्म से ऊपर उठकर दिया मानवता का संदेश'

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

संत शिरोमणि सैन जी महाराज ने जाति व धर्म से ऊपर उठकर कार्य किए और सच्ची मानवता का संदेश दिया। जीवन में सभी दायित्वों का निर्वहन करते हुए धार्मिक कर्तव्यों का आजीवन पालन किया। सैन शिरोमणि सेवा, प्रेम, भक्ति व मधुर व्यवहार को संतों का प्रमुख लक्षण मानते थे। समाज में फैली कुप्रथाओं की आलोचना करते और उन्हें दोष पूर्ण बताकर समाज सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करते थे। बिजली मंत्री सोमवार को सैन सभा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संत शिरोमणि सैन जी महाराज की 723वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय सैन मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे।

# मुख्य सचिव ने की भूमि खरीद के संबंध में बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल** की अध्यक्षता में आज यहां ई-भूमि पोर्टल के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिए जमीन खरीद हेतु सचिवों की समिति की बैठक हुई, जिसमें अंबाला में 5 एलएलपीडी का ऑटोमेटेड डेयरी प्लांट स्थापित करने के लिए लगभग 20 एकड़ भूमि तथा जींद शहर के लिए नहर आधारित जल आपूर्ति योजना के लिए करीब 20 एकड़ भूमि की खरीद हेतु अंतिम मंजूरी के लिए इन दोनों प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में गठित हाई पावर्ड लैंड परचेज कमेटी को भेजने की सिफारिश की गई। आज की बैठक में कुल 8 प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन खरीद के संबंध में चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के



माध्यम से जुड़े संबंधित जिला उपायुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि अन्य परियोजनाओं के लिए आगामी बैठक से पूर्व भू-मालिकों से उनकी सहमति से भूमि खरीदने के संबंध में बातचीत की जाए। बैठक में बताया गया कि शहीद हसन खान मेवाती सरकारी मेडिकल कॉलेज कैंपस के विस्तार के लिए लगभग 20 एकड़ भूमि की आवश्यकता है और भू मालिकों द्वारा ई भूमि पोर्टल पर आवश्यकता से अधिक भूमि देने की सहमति व्यक्त की है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रोजेक्ट के लिए भू मालिकों से बातचीत कर दरों को तर्कसंगत बनाया जाए। सिरसा में रानिया शहर में नहर आधारित जल आपूर्ति के लिए लगभग 45 एकड़ भूमि की आवश्यकता है और इसके लिए पर्याप्त भूमि पोर्टल पर उपलब्ध है, परंतु भू मालिकों द्वारा मांगी गई दरें

**8 सिरसा जिले में धिंगतानिया खरीफ चैनल के निर्माण से संबंधित परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई**

कलेक्टर रेट से अधिक हैं। इस पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए अन्य वैकल्पिक साइट चिन्हित की जाए। इसके अलावा, बैठक में हिसार में महाग्राम योजना के तहत बास टाउन में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, यमुनानगर जिले में सरस्वती क्रीक नदी का पुनरुद्धार, हिसार जिले में ओपी जिंदल नलवा डिस्ट्रीब्यूटरी का विस्तार और सिरसा जिले में धिंगतानिया खरीफ चैनल के निर्माण से संबंधित परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# 'सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष अभियान'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि यातायात नियमों की उलंघना को रोका जा सके और यातायात नियमों की पालना करवाई जा सके। इसी कड़ी में प्रदेश में 7 अप्रैल से 14 अप्रैल, 2023 तक विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर कुल 5867 चालान किए गए है, जिसमें 2803 लेन ड्राइविंग और 3064 गलत साइड ड्राइविंग के चालान शामिल है। विज ने बताया कि लेन ड्राइविंग और गलत साइड ड्राइविंग के अम्बाला में 731, कैथल में 313, सिरसा में 112, कुरूक्षेत्र में 248, मेवात में 184, रोहतक में 421, करनाल में 81, हिसार में 77, यमुनानगर में 124, पानीपत में 97, झज्जर में 268, नारनोल में 323, सोनीपत में 110, फरीदाबाद में 1320, भिवानी में 256, पंचकूला में 151, चरखी दादरी में 260, गुरूग्राम में 247,



रेवाड़ी में 183, जींद में 148, हांसी में 22, फतेहाबाद में 80 और पलवल में 111 चालान किए गए है। विज ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमो के उल्लंघन से न सिर्फ व्यक्ति अपने जीवन को खतरे में डालते है अपितु दूसरे नागरिको की जान को भी खतरा रहता है और इससे दूसरे लोगो के लिए भी मुश्किलें उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमो के उलंघन से सड़क दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है और ट्रैफिक जाम होने से अन्य दिक्कतें पैदा होती है। इसलिए सभी नागरिकों को ट्रैफिक नियमो का पालन अवश्य करना चाहिए ताकि हम एक सभ्य समाज की स्थापना में अपना योगदान यातायात नियमों का पालन करके दे सकें।

**पिछले दो विशेष अभियानों में किए जा चुके कुल 10,251 चालान:** विज ने बताया कि प्रदेश में 5 जनवरी से 15 जनवरी, 2023 तक भी विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर लेन ड्राइविंग और गलत साइड ड्राइविंग के कुल 5230 चालान और 20 फरवरी से 27 फरवरी, 2023 तक कुल 5021 चालान भी किए गए थे।

# हरियाणा में दवा दुकानों पर छापे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार औषधि एवं प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा एक मुहिम चलाई गयी। इस मुहिम में अल-सुबह अधिकारियों ने प्रदेश भर में 50 से अधिक दुकानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि लगातार उन्हें शिकायतें मिल रही थी कि दवा दुकानदार रात को दुकान बन्द करते समय मेन स्विच बन्द कर देते हैं, जिससे वहां पर ठन्डे तापमान में भण्डारण हेतु रखे रेफ्रीजरेटर भी बन्द हो जाते हैं और ऐसा करने से ठन्डे तापमान में रखी जाने वाली दवाओं जैसे कि एंटी-रेबीज वैक्सीन, इन्सुलिन, टेटनस इत्यादि की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। विज ने कहा कि यदि ऐसी दवाएँ 72 घन्टे, तयशुदा ठन्डे तापमान से अधिक तापमान पर रखी जायें तो इनकी क्षमता समाप्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस मुहिम के अन्तर्गत अब तक फरीदाबाद में 12, झज्जर में 05, गुरुग्राम में 11, करनाल में 10, कुरुक्षेत्र में 10, सोनीपत में 01, पानीपत में 01 एवं अम्बाला में 11 दुकानों पर चेकिंग की गई है। इनमें से फरीदाबाद में 02 दुकानों झ भारत मेडिकल स्टोर एमसीएफ -184, मेन मार्किट, मुजेसर, फरीदाबाद एवं बालाजी मेडिकल स्टोर, दुकान नंबर 752, मेन मार्किट, सेक्टर 24, फरीदाबाद में रेफ्रीजरेटर बन्द मिले, इन दोनों दुकानों को मौके पर सील कर दिया गया। इसके अलावा, गुरुग्राम में अनिश मेडिकल स्टोर, अशोक विहार, मेन पालम विहार रोड, गुरुग्राम को भी रेफ्रिजरेटर बंद मिलने के कारण सील कर दिया गया। इसी प्रकार, सोनीपत में एक दुकान में रेफ्रिजरेटर बन्द मिला जिसे भी सील किया गया है। विज ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वो ठन्डे तापमान वाली दवाओं का भण्डारण उचित तरीके से रेफ्रीजरेटर में ही करें तथा थोक विक्रेता भी इस प्रकार की दवाओं का रिटेलर्स को वितरण नियमानुसार कोल्ड-चेन में ही करें अन्यथा उल्लंघना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी-से-कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# हिसार जाट कॉलेज का गेट बंद कर विद्यार्थियों का हंगामा

## 1 हजार का नाम काटने से भड़के स्टूडेंट्स; पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**हरियाणा** के हिसार के जाट कॉलेज में छात्र-छात्राओं का नाम कटने और महिला गेस्ट टीचर से बदसलूकी करने पर स्टूडेंट्स ने हंगामा कर दिया। इस दौरान स्टूडेंट्स कॉलेज के अंदर मेन गेट को बंद कर धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ विद्यार्थियों की बहस हो गई। स्टूडेंट्स ने गेट खोलने से मना किया तो पुलिस ने लाठी चार्ज कर धरना समाप्त कराया गया। इस दौरान पुलिस ने कुछ विद्यार्थियों को पकड़ लिया। मामला शांत होने के बाद पकड़े हुए विद्यार्थियों को बाद में पुलिस ने छोड़ दिया।

**बिना नोटिस दिए काट दिए विद्यार्थियों के नाम:** मिली जानकारी के अनुसार छात्र-छात्राओं का कॉलेज से नाम काटे जाने के विरोध में जाट शिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों को ज्ञापन देने के लिए स्टूडेंट्स इकट्ठा हुए थे। छात्रों के अनुसार करीब 1025 हजार विद्यार्थियों की हाजिरी कम होने का हवाला देते



हुए नाम काट दिए गए हैं। छात्रों का आरोप है कि बिना नोटिस दिए ही विद्यार्थियों के नाम काट दिए हैं।

**प्रिंसिपल पर टीचर और छात्रों से दुर्व्यवहार का आरोप:** वहीं, छात्रों ने बताया कि कॉलेज की प्रिंसिपल द्वारा टीचर व छात्रों के प्रति लगातार दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

जिस कारण से छात्रों में काफी रोष है। प्रिंसिपल द्वारा दुर्व्यवहार व कॉलेज से करीब 1025 हजार विद्यार्थियों के नाम काटे जाने को लेकर कइड, खरड व अन्य सामाजिक संगठन मिलकर जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान को ज्ञापन देने के लिए आए थे, लेकिन हंगामा होने पर छात्र-छात्राएं पदाधिकारियों को ज्ञापन नही दे पाए।

**2 घंटे तक चला हंगामा:** जाट कॉलेज में करीब 2-3 घंटों तक छात्र हुड़दंगबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस ने छात्रों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन विद्यार्थियों ने जमकर हंगामा किया। कॉलेज के बिगड़ते हालातों को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। इस दौरान छात्रों पर लाठी चार्ज कर मामले शांत कराया गया।

# शिकायत के मात्र 48 घंटों में हुआ समाधान

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

**भिवानी में** व्यापारियों द्वारा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ भिवानी को लिखित में सीवरेज जाम की समस्या से अवगत करवाने के बाद मात्र 48 घंटे में समस्या का समाधान हुआ। जिसके बाद व्यापारियों ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक अग्रवाल तौला का आभार जताया है। दीपक अग्रवाल तौला व सह संयोजक मामनचंद अग्रवाल ने बताया कि स्थानीय लोहड़ बाजार स्थित 11 हट्टा चक्र वाली गली के पास सीवरेज जाम होने के कारण यहां पर हमेशा गंदगी व दुर्गंध का आलम बना रहता था। यही नहीं राहगीरों का आना-जाना तक मुहाल हो गया था। जिससे ना केवल व्यापारी, बल्कि राहगीर भी खासे परेशान थे तथा व्यापारियों के व्यापार पर भी इसका असर पड़ रहा था। जिसके बाद यहां के व्यापारियों ने शनिवार को लिखित में इस समस्या से अवगत करवाया था। तौला ने बताया कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) को अवगत करवाया तथा विभाग द्वारा सोमवार को सुपर सकर मशीन द्वारा जाम सीवरेज की समस्या का समाधान किया गया।

# चार परिषदों व 22 नगरपालिकाओं के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा राज्य** निर्वाचन आयोग ने चार नगर परिषदों और 22 नगर पालिकाओं के होने वाले चुनाव के मद्देनजर आज जारी प्रारूप मतदाता सूचियों में दावे व आपत्तियां 21 अप्रैल तक दर्ज किए जा सकते हैं। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि नगर परिषद अम्बाला सदर, सिरसा, थानेसर और नगर पालिका बराड़ा, बवानी खेड़ा, सिवानी, लोहारू, जाखलमण्डी, फर्रुखनगर, नारनौंद, आदमपुर, बेरी, जुलाना, सीवन, पुण्डरी, कलायत, नीलोखेड़ी, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानौर, खरखौदा और रादौर के आम चुनाव तथा नगर परिषद नारनौल के वार्ड 16 के उप-



केवल उन्हीं व्यक्तियों के नाम नगर परिषद, नगर पालिकाओं की मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे, जिनके नाम विधान सभा की मतदाता सूची में दर्ज हो।

धनपत सिंह, राज्य निर्वाचन आयुक्त, हरियाणा

चुनाव व नगरपालिका राजौंद के वार्ड 5 के उप-चुनाव के लिए सम्बन्धित उपायुक्तों द्वारा प्रारूप मतदाता सूचियां प्रकाशित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची संबंधित नगर निकायों के कार्यालय, पुनरीक्षण अधिकारी के कार्यालय, नगर निकाय के क्षेत्र में स्थापित किये जाने वाले मतदाता सूचना और संग्रह केंद्र तथा जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। यदि किसी मतदाता का नाम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई विधानसभा की मतदाता सूची जो अंतिम रूप से 05 जनवरी, 2023 को प्रकाशित की गई थी, उसमें दर्ज है, परन्तु उसका नाम सम्बन्धित नगर परिषद या नगरपालिका की मतदाता सूची में दर्ज होने से रह गया है, ऐसे मतदाता सम्बन्धित नगरपरिषद नगरपालिका की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने अथवा नाम कटवाने या नाम में शुद्धि हेतु निर्धारित आवेदन पत्र फार्म-क व ख में हरियाणा नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1978 के नियम-4 के अन्तर्गत सम्बन्धित पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष अपने दावे व आपत्तियां 21 अप्रैल तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी मतदाताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि हरियाणा नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1978 के नियम-4 के अनुसार केवल उन्हीं व्यक्तियों के नाम सम्बन्धित गरपरिषद/ नगरपालिकाओं की मतदाता सूची में शामिल किये जा सकते हैं, जिनके नाम सम्बन्धित विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज हो। पहले उसे अपना नाम सम्बन्धित विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज करवाना होगा। उसके बाद ही वह व्यक्ति अपना नाम सम्बन्धित नगर परिषद् नगरपालिका की मतदाता सूची दर्ज करवाने हेतु आवेदन कर सकता है।

# शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए 42 उत्कृष्ट शिक्षक

### एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भव्य आयोजन, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर शिक्षा रत्न अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन करनाल क्लब में किया गया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर शिक्षा रत्न अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन करनाल क्लब में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के भतीजे डॉ. विनोद शुक्ला, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच, सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट विख्यात स्टैंडअप कॉमेडियन प्रताप सिंह फौजदार, अति विशिष्ट अतिथि एसीएफआई के अंतर्राष्ट्रीय मुख्य निदेशक रणजोध सिंह, राष्ट्रीय चेयरमैन विजय गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय निदेशक सन्नी बब्बर, प्रदेश चेयरमैन युपी गौरव गाबा, राष्ट्रीय निदेशक गगनदीप मल्होत्रा, लीगल एडवाइजर बिक्रम चौधरी एवं शिक्षाविद डॉ. राधेश्याम शर्मा आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र



अरोड़ा ने की। इस अवसर पर प्रताप फौजदार ने अपनी कॉमेडी से सबको हँसाकर लोट-पोट किया। डॉ. विनोद शुक्ला ने कहा कि शिक्षक समाज का आइना होते हैं। इस विशेष अवसर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों में डॉ. रामजी लाल, डॉ रेखा शर्मा, डॉ रमेश मदान, डॉ एस यादव, डॉ विनय कुमार मल्होत्रा, डॉ सीमा शर्मा, डॉ विजय कुमार, डॉ वेदवती, राकेश सपड़ा, डॉ शमीर्ला कुमारी, शुभम सिधर, डॉ निधि वत्स, दिनेश कुमार, डॉ अनिल दलाल, रमा गाँधी, अरुण अत्री, रीति तनेजा, शीनू गोयल, नम्रता अत्री, मुकेश कुमार, मेघना गिल,

**8 शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।**

ममता रानी, डॉ दीपा शर्मा, डॉ किरण मदान, निधि गुलाटी, ममता रानी, वीके बंसल, मंजू रहेजा, निर्मला देवी, प्रतिभा बंसल, ज्योति राणा, गुंजन भटनागर, सविता कपूर, डॉ तपन बहल, डॉ हर्ष सेठी, पूनम, दीपा खन्ना, तनूजा सचदेवा, उपमा राजपाल, डॉ कंचन चौधरी एंव हरदीप सिंह शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन शर्मा, कृष्णा गुप्ता, अजीत रही, हरीश चंद्र शर्मा, सोहन राणा, नरेश अरोड़ा, साहिल गर्ग, शशि भास्कर, कप्तान सिंह, प्रीति शर्मा, संगीता मेहता, राजेश खन्ना, पूजा, सोनी संधू, पूनम पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट व उनकी सहयोगी टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों का अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से चुराई गई तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस नाईट डोमिनेशन के दौरान आरोपी अमन पुत्र रमेश वासी गांव बुड्ढाखेड़ा जिला कैथल हाल गांव संगोही जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित बुड्ढाखेडा करनाल से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी द्वारा थाना सेक्टर 32-33 व थाना इन्द्री के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की दो वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। जिस पर आरोपी के कब्जे दो और मोटरसाईकिलें बरामद की गई। इस प्रकार आरोपी के कब्जे से कुल तीन मोटरसाईकिल बरामद की गई। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह नशा करने का आदी है और नशा पूर्ति व रुपए कमाने के लिए मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी एक आदतन अपराधी है और आरोपी के खिलाफ भी पहले भी मोटरसाइकिल चोरी करने के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### 2 साल बाद अंबाला नगर निगम ने बनाई 5 एडहॉक कमेटियां

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नगर निगम अंबाला की 9 एडहॉक कमेटियों के लिए पिछले 2 साल से चुनाव पेंडिंग था। जिसको लेकर आज चुनाव होना था लेकिन चुनाव में हरियाणा जन चेतना पार्टी व भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने आपसी सहमति से 5 कमेटियों के सदस्य व चेयरमैन और वाईस चेयरमैन चुन लिए। इसके इलावा बची 4 कमेटियों के लिए अगली बैठक में फैसला लेने की बात कही गई। क्योंकि बाकि बची 4 कमेटियों के लिए नॉमिनेशन पूरे नही थे। जिसके चलते उनके चुनाव टालने पड़े।

आज एडहॉक कमेटियों बनी सर्वसम्मति में भाजपा के 4 चेयरमैन बने और एक फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी के लिए मेयर शक्ति रानी शर्मा को चेयरमैन चुना गया। इन कमेटियों में हजपा के 4 वाईस चेयरमैन बने और एक कांग्रेस पार्षदा भाजपा के समर्थन से चेयरमैन बनी। इस दौरान मेयर शक्ति रानी शर्मा ने सभी को बधाई दी और अंबाला के विकास के लिए काम करने की बात कही।

गौरतलब है कि एडहॉक कमेटियो के बनने से अब क्षेत्र में विकास ओर अधिक तेजी से होगा । साथ ही यह कमेटियां विभिन्न विकास कार्यों को भी देखेगी तथा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के साथ साथ जहां पर विकास कार्यों की और अधिक जरूरत है उनका भी ध्यान रखेंगे। माना जा रहा है कि अब अंबाला शहर में विकास को ओर अधिक गति प्रदान होगी। आज सुबह लगभग 10 बजे नगर निगम की उक्त बैठक शुरू हुई। इस दौरान मेहर सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

## घर में घुसकर सोने के जेवरात चुराने वाला काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना सदर की टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसने अपने की पड़ोस के एक घर से सोने के जेवरात चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

इस संबंध में थाना सदर की टीम द्वारा आरोपी राकेश पुत्र सोमदत्त वासी गांव धौलगढ़ जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर धौलगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा नशा पूर्ति के लिए चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। इसके बाद आरोपी के कब्जे से चुराई गई एक सोने की अंगूठी व एक सोने का टिक्का बरामद किया गया।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता रजनी वासी धौलगढ़ जिला करनाल ने 11 अप्रैल को थाना सदर में एक शिकायत देते हुए बताया कि 7 अप्रैल को वह व उसका परिवार गेंहू की कटाई करने के लिए खेत में गए हुए थे और घर पर केवल उसकी सास मौजूद थी।

## योग ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया योग गुरु** दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत लगने वाली योग कक्षाओं में बड़ी संख्या में साधक योगाभ्यास कर रहे हैं, जिनमें बच्चे, बूढ़े और जवान सभी शामिल हैं। उन्होंने योग कक्षा फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में योगाभ्यास के लाभ बताते हुए कहा कि योग ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है और उनका लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य उत्तम रहे और वह अन्य लोगों को भी स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करें। योग का उद्देश्य ही है, जीवन का सर्वांगीण विकास। योग मानव को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक विकास की ओर ले



जाता है। दिनेश गुलाटी का कहना है कि योग को दिनचर्या में अवश्य शामिल करें। योगिक स्वस्थ जीवन जीने की कला है जिसको अपनाने से हम जीवन भर निरोगी रह सकते हैं। कक्षा में सभी साधकों ने जोश के साथ योग और प्राणायाम का अभ्यास किया। उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम, आसन, चक्की चालन, मधानी आसन आदि का अभ्यास करवाया और कहा कि इससे शरीर का वजन कम होता है और साथ

**8 सूक्ष्म व्यायाम, आसन, चक्की चालन, मधानी आसन आदि का अभ्यास करवाया**

ही पेट पर भी पूरा प्रभाव पड़ता है और शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है।

कक्षा में योग साधकों में रामा चटानी, बब्बल नरवाल, परवीन, कुलदीप, मीनू सुखीजा, विशाखा, शैलजा, रिंकी, पूजा, निर्मला, वीना गेरा, बबीता, नीलम शर्मा, रजनी, शिखा, सिया, दीपिका, रुचि, श्वेता, शिखा, सुरिंदर भूटानी, राहुल गेरा, अनुज जैन, परवीन, विकास, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

## जिला पुलिस का ऑपरेशन स्माईल, पुलिस टीम ने 7 बच्चों को किया रेस्क्यू

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**पुलिस** प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध ब्यूरो के कुशल मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया की देखरेख मे जिला पुलिस का ऑप्रेशन स्माईल अभियान जारी है। 01 अप्रैल 2023 से राज्य भर में चलाये जा रहे ऑप्रेशन स्माईल के तहत जिला पुलिस की टीम ने कारवाई करते हुए ब्रह्म सरोवर एरिया में भीख मांग रहे 7 नाबालिगो को रेस्क्यू करने का



सराहनीय कार्य किया है। विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 17 अप्रैल 2023 को आप्रेशन स्माईल टीम के उप निरीक्षक जगमिन्द्र सिहं, उप निरीक्षक रणबीर सिहं, सहायक उप निरीक्षक बलकार सिंह, हवलदार कर्म सिंह, संदीप कुमार, रवि कुमार व महिला सिपाही नीलम व प्रीति की टीम ने कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर एरिया में भीख मांग रहे 7 नाबालिग बच्चो को रैस्क्यू किया है।

## 4 किलो 180 ग्राम चूरा पोस्त सहित पंजोखरा का सर्वजीत गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अंबाला पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम जारी है।

पुलिस ने पंक्चर लगाने वाले को 4 किलो 180 ग्राम चुरा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सर्वजीत सिंह पंजोखरा का रहने वाला है और मुजफ्फरनगर से चुरा पोस्त लाकर अंबाला में बेचने का काम करता था। पुलिस ने उससे 4 किलो 180 ग्राम चुरा पोस्त बरामद की है।

डीएसपी हेडक्वार्टर रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तस्कर सर्वजीत पंक्चर लगाने का काम करता है।

## 22 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है अवर ब्रिज: हरविंद्र



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा करीब 22 करोड़ रुपए की लागत से ट्राफिक जाम की स्थिति से निजात दिलाने तथा सडक दुर्घटनाओं पर नियत्रंण लगाने के उद्देश्य से लाखों लोगो की आस्था का केन्द्र पक्का पुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग न0 44 पर अवर ब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सोमवार को घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने अधिकारियों की टीम के साथ मौका निरीक्षण किया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन अवर ब्रिज का कार्य निर्धारित समय अवधि में तेज गति के साथ हर सम्भव पूरा किया जाए। अवर ब्रिज के निर्माण में प्रयोग की जानी सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस कार्य में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

विधायक हरविन्द्र कल्याण ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पक्का पुल के नाम से प्रसिद्ध यह धार्मिक स्थान लाखों लोगो की आस्था का केन्द्र हैं। और विशेषतौर पर वीरवार के दिन यहां पर हजारों की संख्या में श्रदालु माथा टेकने के लिए अपने ज्यादातर निजि वाहनों में आते है जिसके कारण यहां पर ट्राफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। जब इस विषय को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने तुरंत राष्ट्रीय राजमार्ग को चोड़ा करने तथा इसके उपरगामी पुल को बनवाने के लिए अपनी सहमति जताई और भारत सरकार से इस कार्य को पूरा करवाने के लिए आश्वास्त किया इसी का परिणाम है कि कई दशकों से लंबित इस इलाके के लोगो की मांग अब पूरी होने जा रही है।

## जेपी मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगा जागरूकता कैंप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला बा**ल संरक्षण इकाई के सौजन्य से सोमवार को जेपी मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल विकास कॉलोनी में एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जागरूकता कैंप में काउंसलर डॉ. पूनम शर्मा ने बच्चों को पोक्सो एक्ट की विस्तृत रूप से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है तो उसकी शिकायत कहां और कैसे करवा सकते हैं। इस अवसर पर पूनम श्योरायण द्वारा बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह, मोबाईल फोन



के दुष्प्रभाव, साइबर क्राईम तथा 1098 नंबर की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बच्चों को मोबाईल फोन से होने वाले दुष्प्रभाव जैसे

**8 जागरूकता कैंप में काउंसलर डॉ. पूनम शर्मा ने बच्चों को पोक्सो एक्ट की विस्तृत रूप से जानकारी दी**

आंखों पर असर पड़ना तथा मानसिक रूप से बच्चे पर प्रभाव पडन तथा मोबाइल पर होने वाले साइबर क्राईम के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि बच्चे आउटडोर गेम खेलकर मोबाईल फोन के इस्तेमाल की आदत से छुटकारा पा सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक संजय पठानिया तथा प्रधानाचार्य अंजू सेठी मौजूद रहे।

## छात्रों ने फूलों के मुस्कुराने की शानदार कला को प्रस्तुत किया




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। गुरु नानक** खालसा कॉलेज में फाइन आर्ट क्लब द्वारा रचनात्मक कला प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों ने फूलों के मुस्कुराने की शानदार कला को प्रस्तुत किया गया। बैसाखी पर्व को समर्पित इस कला में विद्यार्थियों ने फूलों के खिलने के साथ-साथ उनके हंसने की कला को भी प्रस्तुत किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरिंदर सिंह ने कहा कि इन फूलों के बाद ही मनुष्य को भी हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे होनहार विद्यार्थी नवनीत कौर, हरजीत कौर, मंतोष कुमार, महकप्रीत कौर व दीपजोत ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करते हुए फूलों का मुस्कुराता हुआ मॉडल बनाया। इसके लिए विद्यार्थियों के साथ साथ फाइन आर्ट क्लब के इंचार्ज डॉ. सोनिया वधावन, डॉ अमरजीत कौर, प्रो श्रुति गर्ग इत्यदि बधाई के पात्र हैं। सभी विद्यार्थियों को कालेज की तरफ से सम्मानित भी किया गया।

## वार्डों की समस्याओं को निश्चित अवधि में होगा समाधान: अभिषेक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीवर ब्लॉकेज, पेयजल समस्या और स्ट्रीट लाईट की खराबी जैसी समस्याओं का एक निश्चित अवधि में समाधान करने के लिए नगर निगम की ओर से एक अच्छी पहल की गई है। इसके लिए सभी 20 वार्डों में शिकायत केन्द्र खोले जा रहे हैं। शिकायतें प्राप्त करने और उन पर एक्शन लेने के लिए एक निजी एजेंसी को ठेका दिया गया है। शहर का कोई भी नागरिक शिकायत केन्द्र में जाकर अपनी शिकायत या समस्या को दर्ज करवा सकता है। ऐसी शिकायत एजेंसी के ठेकेदार को, नगर निगम के जे.ई., ए.ई. और एक्सईएन के मोबाईल नम्बर तथा व्हाट्सएप पर दी जा सकती है।

इसके अलावा निगम के टोल फ्री नम्बर-1800-180-2700 के जरिए भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। प्रत्येक शिकायत केन्द्र पर, सीवर, पेयजल व स्ट्रीट लाईट की शिकायत दर्ज करने के अलग-अलग बोर्ड होंगे, जिन पर सम्बंधित वार्ड के जे.ई., ए.ई. और एक्सईएन के मोबाईल



नम्बर दर्शाए जाएंगे। बोर्ड लगाने की शुरूआत वार्ड 19 से कर दी गई है, जल्द ही सभी वार्डों में स्थापित कर दिए जाएंगे। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने दी।

कैसे करें शिकायत- निगमायुक्त ने बताया कि किसी भी वार्ड में उपरोक्त समस्याओं को लेकर कोई भी व्यक्ति शिकायत केन्द्र में अपनी शिकायत दर्ज करवाएगा। यह काम शिकायत केन्द्र में बैठे एजेंसी के 2 कर्मचारी करेंगे, जो शिकायत प्राप्त करने के बाद रजिस्टर में उसका इंद्राज करेंगे, 4 सुपरवाईजर भी ड्यूटी पर रहेंगे, जो मौके पर जाकर समस्या को देखेंगे और उसका समाधान करवाएंगे। रविवार को छोडकर अन्य सभी दिवसों में शिकायत, प्रातः 9 से सांय 5 बजे तक की जा सकती है।

किसकी क्या होगी जिम्मेदारी- उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम के कनिष्ठद अभियंता, सहायक अभियंता और कार्यकारी अभियंता की जिम्मेदारी रहेगी। कनिष्ठ अभियंता यानि जूनियर इंजीनियर अपने वार्ड के शिकायत केन्द्र में रजिस्टर और टोल फ्री नम्बर पर आई शिकायातों को एकत्र करेगा। प्रत्येक सीवर सफाई करने वाली मशीन, डीजल इंजन व जेनरेटर सेट पर जीपीएस सिस्टम लगा हो, सुनिश्चित करेगा। एजेंसी को डीजल आपूर्ति की स्लिप देगा, ताकि सभी मशीने बिना किसी दिक्कत के चलती रहें और सप्लाई किए गए डीजल की लॉगबुक भी मेंटेंन करेगा।

# कोरोना के संग जीना सीखने की जरूरत

## संपादकीय

### जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों की समस्या

**देश** की जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों की समस्या लंबे समय से जस की तस है। जेलों में बंद लगभग 78 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं। इन पर अपराध साबित नहीं हुआ है। न्यायालयों में इनके मामले लंबित हैं। कुछ ऐसे मामले भी हैं जिनमें आरोपितों का लंबा समय जेल में गुजर रहा है, केवल इसलिए कि उन्हें अभियोग पक्ष, जो आमतौर पर स्वयं राज्य होता है, उसकी याचिका पर जमानत नहीं मिलती। कई ऐसे मामले भी हैं जिनमें आरोपित अपने पक्ष में वकील करने में सक्षम नहीं होता है या वह अपनी जमानती रकम का इंतजाम नहीं कर पाते, परिणामस्वरूप वह जेल में ही विचाराधीन कैदी बना रहता है। अब सवाल यह उठता है कि ऐसे विचाराधीन कैदी जो लंबे समय से जेल में केवल कमजोर और लचर न्याय व्यवस्था के कारण बंद हैं, और अपराधी की तरह जीवन जीने का मजबूर हैं, इसकी जवाबदेही किसकी है? ऐसा तब है जब सुप्रीम कोर्ट समय-समय पर जेलों में बढ़ती कैदियों की संख्या पर चिंता जताता रहा है। अदालत ने यहां तक कहा है कि अंधाधुंध गिरफ्तारी से लेकर जमानत हासिल करने में आ रही मुश्किलों की वजह से विचाराधीन कैदियों को लंबे समय तक कैद में रखने की प्रक्रिया पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जेल में बंद 68 प्रतिशत विचाराधीन कैदी या तो अनपढ़ थे या उन्होंने बीच में ही स्कूल छोड़ दिया था। लगभग 73 प्रतिशत विचाराधीन कैदी दलित, जनजातीय तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के थे, जबकि 20 प्रतिशत मुस्लिम थे। सर्वाधिक विचाराधीन कैदी जिन राज्यों में हैं उनमें शीर्ष पांच में दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, बिहार, पंजाब तथा ओडिशा हैं। इनके अलावा दूसरे राज्यों की जेलों में भी यही हाल है। भारत की जेलों में बंद केवल 22 प्रतिशत लोग ही सजायाफ्ता अपराधी हैं, जबकि लगभग 77 प्रतिशत बंदी विचाराधीन हैं। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2022 में जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखने पर चिंता जताई गई है। मध्य प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की जेलों में विचाराधीन बंदियों की संख्या 60 प्रतिशत से कम है। अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय और पुडुचेरी को छोड़ हर राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश में विचाराधीन कैदियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।
गृह मंत्रालय की रिपोर्ट प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया 2021 के अनुसार, वर्ष 2016 से 2021 के बीच जेलों में बंदियों की संख्या में 9.5 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि विचाराधीन कैदियों की संख्या में 45.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार चार में से तीन कैदी विचाराधीन हैं। 31 दिसंबर, 2021 तक लगभग 80 प्रतिशत कैदियों को एक वर्ष तक की अवधि के लिए जेलों में बंद रखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में रिहा किए गए 95 प्रतिशत विचाराधीन कैदियों को न्यायालयों ने जमानत दी थी, जबकि न्यायालय द्वारा बरी किए जाने पर 1.6 प्रतिशत को रिहा किया गया था। सोलह राज्यों एवं तीन केंद्र शासित प्रदेशों की जेलों में क्षमता से अधिक कैदी हैं। बिहार में जेलों की क्षमता से 140 प्रतिशत अधिक कैदी हैं जो वर्ष 2020 में 113 प्रतिशत थे। उत्तराखंड में कुल क्षमता की तुलना में 185 प्रतिशत अधिक कैदी हैं जो देश में सबसे ज्यादा हैं। 391 जेलों में क्षमता की तुलना में 150 प्रतिशत और 709 जेलों में 100 प्रतिशत अधिक कैदी हैं।



**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

> "कोरोना संक्रमण के नये मामले प्रकाश में आना दशार्ता है कि कोरोना का संकट अभी भी अस्तित्व में है। वहीं कुछ लोगों द्वारा बूस्टर डोज न लगवाने के कारण नये मामले सामने आये हैं। तीन साल पहले की ह्यकोरोनाह्न महामारी से हमने निर्णायक लड़ाई लड़ी और कई एहतियात कदम भी उठाये। इन स्थितियों के मद्देनजर, अब जितना हो सके उतनी रोकथाम रणनीतियों का उपयोग करें। जैसे कि हाथ की स्वच्छता को आदत बनाना, उच्च गुणवत्ता वाला मास्क पहनना, वेंटिलेशन में सुधार करना और जब संभव हो तो बीमार व्यक्ति से सुरक्षित दूरी बनाए रखना। एहतियातन शारीरिक दूरी भी बनाये रखना बहुत जरूरी है। ऐसे में ये बहुत महत्वपूर्ण है कि सबसे पहले हम अपने घर से शुरूआत करें। दृढ़ता से संकल्प लेकर एक जागरूकता आएगी"

**कोरोना** महामारी के मामले एक बार फिर से प्रकाश में आ रहे हैं। इस महामारी से बचाव के लिए सरकार ने लगभग सवा दो अरब वैक्सीन डोज देशवासियों को लगा कर पूरे विश्व में एक मिसाल कायम की। कोरोना संक्रमण में तेजी की खबरें चिंतित तो करती हैं लेकिन अब घबराने जैसी स्थिति नहीं है। एक तो सवा दो अरब टीकों से हासिल रोग प्रतिरोधक क्षमता है, वहीं भारतीयों की प्राकृतिक इम्यूनिटी भी इसके मुकाबले भारी पड़ेगी। कोरोना वायरस एक बार फिर से धीरे-धीरे अपनी रफ्तार भारत में तेज करता दिख रहा है। हालांकि अभी नंबर इतने अधिक नहीं हैं लेकिन जिस तेजी से यह दोबारा बढ़रहा हैयह भारत के लिए चिंता का विषय है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 6.78 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.49 प्रतिशत है। कई राज्यों में कोविड के दैनिक मामले हर दिन बढ़ रहे हैं। केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में वायरस के केस ज्यादा आ रहे हैं। इस बीच ये सवाल भी उठता है कि कोरोना का ये चढ़ता ग्राफ कम कम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार कोविड केस बढ़ने के कई कारण हैं। इनमें पहला ओमिक्रोन एक्सबीबी वीकेएस 1.16 वेरिएंट हैं। ये वेरिएंट भारत के अधिकतर राज्यों में फैल चुका है.?। हर दिन इसके केस में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। ये वेरिएंट पिछले सभी ओमिक्रॉन वेरिएंट्स की तुलना में ज्यादा संक्रामक है। चूंकि समय के साथ वायरस में म्यूटेशन होता है तो ये खुद को बदलता रहता है। इस वजह से लोग वायरस की चपेट में आ जाते हैं। यह ठीक है कि नये संक्रमण से ग्रस्त रोगियों को बुखार, सिरदर्द, बेचैनी व गले में दिक्कत होती है, लेकिन दो-तीन दिन में ये ठीक भी हो जाते हैं। अस्पताल में लोगों को भर्ती कराने की जरूरत कम पड़ रही है। कमजोर इम्यूनिटी वालों में संक्रमण से गंभीर लक्षण भी हो रहे हैं। हालांकि वायरस की वजह से मौतें नहीं हो रही हैं। लेकिन इसका तेजी से फैलना चिंता पैदा करता है। यही वजह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार इसकी निगरानी की सलाह दे रहा है। चिंता इस बात को लेकर भी है कि कहीं ज्यादा फैलने पर यह वायरस रूप बदलकर घातक न होने लगे। जिसके मद्देनजर केंद्र व राज्यों को अपने स्तर पर पूरी तैयारी रखनी चाहिए।



कोरोना के बढ़ते मामलो को देखते हुए सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। हाल में राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की बैठक इसी दिशा में कदम था। वैसे बुजुर्गों, असाध्य रोगों से ग्रसित मरीजों, विभिन्न लाइफ स्टाइल जनित रोगों से जूझ रहे लोगों को इस स्थिति में अतिरिक्त सावधानी जरूर बरतनी होगी। साथ ही बूस्टर डोज न लेने वाले लोगों को यथाशीघ्र इसे लेना होगा। लेकिन यहां विचारणीय तथ्य यह है कि कोरोना संक्रमण पहला व अंतिम नहीं है। आने वाले समय में ऐसी तमाम चुनौतियां हमारे सामने आ सकती हैं। यह ठीक है कि कोराना का वायरस लगातार रूप बदल रहा है और इस बार नये वेरिएंट एक्सबीबी-1.16 का प्रकोप है। लेकिन हमारे पास पिछली लहरों से हासिल व्यापक अनुभव हैं। साथ ही इसके महामारी जैसा रूप लेने की संभावनाएं क्षीण हैं। लेकिन फिर भी यह नहीं मान लेना चाहिए कि यह संकट पूरी तरह टल गया है। रोज छह हजार से अधिक मामले आ रहे हैं और आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह संख्या मई तक बीस हजार प्रतिदिन भी हो सकती है। ऐसे में बचाव के लिये अतिरिक्त सावधानी जरूरी हो जाती है। वैसे इस संक्रमण से जुड़े कई सवाल आज भी अनुत्तरित ही हैं। हम दशकों से इस तरह के संक्रामक रोगों का मुकाबला करते रहे हैं। अब हमारे पास पहली-तीसरी और घातक दूसरी लहर से मुकाबले का अनुभव भी है। जरूरत इस बात की है कि हम कोरोना प्रोटोकॉल और व्यक्तिगत स्तर पर सफाई, सुरक्षित शारीरिक दूरी व भीड़-भाड़ से बचने के परंपरागत उपायों का पालन ईमानदारी से करें। हमें एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका परिवार से लेकर समाज के स्तर तक निभानी हैं। दूसरी ओर सामाजिक दायित्वों का भी हमें विशेष ध्यान रखना है, ताकि वंचित समाज का कोई व्यक्ति भूख व बीमारी से पीड़ित न रह जाये। ऐसे में हमें लाइफ स्टाइल जनित रोगों से बचाव के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। हमें अपने खानपान, सोने-जागने और जीवन शैली की विसंगतियों के बारे में गंभीरता से विचार करना होगा, जो तमाम तरह के रोगों को पैदा करती हैं। दरअसल, यदि हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी तो हम सभी प्रकार के संक्रमणों से बचे रह सकते हैं। कोरोना की दस्तक चिंता बढ़ाने वाली है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के हालात पर नजर रखने व टेस्टिंग के निर्देश दिए हैं। दरअसल, कोरोना का वायरस हमारे परिवेश में लगातार नये रूप बदल कर दस्तक देता ही रहेगा। अतः हमें उसके साथ जीने की आदत डालनी होगी। ऐसे में जरूरी है कि हम सजगता से कोविड से बचाव के उपयुक्त व्यवहार का पालन करें। सरकार को चाहिए कि वह कोरोना की जांच, उपचार और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। टेस्ट ट्रैक, ट्रीट, टीकाकरण व कोविड नियंत्रक व्यवहार पर बल देना होगा।

कोरोना संक्रमण के नये मामले प्रकाश में आना दशार्ता है कि कोरोना का संकट अभी भी अस्तित्व में है। वहीं कुछ लोगों द्वारा बूस्टर डोज न लगवाने के कारण नये मामले सामने आये हैं। तीन साल पहले की ह्यकोरोनाह्न महामारी से हमने निर्णायक लड़ाई लड़ी और कई एहतियात कदम भी उठाये। इन स्थितियों के मद्देनजर, अब जितना हो सके उतनी रोकथाम रणनीतियों का उपयोग करें। जैसे कि हाथ की स्वच्छता को आदत बनाना, उच्च गुणवत्ता वाला मास्क पहनना, वेंटिलेशन में सुधार करना और जब संभव हो तो बीमार व्यक्ति से सुरक्षित दूरी बनाए रखना। एहतियातन शारीरिक दूरी भी बनाये रखना बहुत जरूरी है। ऐसे में ये बहुत महत्वपूर्ण है कि सबसे पहले हम अपने घर से शुरूआत करें। दृढ़ता से संकल्प लेकर एक जागरूकता आएगी।

देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी में हमारा काफी बड़ा योगदान भी होगा। कोरोना का भय भी दूर होगा। कोरोना संक्रमण काल में सरकार व लोगों द्वारा इसका सफलतापूर्वक मुकाबला किया गया है और हमारे पास इसका व्यापक अनुभव है। लेकिन हमें सजग और सतर्क होकर कोरोना के संग जीना सीखने की आवश्यकता है। मौत का भय आदमी को सलीके से जीना सिखा देता है। कोरोना की दो लहर जब जानलेवा साबित हुई तब तीसरी लहर में लोगों के जीने का ढंग अपने आप बदला। गाइड लाइन का पालन ही एक ऐसा इलाज था जो तीसरी लहर को घातक नहीं बना पाया और हालातों ने लोगों को सुरक्षा के साथ जीना सिखा ही दिया। इस समय फिर संक्रमण में तेजी आई है, ऐसे में बिना सरकार के आदेश का इंतजार किए लोगों को अपनी आदतों, बिना मास्क भीड़भाड़ में घूमने, जगह-जगह थूकने आदि को सुधार लेना चाहिए। लापरवाही से अपनी जान सांसत में और सरकार परेशानी में ही पड़ेगी। भीड़भाड़ न होने देना, मास्क पहनना, अपने आस-पास साफ-सफाई रखना हमारी जीवन शैली में शामिल हो जाना चाहिए।

कोरोना संक्रमित व्यक्ति को निर्धारित समय के लिए अलग रखना और रहना हमें सहज रूप से स्वीकार करना होगा। इस प्रकार हम कोरोना के संग ही निरापद जीवन जी सकेंगे। हम सब को कोरोना के साथ जीना सीखना होगा। यह तभी संभव है जब हम बिना भय और बचाव के उपायों को अपनी आदतों में शुमार कर लें।

## कविता

### हालात के तीरों से छलनी हैं बदन अपने

बहुत हसरतें थी जिंदगी में अपने।
बहुत देखे थे हसीन सपने।
नागवार जमाने को मंजूर न था।
हालात के तीरों से छलनी है बदन अपने।

नफरतों के दौर झेलें हैं इतने।
अर्श पर सितारे चमकते हैं जितने।
खाक में मिला दिए जाम जवानी के।
टूटे टुकड़े आईने से देखे ख्वाब अपने।

मंजिल तक पहुंचकर गिरे हैं ऐसे।
अर्श से फर्श पर पत्थर गिरते हैं जैसे।
अपनों को भी दूर होते देखा हमने।
लड़खड़ाते कदमों को गिराते हैं अपने।

किस से गिला शिकवा करें, किससे करें बातें।
चिराग गमो के जलते हैं पर अंधेरी रातें।
आंखों में धुआं धुआं खाक हो रहे सपने।
हालात के तीरों से छलनी है बदन अपने।

ललिता कश्यप

## वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम लॉन्च से किसको मिलेगा फायदा

**रवि रंजन**

**हाल** ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीमावर्ती गांव किबिथू में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' (वीवीपी) के शुभारंभ के लिए अरुणाचल प्रदेश में थे। चीन के साथ चल रहे गतिरोध के बीच देश की सीमा पर लगातार खतरे ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को उन्नत करने पर जोर दिया है। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 फरवरी को केंद्र के 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के लिए 4,800 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी थी। इस ग्राम विकास योजना की घोषणा पहली बार 2022 के बजट में की गई थी। कार्यक्रम का लक्ष्य चीन के साथ सीमा पर गांवों का व्यापक विकास करना और चिन्हित सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। इन गांवों के विकास से पलायन रोकने में मदद मिलेगी और इस तरह सुरक्षा भी बढ़ेगी। 2018 में संसदीय स्थायी समिति ने हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछड़ेपन, अशिक्षा और बुनियादी सुविधाओं और बुनियादी सुविधाओं की कमी की ओर इशारा किया था। वीवीपी का उद्देश्य इन सभी मुद्दों का समाधान करना है।15 फरवरी, 2023 को गृह मंत्रालय द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के स्थानीय, प्राकृतिक, मानव और अन्य संसाधनों के आधार पर आर्थिक चालकों की पहचान करना और उनका विकास करना है। कौशल विकास के माध्यम से सामाजिक उद्यमिता, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के माध्यम से "हब एंड स्पोक मॉडल" भी वीवीपी के उद्देश्यों में से एक है। इसके अलावा, कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय, सांस्कृतिक, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को बढ़ावा देकर पर्यटन क्षमता का लाभ उठाना है, जिससे लोगों के रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इसके परिणामस्वरूप पलायन पर रोक लगेगी। समुदाय आधारित संगठनों, सहकारी समितियों, एसएचजी, एनजीओ आदि के माध्यम से "एक गांव-एक उत्पाद" की अवधारणा पर स्थायी पर्यावरण-कृषि व्यवसायों का विकास भी करना है। केंद्र और राज्य की योजनाओं की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन चिन्हित गांवों के लिए ग्राम पंचायतों की मदद से कार्य योजना तैयार करेगा। इस योजना में परिकल्पना की गई है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पीने का पानी, 247 बिजली, सभी मौसम की सड़कों के साथ कनेक्टिविटी, रसोई गैस, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाए। सौर और पवन ऊर्जा, पर्यटन केंद्रों, बहुउद्देश्यीय केंद्रों और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और कल्याण केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत गांवों का विकास कार्य 3 स्तरों पर किया जाएगा। भारत सरकार गांवों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुविधाओं का ध्यान रखेगी और विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचेगी।

## विचार

### बॉक्सर निखत जरीन ने बढ़ाया देश का मान

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**दिल्ली में** कुछ दिनो पूर्व संपन्न हुई वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल जीतकर निखत जरीन ने भारत का मान बढ़ाया है। सुप्रसिद्ध बॉक्सर व पूर्व सांसद एम मैरीकॉम के बाद ऐसा करने वाली निखत जरीन भारत की दूसरी महिला मुक्केबाज बन गयी है। निखत के साथ नीतू घंघस, स्वीटी बुरा व लवलीना बोरगोहेन ने भी उक्त प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की तरफ से जीत का चौका लगाया है। मगर निखत ने दूसरी बार गोल्ड मेडल जीतकर एक अलग ही रिकॉर्ड बना दिया है। इससे पहले निखत जरीन ने 2022 में आईबीए विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उसके बाद अब निखत ने दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया है। उनसे पूर्व मैरीकाम 6 बार वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी है। तेलंगाना के निजामाबाद में 14 जून 1996 को जन्मी निखत जरीन एक सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार से आती है। हालांकि उनके पिता मोहम्मद जमील अहमद फुटबॉल और क्रिकेट के खिलाड़ी थे। वहीं उनकी माता परवीन सुल्तान कबड्डी की खिलाड़ी रही है। इसलिए उन्हें बचपन में ही खेल का वातावरण मिल गया था। निखत जरीन के चाचा शमशामुद्दीन बॉक्सिंग कोच होने के कारण उन्हें घर पर ही बॉक्सिंग की ट्रेनिंग मिलने लगी। उसकी दो बड़ी बहने फिजियोथैरेपिस्ट व छोटी बहन बैडमिंटन की खिलाड़ी है। इन्होने अपनी शुरूआती शिक्षा अपने गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त की है और आगे की शिक्षा निर्मला हृदय गर्ल्स हाई स्कूल निजामाबाद से प्राप्त की। इसके बाद उच्च शिक्षा इन्होने एवी कॉलेज हैदराबाद से प्राप्त की है।

इन्होने एवी कॉलेज हैदराबाद से कला में स्नातक पास किया है। मुक्केबाजी के सफर के चलते इनको खेल व शिक्षा दोनों को संभालना थोड़ा मुश्किल था। लेकिन घर वालों और दोस्तों के साथ से इन्होने दोनों चीजें एक साथ संभाली। निखत के बॉक्सिंग करियर में कई रुकावटें भी आई। एक मुस्लिम परिवार से होने के कारण उनके रिश्तेदारों को उनके इस खेल में भाग लेना पसंद नहीं था। निखत के पिता को उनके रिश्तेदार कहा करते थे कि उन्हें निखत को कहना चाहिए की वो बॉक्सिंग के समय छोटे कपड़े न पहना करे। लेकिन निखत के पिता ने लोगों की बातो पर कोई ध्यान नहीं दिया और हमेशा अपनी बेटी का साथ दिया। एक समय निखत जरीन पर हिजाब पहनने के लिए दवाब डाला गया था। उनसे कहा गया कि मुस्लिम लड़कियां शॉर्ट्स नहीं पहन सकती। वह मर्दों के साथ बॉक्सिंग की प्रैक्टिस भी नहीं कर सकती। लेकिन निखत इस कट्टरवादी विचारधारा से लड़ती रही। वही आज पूरी दुनिया ने उन्हें सिर आंखों पर बैठा लिया हैं। निखत के मोहल्ले के लोग उनके बॉक्सिंग खेलने के खिलाफ थे। वे लोग अक्सर उनके माता-पिता को ताने मारते थे। उनसे कहा जाता था कि आज अगर वह अपनी लड़की को बाहर खेलने के लिए भेजते हैं। तो इससे उस इलाके का माहौल खराब हो जाएगा। जिसके कारण वहाँ रहने वाली दूसरी लड़कियां भी हिजाब पहनने के इस्लामिक तौर तरीके का विरोध करने लगेंगी। जिसका साफ मतलब यह था कि उनके आसपास के समाज का सोचना था। अगर निखत की तरह उनकी बेटियों ने भी हिजाब पहनने से मना किया। वह भी बॉक्सिंग जैसे खेलों में आ गई। तो वो क्या करेंगे। इसलिए आप अपनी बेटी को रोकिए। इस पर लगाम लगाइये। इस रूढ़िवादी सोच का निखत के परिवार पर कोई असर नहीं पड़ा। इन तमाम विरोध के बावजूद उनके पिता ने निखत की हिम्मत टूटने नहीं दी। एक समय निखत के ऊपर शादी का भी दबाव बनने लगा था। लेकिन तब निखत के पिता ने कहा था। हम अपनी बेटी को ऐसा बनाएंगे। इसके लिए हमारे घर के बाहर लोगों की लाइन लगेगी। बॉक्सर मैरीकाम को अपनी प्रेरणा मानने वाली निखत जरीन का 2009 में विशाखापट्टनम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण साईं में दाखिला करवाया गया था। जहां उन्होंने द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त कोच आईबी राव से प्रशिक्षण प्राप्त किया। उसके एक साल बाद ही 2010 में उन्हें इरोड नेशनल में गोल्डन बेस्ट बॉक्सर घोषित किया गया। निखत जरीन ने 2010 में नेशनल सब जूनियर मीट में अपने जीवन का पहला स्वर्ण पदक जीता। उसके बाद 2011 में तुर्की में आयोजित महिला जूनियर और यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उन्हें फ्लाईवेट डिवीजन में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक मिला। 2014 में बुल्गारिया में आयोजित महिला जूनियर और युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में निखत ने रजत पदक जीता।
2014 में सर्बिया के नौवी सैड में आयोजित तीसरे नेशंस कप इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में 51 किलो वर्ग में रूस की पल्टसेवा एकातेरिना को हराकर निखित ने स्वर्ण पदक जीता। 2015 में निखत ने असम में 16 वीं सीनियर वूमेन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। 2019 में निखत ने बैंगकॉक में आयोजित थाईलैंड ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में रजत पदक जीता। 2019 में बुल्गारिया की राजधानी सोफिया में आयोजित सट्रैंडजा मेमोरियल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में निखत जरीन ने स्वर्ण पदक जीता। 2019 में ही निखत ने जूनियर नेशनल मुकाबलों में गोल्ड जीता और बेस्ट बॉक्सर का खिताब पाया।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### भारत में होम स्कूलिंग

**विजय गर्ग**

भारत में होम स्कूलिंग वैकल्पिक शिक्षा का एक रूप है जिसमें सार्वजनिक या निजी स्कूलों के बजाय माता-पिता या ट्यूटर्स द्वारा बच्चों को घर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। यह कई देशों में माता-पिता के लिए समान होम स्कूलिंग विकल्प के प्रसार के अनुरूप है। लेकिन यह दुनिया में कहीं और पाए जाने वाले समान दृष्टिकोणों, दृष्टिकोणों, प्रथाओं और प्रवृत्तियों के अनुरूप नहीं है। इस लेख का मुख्य आकर्षण भारत में गृह शिक्षा या घर-आधारित शिक्षा की ओर निर्देशित है। भारत में गृह शिक्षा शिक्षा प्रदान करने और बढ़ावा देने के लिए संसाधनों में वृद्धि को सक्षम करने वाली विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रदान की जाती है। इनमें से कुछ संघों, शिक्षा प्रदाताओं, सहायता समूहों मंचों आदि के रूप में हैं। इनमें से अधिकांश इंटरनेट पर सक्रिय हैं और यही कारण है कि वे आम लोगों के लिए काफी हद तक अनजान हैं। इसके अलावा, बैंगलोर, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, नई दिल्ली और पुणे जैसे प्रमुख शहरी भारतीय शहरों में होमस्कूलिंग अधिक प्रमुख है। भारत के अन्य भागों में, होमस्कूलिंग की उपस्थिति बहुत कम है। बच्चों की शिक्षा के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी वकालत करने वाली संस्था होम स्कूल लीगल डिफेंस एसोसिएशन (ल्रछऊ्र) के अनुसार होमस्कूलर्स की अनुमानित संख्या 500-1000 बच्चे हैं। शुरू करने के लिए, होमस्कूलिंग की शुरूआत तब की जाती है जब एक परिवार अपने बच्चे को घर पर पढ़ाने का फैसला करता है और माता-पिता अपने बच्चे के औपचारिक निर्देश की जिम्मेदारी लेते हैं। चाहे वे बाद में निजी ट्यूटर्स का सहारा लें, यह अलग बात है। अगला कदम धन को सुरक्षित करना, पाठ्यचर्या सामग्री का चयन करना और बच्चे के ग्रेडेशन और प्रगति का निर्धारण करना है। यह प्रथा इस प्रकार की स्कूली शिक्षा को 'शिक्षा के निजीकरण' शब्द से जोड़ती है क्योंकि माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों को घर के बाहर सार्वजनिक या निजी स्कूलों के विकल्प के रूप में सीखने का माहौल प्रदान करते हैं। अनिवार्य स्कूल उपस्थिति कानूनों की शुरूआत से पहले, अधिकांश बचपन की शिक्षा परिवार या समुदाय के भीतर होती थी। होमस्कूलिंग भारत में हाल ही में या अचानक विकास नहीं है।

### सूट-बूट में झूठ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**वातानुकूलित** कमरे में बैठकर कश्मीर, हवादार खिड़कियों वाले कमरे में बैठकर हवामहल और चूल्हे की आग को देखकर चुरू के बारे में लिखने वाले एक महाशय को उनके यूट्यूब कार्यक्रम मुसाफिर हूँ यारों के लिए सदी का श्रेष्ठ यायावर लेखक पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राकृतिक यायावरी करने वालों के बीच आर्टिफिशियल यायावरों का बड़ा बोलबाला है। ग्रीन पर्दे के आगे बैठकर दुनिया जहान की बातें करेंगे और थोड़ी देर में ग्रीन क्रोम को स्वैप क्रोम करते हुए पलक झपकते ही आपको सुंदर वादियों में ले चलेंगे। पुरस्कार प्राप्त होने पर मैंने महाशय से पूछा - मैंने कभी आपको घर से बाहर जाते हुए नहीं देखा। जब देखो तब दो-तीन छोटे-बड़े झरोखे वाली बनियाइन और धारीदार लुंगी में पड़े-पड़े खटिया तोड़ते हुए देखा है। आपको यायावरी का पुरस्कार प्राप्त होना मेरे लिए किसी आठवें अजूबे से कम नहीं है। दुनिया में सभी सवाल-जवाब नहीं होते। सवालों के नाम पर शक भी होते हैं। शक की गहराई अपमानित करने का बड़ा प्लाट होती है। वे मेरे आशय को समझ गए। उन्होंने कहा - यायावरी को पहले बड़ी चुनौती वाला काम समझता था। लेकिन यायावरी से पहले मैंने जो नौकरियाँ की हैं उसका खासा अनुभव मेरे काम आया। पहले मैं रियल इस्टेट में काम करता था। शहर से दूर जहाँ कोई आता जाता नहीं था उस जमीन को ग्राफिक्स के नाम पर थ्रीडी पिक्चर्स में ढालना, मक्खी निगलने वाले झूठ जैसे यहाँ से आठ लाइन सड़क का जाना, स्विमिंग पुल, अम्युजमेंट पार्क, जिम आदि के झूठे-झूठे चित्र बनाकर ग्राहकों को फांसना हमारे लिए बाएँ हाथ का खेल था। लेकिन इसमें मेरा फायदा कम मालिक का ज्यादा था। सो मैंने निर्णय किया कि अब से झूठ के बीज, झूठ की खेती और झूठ की फसल के जरिए सची-मुची वाला पैसा कमाऊँगा। मैंने कई यूट्यूबरों को देखा है कि वे घर बैठे झूठ की कोठी उठा रहे हैं। एक में पाँच जोड़ना, अफवाहें फैलाना, बंगाली फकीरों-बाबाओं के धंधे खोलकर आम जिंदगी में विष घोलना और उसी के दम पर पैसे की उगाही करना मुझे भा गया। और तो और समाचार चैनलों के एंकरों ने जिस तरह से स्टूडियो में कुर्सियाँ तोड़ी हैं, उससे भी मैं बहुत प्रेरित हूँ।

# जैन ने चिरायु कार्ड बनाने की पहल की

## पिछले पांच दिनों में लगभग डेढ़ हजार से ज्यादा कार्ड बनवाकर राजीव जैन ने अपने कार्यालय में वितरित किये

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आठ** माह पहले प्रदेश सरकार ने पांच लाख तक के मुफ्त इलाज के लिए चिरायु कार्ड देने की घोषणा की थी, घोषित सूची में नाम होने के बावजूद छोटी-छोटी त्रुटियों के चलते हजारों लोग अभी भी कार्ड से वंचित हैं, ऐसे वंचित परिवारों को सम्पर्क करके कार्ड बनवाकर देने की मुहिम सोनीपत विधान सभा में मुख्यंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने की है। पिछले पांच दिनों में लगभग डेढ़ हजार से ज्यादा कार्ड बनवाकर राजीव जैन ने अपने कार्यालय में वितरित किये, कार्ड मिलने से गरीब परिवारों के चेहरे पर खुशी की लहर थी और बार-बार राजीव जैन के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल



विज का आभार जता रहे थे। परिवार जनों का कहना था कि शुरू में हम चिरायु कार्ड प्राप्त करने के लिए अटल सेवा केंद्रों के चक्कर लगा लगाकर थक चुके थे।

राजीव जैन ने इन्द्रा कालोनी के अपने कार्यालय में कार्ड वितरित करते हुए बताया कि सोनीपत विधान सभा क्षेत्र में लगभग 28 हजार नाम ऐसे हैं जिन्होंने अपने कार्ड नहीं बनवाये थे।
उन्होंने बताया कि कार्ड न बनने का कारण था कुछ तो ज्यादा बुजुर्ग हो गये थे जिनके फिंगर प्रिंट मैच नहीं हो रहे, ज्यादातर के आधार कार्ड में फोन नम्बर रजिस्टर्ड नहीं है या फिर पिताजी के नाम में छोटी मोटी स्पैलिंग की गलती है, ऐसे परिवारों से भाजपा कार्यकताओं की टीम सम्पर्क कर त्रुटियां निःशुल्क दूर करवा रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि कार्ड से वंचित लगभग साढ़े 6 हजार परिवारों से सम्पर्क साधा जायेगा ताकि चिरायु योजना का लाभ उन्हें मिल सके। कार्ड पाने वालों में रेखा, प्रियंका, अमित कुमार, तन्नु, विजय, राजेश कुमारी, नीरज, कविता, विजेन्द्र, धीरज, दीपक शर्मा, संदीप, रीटा कुमारी, कनिका, प्रियंका निखिल, प्रेमलता, यशीका मेहता, मोहन सिंह चौहान आदि शामिल रहे।

# स्केटिंग चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल के दिव्यांग खिलाड़ियों ने जीते पदक

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/रमेश कुमार**
**16 अप्रैल,** 2023 को गुरुग्राम में स्पोर्टस एबिलिटी डेवलेपमेंट एके-ड़मी द्वारा इंटर स्टेट रॉलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 120 दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल, सोनीपत के आयान पावार्ला, ईधान्त भंडारी, गर्वित व चैतन्य केडिया ने भाग लिया। आयान व ईधांत ने 300 मीटर स्केटिंग रेस में स्वर्ण पदक, गर्वित ने 100 मीटर स्केटिंग रेस में रजत पदक व चैतन्य केडिया ने 300 व 100 मीटर स्केटिंग रेस में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। सभी विजेता खिलाड़ियों के अभिभावक



बहुत ही खुश थे। उन्होंने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन को दिया और कहा कि विद्यालय द्वारा दी जाने वाली खेल सुविधाओं के कारण ही आज उनके बच्चे इस सफलता को प्राप्त कर पाये हैं। लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल व लिटल एंजल्स इन्कलूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

# 'आर्य वीर दल शिविर में शारीरिक शिक्षा के साथ दी जाती है संस्कारों की शिक्षा'

**8 आज का युवा संस्कारों एवं संस्कृति से मुह मोड कर मोबाइल व नशे को अपना रहे हैं जो कि समाज व देश के लिए सही नहीं है**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा** प्रदेश के युवाओं को वैदिक धर्म और वैदिक संस्कारों की तरफ प्रेरित करने के लिए सार्वदेशिक आर्य वीर दल की ओर से आर्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल पानीपत के प्रधान एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के अंतरंग सदस्य आर्य रणदीप सिंह कादियान की प्रेरणा से आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल, आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत एवं



आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वीर भवन पानीपत के समस्त अध्यापकों, अध्यापिकाओं व प्रिंसीपलों आदि का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रधान राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि आज का युवा संस्कारों एवं संस्कृति से मुह मोड कर मोबाइल व नशे को अपना रहे हैं जो कि समाज व देश के लिए सही नहीं है।

# मामूली कहासुनी को लेकर मुलाना के सोनू राणा की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला में अपराध तेजी से बढ़ते जा रहे हैं लेकिन पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम हो रही है। अंबाला छावनी के मुलाना क्षेत्र में बीती रात मामूली कहासूनी को लेकर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों अनुसार मुलाना निवासी सोनू उर्फ काका राणा व मोहित हेमा माजरा मोड़ पर स्थित एक ढाबे पर रूके हुए थे तबी वहां तेज रफ्तार से एक कार आई जिसके बाद कार से उड़ी धूल को लेकर विवाद खड़ा हो गया। इसी दौरान अनेक लोग वहां इक्कठे हो गए तथा दोनो पक्षों को समझाने में जूट गए तभी तैश में आकर एक युवक ने गोली चला दी।

# 'केजरीवाल की देशभर में बढ़ती लोकप्रियता से घबरा चुकी है भाजपा'

## -अरविंद केजरीवाल देश वासियों के लिये बन चुके अब सत्ता परिवर्तन की विचारधाराः डा. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आप के** राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश प्रभारी डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की देशभर में बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबराई हुई है और अब इस तरह की तानशाही पर उतर चुकी है। आरोप लगाया कि सीबीआई व ईडी के माध्यम से विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा है। लेकिन अरविंद केजरीवाल अब एक व्यक्ति नहीं है बल्कि देश वासियों के लिये सत्ता परिवर्तन की एक विचारधारा बन चुके है। यह विचारधारा देशभर में अब रूकने वाली नहीं है और अब 2024 में होने वाले चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करके ही दम लेगी। डा. सुशील गुप्ता सोमवार को सेक्टर 11-12 स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



पानीपत में पहुंचने पर डा. सुशील गुप्ता का पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखबीर मलिक, कृष्ण अग्रवाल, राकेश चुघ, दीपक बगा व नीलम परनामी आदि ने स्वागत किया। डा. सुशील गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीबीआई द्वारा रविवार को करीब 9.30 घंटे तक करीब 56 सवाल पूछे गये और केजरीवाल जी ने सभी सवालों के जवाब दिये। अरविंद केजरीवाल से बिना वजह सीबीआई द्वारा की गई पूछताछ के विरोध में पार्टी के भारी संख्या में कार्यकताओं द्वारा दिल्ली व अन्य राज्यों में विभिन्न स्थानों पर रोष प्रदर्शन किये गये। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली व पंजाब कैबिनेट के मंत्री, आप के सांसद व विधायक सीबीआई मुख्यालय पर शांतिपूर्वक तरीके से

**8 अरविंद केजरीवाल अब एक व्यक्ति नहीं है बल्कि देश वासियों के लिये सत्ता परिवर्तन की एक विचारधारा बन चुके है**

धरने पर बैठे हुए थे पर उनको भी वहां से घसीटते हुए थाने ले जाया गया। भाजपा सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं का गला घोटने पर लगी है। डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में आप कार्यकताओं द्वारा पोस्टर लगाये गये तो कई पुलिस थानों में मामले दर्ज करवा दिये गये पर आप के निष्ठावान व मेहनती कार्यकर्ता अब मुकदमों से डरने वाले नहीं है। डा. गुप्ता ने आप की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के गठन पर कहा कि इसी माह अप्रैल में ही मेहनती व निष्ठावान कार्यकताओं को पद देकर कार्यकारिणियों का गठन कर दिया जाएगा।

# 'जिले में सोमवार को मिले कोरोना से संक्रमित 23 पोजिटिव केस'

**सोनीपतः** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि सोमवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 23 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 32 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60118 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 736 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 105 कोरोना एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

# शुगर मिल में अब तक हो चुकी है 65 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत इंडिया (बिजेंद्र सिंह)।**
**पानीपत** के गांव डाहर में बना नया शुगर मिल इस सीजन में सोमवार दोपहर तक 65 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई कर चुका है। शुगर मिल में पानीपत जिला के किसानों के 62 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई हो चुकी है और इसके अलावा करनाल, सोनीपत, गोहाना व रोहतक के शुगर मिलों के 3 लाख क्विंटल गन्ने की भी पिराई हो चुकी है। पानीपत जिला के किसानों का पिराई वाला गन्ना अब समाप्त हो चुका है और अब इन दूसरे चार मिलों के गन्ने की ही पिराई हो रही है। शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन ने बताया



कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि प्रदेश का कोई शुगर मिल एक साथ दूसरे चार मिलों के गन्ने की पिराई कर रहा है। शुगर मिल में चीनी की रिकवरी भी पिछले वर्ष के सीजन 8.65 प्रतिशत के मुकाबले इस सीजन में औसतन 9.57 प्रतिशत रही है। जबकि अब पिछले कई दिनों से रिकवरी 10.80 चल रही है। वहीं एमडी नैन का दावा है कि अगले सीजन में चीनी की रिकवरी औसतन 10 प्रतिशत से ज्यादा रहेगी।
**पानीपत शुगर मिल एचवीपीएन को बेच चुका है 3 करोड 6 लाख यूनिट बिजलीः** पानीपत के नये डाहर शुगर मिल में लगी 28 मेगावाट प्रति घंटा उत्पादन क्षमता की टरबाईन द्वारा बनाई जा रही बिजली से एक तो शुगर मिल चल रहा है और बाकि बिजली को एचवीपीएन के नौल्था पॉवर हाउस को बेचा जा रहा है। शुगर मिल में बने पॉवर स्टेशन से नौल्था पॉवर हाउस को सोमवार तक 3 करोड, 6 लाख व 35 हजार यूनिट बिजली दी जा चुकी है। शुगर मिल प्रबंधन द्वारा बेची गई इस बिजली के बिल को एचवीपीएन को पहले ही भेजा हुआ है और उम्मीद है कि कुछ माह में पेमेंट भी आ जाएगी। एमडी नवदीप सिंह नैन के अनुसार इस सीजन में 21-22 करोड रूपए के करीब की बिजली एचवीपीएन को एक्सपोर्ट की गई है।

# सहकारी बैंक और पशुधन विकास बोर्ड की योजनाओं का मिलना चाहिए आमजन को फायदाः धर्मवीर

**इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि सहकारी बैंक और पशुधन विकास बोर्ड की योजनाओं का फायदा समाज के अंतिम व्यक्ति को मिलना चाहिए। इन योजनाओं को लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिलेगा तभी दोनों विभागों के प्रयास सफल माने जाएंगे। इसलिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए।
चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर सोमवार को द कुरुक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह



में बोल रहे थे। इससे पहले बैंक के चेयरमैन राजेश कुमार, वाइस चेयरमैन सतीश कुमार, निदेशक सुभाष बेदी, निदेशक जयपाल, निदेशक जसविंद्र कौर, निदेशक कुलदीप कौर, कर्म सिंह, अमीर सिंह, बैंक के महाप्रबंधक तनवीर मोर ने हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर सिंह मिजार्पुर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सबसे पहले चेयरमैन राजेश कुमार, वाइस चेयरमैन सतीश कुमार व महाप्रबंधक तनवीर मोर ने चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर को बैंक में पहली बार पहुंचने पर पुष्प गुच्छ के स्वागत किया।

# अमरनाथ यात्रा के लिए मेडिकल करवाने पहुंचे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
अम्बाला में अमरनाथ यात्रा में रजिस्ट्रेशन करवाने से पहले छावनी सिविल अस्पताल में अनेक लोग मेडिकल करवाने पहुंचे। यहां पर अलग से एक काउंटर बनाया गया था। जिसके बाद श्रद्धालुओं को सबसे पहले ओर्थो के डाक्टर के पास जाना होगा। जिसके बाद उन्हे मेडिकल के डाक्टर कुछ जांच करवानी होंगी तथा उसके बाद एसएमओ से हस्ताक्षर करवाने होंगे। अनेक लोगो ने अमरनाथ यात्रा के लिए मेडिकल आवेदन किया। पवित्र अमरनाथ मंदिर की सालाना यात्रा इस साल 1 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी दक्षिण कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में 3880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा में शिवलिंग के दर्शन के लिए यह तीर्थ यात्रा प्रत्येक वर्ष आयोजित होती है। अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन आज से शुरू हो हुआ है। श्री अमरनाथ यात्रा 2023 के लिए जम्मू.कश्मीर की 20 बैंक शाखाओं में आज से ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके लिए देश भर में चार बैंकों की 542 शाखाओं में पंजीकरण करवाया जाएगा।

# देवेंद्र कादियान ने किया पानीपत अनाज मंडी का दौरा

## -गेहूं के उठान की समस्या को लेकर जजपा नेता ने फोन पर की उपमुख्यमंत्री दुष्यंत से बात

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जजपा के** प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपनी टीम के साथ पानीपत अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने गेहूं की खरीद व उठान को लेकर किसानों व आढ़तियों की समस्याएं सुनी। पानीपत अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान दिनेश भौक्कर व उपप्रधान दुलीचंद गोयल सहित अन्य आढ़तियों ने जजपा नेता देवेंद्र कादियान से कहा कि अनाज मंडी गेहूं के कट्टों से भरी हुई है और इसकी वजह से किसानों को गेहूं डालने को लेकर



भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आढ़तियों ने कहा कि पानीपत मंडी में इस सीजन में करीब 8 लाख कट्टे गेहूं के आने है लेकिन अब एफसीआई द्वारा रोजाना 10 हजार कट्टों का ही उठान हो रहा है। जबकि मंडी से रोजाना 30-40 हजार कट्टों का उठान चाहिये। उसके उपरांत जजपा नेता देवेंद्र कादियान ने फोन पर उपमुख्मंत्री दुष्यंत चौटाला से बात की और उनको मंडी की सारी स्थिती से अवगत करवाया। जिस पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले में एफसीआई व हैफेड के अधिकारियों से बात करके उठान की समस्या का समाधान करवायेगे। वहीं देवेंद्र कादियान ने आढ़तियों व किसानों को भरोसा दिया कि गेहूं की खरीद, उठान व पेमेंट में सरकार की तरफ से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वहीं देवेंद्र कादियान ने कहा कि लस्टर लॉस के तहत एमएसपी में वेल्यू कटौती का सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

# किसानों को मंडियों में नहीं आनी चाहिए कोई भी परेशानीः निर्मल



**टीम एक्शन इंजिया/ गन्नौर (सोनीपत**
**विधायक** निर्मल चौधरी ने कहा कि फसल बेचने के लिए मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसानों के लिए पेयजल, सफाई, शौचालय इत्यादि की समुचित व्यवस्था निरंतर होनी चाहिए। सभी खरीद एजैंसियां खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी निरंतर करते रहें, ताकि मंडी में खरीद प्रक्रिया का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे। विधायक ने सोमवार को गन्नौर व पुगथला अनाज मंडी का दौरा करके अब तक हुए खरीद कार्य की फीडबैक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं सीजन इस समय पर पीक पर है। ज्यादातर गेहूं किसान मंडियों में लेकर पहुंच रहे हैं, जो भी किसान अपनी फसल बेचने के लिए मंडी में आता है तो तुरंत आवश्यक

**8 फसल बेचने के लिए मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए**

कार्रवाई करते हुए किसान की फसल खरीदने का कार्य संबंधित एजैंसियां तुरंत करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। प्रदेश सरकार का मुख्य ध्येय है कि किसान को हर प्रकार की सुविधा मिले और उसी दिशा में कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान आढ़तियों ने उन्हें पुगथला अनाज मण्डी में पीने के पानी व शौचालय को लेकर परेशानी जताई, जिसपर विधायक ने तुरंत वहां उपस्थित मार्केट कमेटी सचिव चंद्रप्रकाश और एआर संदीप रापडिया को दिशा-निर्देश दिए कि आज ही मण्डी में पीने के पानी व शौचालय की व्यवस्था की जाए।

# मेयर मदान और पार्षद लक्ष्मी ने वार्ड 12 में किया विकास कार्यों का शुभारंभ

## तारानगर और भगतपुरा में 60 लाख की लागत से सुधरेगी गलियों की दशा, तारा नगर की मुख्य गली और भगतपुरा की सभी ब्रांच गलियों को सी सी से किया जायेगा पक्का

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोमवार सुबह नगर निगम मेयर निखिल मदान ने वार्ड 12 की विभिन्न कालोनियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा के साथ मिलकर 60 लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। मेयर निखिल मदान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि तारा नगर एवं भगत पुरा के निवासियों की नई सीवरेज लाइन डालने और गलियों को पक्का करने की वर्षों पुरानी माँग थी। क्योंकि इन कालोनियों की सीवर लाइन 20 वर्ष से भी अधिक पुरानी हो चुकी थी। इसी समस्या के निदान के लिए निगम द्वारा इन कालोनियों में नई सीवरेज लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया था, जो अब पूरा हो चुका है। आज तारा नगर और भगत पुरा में सभी गलियों को सी सी से पक्का किए जाने का




कार्य शुरू हो चुका है, जिसे आगामी एक माह में पूरा कर लिया जाएगा। आज मौके पर मौजूद निगम कनिष्ठ अभियंता परविंदर कुमार और संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को कार्य को पूरी गुणवत्ता और समय से पूरा करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।



इस दौरान मौके पर शंकर दास रेलन, प्रधान शिव मंदिर तारा नगर, पी के बाली, सचिव शिव मंदिर तारा नगर,सतीश शर्मा, बीर सिंह,विष्णु देव कथूरिया, ओम प्रकाश बजाज, डॉ.सुरेंद्र मल्होत्रा,राहुल तनेजा,रमेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।









# सदन में गरजे सीएम केजरीवाल

## अरविंद केजरीवाल ने सदन में सुनाई एक चौथी पास राजा की कहानी, पीएम नरेंद्र मोदी पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने सदन में हो रही चर्चा में भाग लेते हुए एक कहानी सुनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। कहानी का शीर्षक था चौथी पास राजा। उन्होंने कहा कि इस कहानी में केवल राजा था और रानी नही थी। उन्होंने कटाक्ष किया कि चौथी कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद लड़के ने पढ़ाई छोड़ दी, चाय की दुकान पर नौकरी कर ली। फिर वह राजा भी बन गया, मगर पढ़ा लिखा नही था सो उसे इस बात की तकलीफ होने लगी कि कम पढ़ा हूं, इसलिए उसने फर्जी डिग्री ले ली। नोटबंदी कर दी और तीन कृषि कानून ले आया और जनता को तबाह कर दिया। फिर उसे लगा कि पैसा तो कमाया नहीं, इसके लिए क्या किया जाए, उसने अपने दोस्त को बुलाया और उसकी कंपनियों में पैसा लगाया। इन्हें राजा के इशारे पर बैंकों से 10 हजार करोड़ का लोन दिया गया, फिर देश की संपत्तियां खरीदी। किसी ने कुछ बोला तो उसे जेल में डाल दिया। उसी राज्य में एक छोटा राज्य था, उस राज्य का मुख्यमंत्री कट्टर ईमानदार था, पढ़ा लिखा था, उस मुख्यमंत्री ने बिजली मुफ्त कर दी। उसने अपने स्कूल ठीक कर दिए, तो राजा ने उसे हड़काया। मगर जब लोगों को पता चला कि राजा अनपढ़ और भ्रष्टाचारी है तो उसे उखाड़ कर फेंक दिया गया और ईमानदार व्यक्ति को इस पद पर बैठाया गया।



### बुलाया था विशेष सत्र

**दिल्ली** विधानसभा का सोमवार (17 अप्रैल) को स्पेशल सत्र बुलाया गया। इसको लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी आमने-सामने आ गए। सदन में 'आप' विधायक एलजी वीके सक्सेना पर खूब बरसे। एलजी की आपत्ति और उनके द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी गई चिट्ठी मीडिया में लीक होने पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने न सिर्फ उन्हें कठघरे में खड़ा किया।

### विशेष सत्र में एलजी पर गरजे आप विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को 'आप' विधायक एलजी वीके सक्सेना पर खूब बरसे। सत्र बुलाने पर एलजी की आपत्ति और उनके द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी गई चिट्ठी मीडिया में लीक होने पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने न सिर्फ उन्हें कठघरे में खड़ा किया बल्कि उनकी कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगाए। इस पर स्पीकर रामनिवास गोयल की अनुपस्थिति में सदन का संचालन कर रही विधानसभा उपाध्यक्ष राखी ने सत्र बुलाने को लेकर एलजी की आपत्ति एवं उनके द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी गई चिट्ठी मीडिया में लीक होने का मामला जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। उन्होंने इस आशय की संभावनाएं तलाशने को भी कहा है कि क्या इस मामले में एलजी को समन भेजा जा सकता है एवं क्या एलजी को विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होने के लिए कहा जा सकता है? इससे पहले विधानसभा के विशेष सत्र की शुरूआत में सत्ता पक्ष के एक विधायक ने कहा कि उपराज्यपाल की ओर से सदन की बैठक बुलाने को लेकर जो आपत्ति जताई थी वो गलत है। उन्हें इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए।

### रविवार को एलजी ने सीएम को लिखी थी चिट्ठी

**वहीं,** स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि रविवार को एलजी ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी। एलजी की वह चिट्ठी मुख्यमंत्री को नहीं मिली क्योंकि वह सीबीआइ मुख्यालय में थे। दूसरी तरफ यह चिट्ठी मीडिया को दे दी गई। आखिर एलजी दफ्तर से कौन यह चिट्ठी लीक कर रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए। वो चिट्ठी सीक्रेट थी, इसके बाद भी वो लीक हो गई। भाजपा को उसका कंटेंट कैसे मिला। एलजी कह रहे हैं कि विधानसभा अध्यक्ष भी सदन की बैठक नहीं बुला सकते हैं। भारद्वाज ने कहा कि एलजी साहब की समस्या यह है कि बिना उनके कहे सदन की यह बैठक क्यों बुलाई गई। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार की सिफारिश पर स्पीकर कभी भी सदन की बैठक बुला सकते हैं। विधानसभा ही एलजी हाउस, सभी विधायकों और बाबुओं को तनख्वाह देती है।

# 'कट्टर बेईमान' निकले दिल्ली के सीएमः बीजेपी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। ताजा मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सीएम अरविंद केजरीवाल से इस्तीफा मांगा है। वहीं, भाजपा नेता दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा, "केजरीवाल एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं और अब वह दिल्ली के लोगों को गुमराह नहीं कर सकते।" भाजपा नेता ने मीडिया से बातचीत में कहा, जिस तरह केजरीवाल खुद को कट्टर ईमानदार बताते हैं, लेकिन वह कट्टर बेईमान हैं। उन्होंने यह सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और अन्य विधायकों-मंत्रियों के लिए भी यह कहा था। इसलिए उन्होंने अपनी विश्वसनीयता खत्म कर ली है, अगर आप कट्टर ईमानदार थे तो अदालत आपके साथ न्याय करती, पर सिसोदिया और जैन को क्यों जमानत नहीं मिली? इस तरह बोलकर आज आप दिल्ली के लोगों को गुमराह नहीं कर सकते। आपने दिल्ली की जनता के लिए काम नहीं किया। न तो आपने यमुना साफ की, न महिलाओं की सुरक्षा की और जो भी काम किए हैं वो सभी भ्रष्टाचार में लिप्त हो कर किए हैं। दिल्ली में एक व्यक्ति के खाते से जुड़े मोबाइल नंबर पर कब्जा किया; फिर डेबिट-क्रेडिट कार्ड बनवाकर लगाया चूना

**ईमानदार की परिभाषा धूमिल कर रहे केजरीवाल :** उन्होंने आगे कहा कि ऐसे लोगों को यह शोभा नहीं देता की वह खुद को कट्टर ईमानदार कहें। वह ऐसा करके इसकी परिभाषा को धूमिल कर रहे हैं। बता दें कि केंद्रीय जांच एजेंसियां करीब एक साल से दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में घोटाले की जांच कर रही हैं।



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह के साथ मेयर पद की उम्मीदवार डॉ शैली ओबरॉय, डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल विक्ट्री साईन दिखाते हुए।

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों से चोरी हुआ सामान बरामद, 5 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** ने सरकारी स्कूलों से सामान चुराने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनके कब्जे से दिल्ली के सरकारी स्कूलों से चुराया गया सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, हाल ही में द्वारका साउथ पुलिस स्टेशन में द्वारका के सेक्टर 6 स्थित एक सरकारी स्कूल के कार्यालय से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी के संबंध में एक शिकायत दर्ज की गई थी। चोरी किए गए सामानों में एक सीपीयू और मॉनिटर शामिल था। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम हर्षवर्धन ने कहा, "जांच के दौरान टेक्नोलॉजी की मदद से बृज किशोर को डाबरी इलाके से पकड़ा गया।" पुलिस पूछताछ में बृज किशोर ने खुलासा किया कि उसने मोसिम से 400 रुपये में मोबाइल फोन खरीदा था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक एचपी स्कैनर और एक प्रिंटर बरामद किया गया है। उसने आगे खुलासा किया कि उसके सहयोगी सचिन और पीयूष भी चोरी में शामिल थे। उसके कब्जे से एक लेनोवो टैबलेट, प्रोजेक्टर और अपराध में इस्तेमाल की जा रही एक बाइक बरामद की गई है।

# भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल से सहानुभूति न रखेंः अजय माकन

## अजय माकन की कांग्रेस से अपील; मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली सीएम को फोन करके समर्थन जताया था

**सलाह**

- अरविंद केजरीवाल और उनके नेताओं पर दिल्ली शराब नीति मामले में भ्रष्टाचार के गंभीर केस दर्ज हैं : माकन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता अजय माकन ने पार्टी से अपील की है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए कोई सहानुभूति न दिखाएं और उन्हें सपोर्ट न करें। माकन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनके नेताओं पर दिल्ली शराब नीति मामले में भ्रष्टाचार के गंभीर केस दर्ज हैं। ऐसे में उनका साथ देने से कांग्रेस कार्यकर्ता कंफ्यूज होंगे और इसका फायदा भाजपा को मिलेगा। एक दिन पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अरविंद केजरीवाल को कॉल करके सीबीआई पूछताछ को लेकर सहानुभूति जताई थी। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को चुनौती देने के लिए विपक्षी एकजुटता की बात भी की थी। इसी को लेकर अजय माकन ने ट्वीट के जरिए अपना पक्ष रखा है।

**केजरीवाल पर लगाया घीगेट का आरोपः** माकन ने ट्वीट किया कि केजरीवाल और उनके साथियों जैसे लोग, जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले दर्ज हैं, उन्हें किसी तरह की हमदर्दी या साथ देने की जरूरत नहीं है। शराब नीति घोटाले और घीगेट जैसे आरोपों की गहराई से जांच होनी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। दरअसल महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने नेताओं और बिचौलियों से बातचीत करने के लिए '15 ग्राम घी' कोडवर्ड का इस्तेमाल किया था। इसका मतलब था- 15 करोड़ रुपए कैश। माकन ने इसी कोडवर्ड का जिक्र करते हुए केजरीवाल को घी घोटाला करने वाला कहा है।

**माकन का ट्वीटः** 'यह पार्टी के नेताओं के लिए यह समझना जरूरी है कि भ्रष्टाचार करके कमाए पैसों को केजरीवाल ने पंजाब, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली समेत कई राज्यों में कांग्रेस के ही खिलाफ इस्तेमाल किया है। अन्ना हजारे के आंदोलन के बाद भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए केजरीवाल ने 2013 में आम आदमी पार्टी की स्थापना की थी। पार्टी ने लोकपाल लाने का वादा किया था, जिसे उस समय विपक्षी पार्टियों ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार का हल बताया था। लेकिन, केजरीवाल ने 40 दिन में ही अपनी सरकार निरस्त कर दी और मजबूत लोकपाल की मांग करने लगे, जिसे बाद में सार्वजनिक किया गया। इसके बावजूद दिसंबर 2015 में केजरीवाल ने लोकपाल का एक हल्का संस्करण पेश किया, जो कि 2014 में पेश किए गए वास्तविक बिल से एकदम अलग था। इससे केजरीवाल की असली नीयत और असली चरित्र सामने आ गया। जिस असली बिल को आधार बनाकर केजरीवाल ने अपनी 40 दिनी सरकार को निरस्त किया था, वह अब तक लागू नहीं हुआ है। 2015 से अब तक केजरीवाल और उनकी पार्टी मजबूत लोकपाल बिल लाने के लिए जोर नहीं लगा पाए।

# शराब नीति केस, कोर्ट ने फिर बढ़ाई सिसोदिया की कस्टडी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शराब नी**ति केस में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की कस्टडी कोर्ट ने फिर एक बार बढ़ा दी है। मनीष अब 27 अप्रैल तक ईडी और 29 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में रहेंगे। कोर्ट ने मामले में गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों अरुण रामचन्द्र पिल्लई और अमनदीप ढल को भी 29 अप्रैल तक ईडी की कस्टडी में भेजा है। बता दें कि शराब नीति मामले में ईडी जहां मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच कर रही है। वहीं सीबीआई अनियमितता के मामले को इन्वेस्टिगेट कर रही है। दोनों मामलों में सिसोदिया की कस्टडी आज खत्म हो रही थी। 3 अप्रैल को कोर्ट ने सीबीआई को सिसोदिया की 17 अप्रैल तक कस्टडी दी थी। इसके दो दिन बाद 5 अप्रैल को कोर्ट ने ईडी को भी उनकी 17 अप्रैल तक की कस्टडी दे दी थी। सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट 18 अप्रैल को सुनवाई करेगी। बता दें कि दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी की हिरासत में हैं। उन्हें 26 फरवरी को सीबीआई ने 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 7 दिन की सीबीआई रिमांड के बाद कोर्ट ने 6 मार्च को सिसोदिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजा था।

**ईडी ने तिहाड़ जेल से मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया थाः** ईडी ने 1 मार्च को शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर बिजनेसमैन को लेकर अमनदीप सिंह ढल को गिरफ्तार किया था। अमनदीप से पूछताछ के बाद एजेंसी ने एक और बिजनेसमैन अरुण रामचंद्र पिल्लई को 6 मार्च को गिरफ्तार किया। इसके बाद एऊदोनों आरोपियों को लेकर तिहाड़ जेल पहुंची और मनी लॉन्ड्रिंग केस में मनीष सिसोदिया से पूछताछ शुरू की। 9 मार्च को एजेंसी ने जेल से ही सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी की टीम इस मामले में गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों के साथ तिहाड़ पहुंची थी।

# आप नेताओं के आरोप पर नाराज हुए एलजी, बयान में सुधार किया जाए...



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में एलजी और केजरीवाल सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। एलजी वीके सक्सेना पर काफी समय से सरकार के काम बाधा डालने के आरोप लग रहे हैं। अब दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है।

**स्वयं के प्रति बयान पर जताई नाराजगीः** एलजी ने पत्र लिखकर पिछले कुछ दिनों में स्वयं के प्रति दिए गए वक्तव्यों पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इसमें तत्काल सुधार किया जाए, अन्यथा उन्हें कानूनी कार्रवाई का सहारा लेना पड़ेगा। हाल के कुछ समय में आप नेताओं और केजरीवाल के मंत्रियों द्वारा दिए गए बयानों का दिल्ली के उपराज्यपाल ने जिक्र किया है।

**बिजली सब्सिडी को लेकर एलजी पर लगे आरोपः** उपराज्यपाल के पत्र के अनुसार, आतिशी ने कहा था कि एलजी ने गलत कानूनी सलाह के आधार पर दिल्ली सरकार की बिजली सब्सिडी को वापस लेने के लिए बिजली विभाग पर दबाव डाला। दूसरे बयान के बारे में लिखा गया कि आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली में बिजली सब्सिडी बंद करना चाहते हैं और पीएमओ के दबाव में एलजी बिजली सब्सिडी में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं।

**एलजी ने पत्र लिखकर मांगा जवाबः** एलजी वीके सक्सेना ने सीएम केजरीवाल को पत्र लिखकर कहा कि इस संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करें, जिससे साबित हो कि उपराज्यपाल, अधिकारियों या राजनीतिक दल के साथ साजिश करके बिजली सब्सिडी को रोकना चाहते हैं। साथ ही कहा कि आपके मंत्रियों और साथियों द्वारा खुले तौर पर यह आरोप लगाया गया है।

# डॉ शैली ओबरॉय ने मेयर पद पर किया नामांकन



**पर्चा दाखिल किया**

- शैली ओबरॉय ने मेयर पद और आले मोहम्मद इकबाल ने डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवार होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी पार्टी** के वरिष्ठ नेताओं के साथ डॉ शैली ओबरॉय ने सोमवार को मेयर पद पर नामांकन किया है। इस बीच राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी की तरफ से शैली ओबरॉय ने मेयर पद और आले मोहम्मद इकबाल ने डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवार होंगे। डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि हम दिल्ली की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। इस दौरान नेता सदन मुकेश गोयल उपस्थित रहे। आगे ओबरॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करना चाहूंगी कि एक बार फिर से मुझे मौका दिया। पूरी दिल्ली की जनता ने हमें बड़ा बहुमत दिया है। ऐसे में दिल्ली की जनता को हमसे बहुत उम्मीदें हैं। वह दिल्ली को नए रूप में देखना चाहते हैं। हम पूरी कोशिश करेंगे कि आने वाले समय में दिल्ली की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें। उन्होंने कहा कि हम आने वाले कार्यकाल में पूरी ईमानदारी और मेहनत से दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे।

# एक ने दूसरे से कहा तैयार हो, फिर गला दबाकर लूट लिया फोन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कश्मीरी गेट इलाके में शौचालय** में लघुशंका करने आए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अतिरिक्त निजी सचिव का दो बदमाशों गला दबाकर मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात में पीड़ित बेहोश हो गए। जब उन्हें होश आया तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। मामले में फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार आदिप भुजेल अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में अतिरिक्त निजी सचिव के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार शाम सात बजे वह अपने एक जानकार से मिलने कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर तीन पर खड़े थे। वह पास के शौचालय में लघुशंका करने गए, वहां पर पहले से दो युवक मौजूद थे। इस दौरान एक युवक ने दूसरे से कहा कि तैयार हो, तो दूसरे ने कहा कि हां, इसके बाद एक युवक ने पीड़ित का गला दबा दिया, दूसरे ने चाकू मारने की धमकी देकर उनके पैंट में रखा मोबाइल लूट लिया। इस बीच पीड़ित बेहोश हो गए। होश आने के बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ...तो जरा संभलकर चलाएं गाड़ीः पूर्वी दिल्ली के खजूरी इलाके की एक यह बात भी है 'खास'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अगर** आप पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके से गुजर रहे हैं तो जरा संभलकर रहें। एक जनवरी से 31 मार्च तक खजूरी खास इलाके में शराब पीकर वाहन चलाते हुए सबसे ज्यादा 479 वाहन चालक पकड़े गए हैं। वर्ष 2023 में एक जनवरी से लेकर 31 मार्च तक शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस अवधि में शराब पीकर वाहन चलाते हुए 5384 वाहन चालक पकड़े गए। रात में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस लगातार सक्रिय है। इसके बाद शाहदरा इलाका दूसरे नंबर पर बना हुआ है जबकि वर्ष 2022 में पूरे साल पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में शराब पीकर वाहन चलाते हुए सबसे ज्यादा मामले पकड़े गए थे। ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पकड़ने के लिए कठोर कदम उठाने शुरू कर दिया है। यहीं कारण है कि इस वर्ष के शुरूआती तीन महीनों में शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़े गए लोगों की संख्या 5384 पहुंच गई। जबकि वर्ष 2022 के शुरूआती तीन महीनों में ये संख्या मात्र 399 और वर्ष 2021 में सिर्फ 286 थी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की ओर से नशे में ड्राइविंग के खिलाफ कार्यवाही करने का मुख्य उद्देश्य खास कर रात के समय सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा करना है। पुलिस मानती है कि रात कि समय सड़क दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण शराब पीकर वाहन चलाना है।



**रात नौ से 12 बजे तक चलता है अभियानः** ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैफिक पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पकड़ने के लिए हर रात नौ से रात 12 बजे तक ड्रंकन ड्राइविंग अभियान चलाया जाता है। ट्रैफिक पुलिस के 67 सर्किल हैं। हर सर्किल में ड्रंकन ड्राइविंग अभियान की तीन-तीन पिकेट लगाई जाती है। यही वजह है कि वर्ष 2023 के शुरूआती तीन महीनों में अब तक के शराब पीकर वाहन चलाने वाले सबसे ज्यादा पकड़े गए है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त एसएस यादव की आदेश पर साल की शुरूआती से ये अभियान चलाया जा रहा है।

### पकड़े जाने पर यह है जुर्माना

- मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत चालान होता है।
- अदालत 10 से 25 हजार रुपये तक चालान करती है।
- कई बार अदालत एक दिन के लिए जेल भेज देती है।
- मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत वाहन जब्त।
- तीन महीने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस का निलंबन कर दिया जाता है।
- सबसे ज्यादा मदहोश यहां...
- ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने को लेकर क्षेत्रवार विश्लेषण किया तो पता लगा कि सबसे ज्यादा उल्लंघनकर्ता पंजाबी बाग क्लब रोड, राजौरी गार्डन, नजफगढ़ रोड, लाजपत नगर, सरिता विहार, बदरपुर, महरौली, हौजखास और वसंतकुंज इलाके में पाए गए।

## न्यूज फ्लैश

### दर्शन करने जा रही वृद्धा की ट्रक की चपेट मे आने से मौत

**मथुरा।** राया थाना क्षेत्र के हाथरस मथुरा मार्ग पर सुबह गंगा जी से स्नान कर लौट रहे सादाबाद के गाँव आरती निवासी वृद्धा की ट्रक की चपेट मे आने से मौत हो गई प्राप्त जानकारी अनुसार सादाबाद के आरती गांव निवासी रवि पुत्र ठाकुरदास ने बताया वे अपनी मां किरण देवी बुआ शकुंतला देवी 60 वर्ष भाभी पूरन देवी भाई योगेश के साथ दो बाइक पर गंगा जी से स्नान कर कोसी स्थित खुशाली बाबा दर्शन को जा रहे थे तभी राया के हाथरस रोड पर जाम होने के कारण बाइक को रोड से किनारे पर खड़ा कर दिया तभी पीछे से आते ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार शकुंतला देवी वाईक के असंतुलित होने से गिर गई ओर ट्रक के नीचे आ गई जिससे उनकी मोके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा व ट्रक को कब्जे मे कर आवश्यक कार्यवाही की ट्रक चालक मौका पाकर फरार हो गया थाना प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर ने बताया मृतका के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकददमा पंजीकृत कराया जायेगा

### पुलिस मुठभेड़ में दो गोली लगने से दो बदमाश घायल

**मथुरा।** वृन्दावन में अप्रैल की रात्रि में परिक्रमा मार्ग पर निधिवन के पास ई रिक्शा चालक को गोली मारकर महिला श्रद्धालु का पर्स लूटने की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। कब्जे से दो तमंचा, चार खोखा व चार जिंदा कारतूस, एक लूटा हुआ महिला का पर्स, एक बाइक व 20 हजार रुपये बरामद किए हैं। थाना वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत देवरहा बाबा घाट के पास कुम्भ क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि रात्रि में परिक्रमा मार्ग पर निधिवन के पास ई रिक्शा चालक को गोली मारकर महिला श्रद्धालु का पर्स लूटने के अभियोग में रिंकू पुत्र अर्जुन सिंह स्थाई पता ग्राम भगवान गढ़ी गोरई थाना इगलास जनपद अलीगढ़, अस्थाई पता श्याम कुंज कॉलोनी लक्ष्मी नगर डेहरुआ फाटक थाना जमुनापार पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनों पैर में गोली से घायल हो गया। योगेश उर्फ टिर्री पुत्र मुकेश स्थाई पता खमानी गढ़ी दाऊजी थाना बलदेव अस्थाई पता कॉलोनी कृष्णा एन्क्लेव डेहरुआ फाटक के पास थाना जमुनापार के एक पैर में गोली लगी है। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिंकू के विरूद्ध मथुरा जनपद के थानों में 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### गौ रक्षकों ने बेहतर गौरक्षा के लिए की बैठक

**मथुरा।** विश्व जागरण मानव सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं गौ रक्षा दल के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक मावली स्थित गौ तीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला में आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न प्रांतों से आए गौ रक्षा दल के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों द्वारा गौ माता की रक्षा का संकल्प लिया गया। तुलसी पीठाधीश्वर पुराण मनीषी आचार्य कौशिक महाराज ने कहा कि आए दिन गौवंश चोरी व गौ कटान के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। जिससे मन को बहुत कष्ट होता है। कहा कि हम पूरे देश में नही तो अपने ब्रज एवं आसपास के क्षेत्र में गौवंश की रक्षा का प्रयास तो कर ही सकते हैं। आज हम सभी को मिलकर गौ हत्या बंद कराने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देशभर में गोरक्षा के लिए कानून बने हैं। कानून के आधार पर ही काम करें, अगर कहीं कुछ गलत हो रहा है, तो कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### एकादशी पर परिक्रमार्थियों को किया ठंडाई का वितरण

**मथुरा।** एक माह में दो बार पड़ने वाली एकादशी का हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्व बताया गया है। एकादशी का व्रत करने से अत्यधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसी क्रम में वरुथिनी एकादशी के पावन अवसर पर आज हजारों की संख्या में भक्तों ने श्री धाम वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा लगाई। श्री धाम वृंदावन की परिक्रमा मार्ग में गोपाल खार स्थित श्री राधा प्रसाद धाम आश्रम पर परिक्रमा लगाने वाले परिक्रमार्थियों के लिए ठंडाई वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महंत मोहनी शरण महाराज ने बताया कि श्री स्वामी हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज जी की प्रेरणा से वरुथिनी एकादशी के पावन पर्व पर लगभग दो कुंटल दूध की ठंडाई शरबत का वितरण किया गया। हरीदासीय पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज ने बताया कि एकादशी के दिन किये गए धार्मिक कार्य, दान, यज्ञ आदि के कई गुना फल प्राप्त होता है। प्रातकाल नदी में स्नान कर भगवान विष्णु की पूजा करने से समस्त पापों का नाश होता है। कहा जाता है कि कुरुक्षेत्र में सूर्यग्रहण के समय एक मन स्वर्ण दान करने से जो फल मनुष्य को मिलता है। वही फल वरुथिनी एकादशी का व्रत करने मात्र से प्राप्त हो जाता है।

# सब्जी मंडी मार्केट के दुकानदारों ने बीच का आभार जताया

## किराएदारों को दुकानों की रजिस्टरी अपने नाम कराने के लिए दिक्कत नहीं होगी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि नगर परिषद के 20 साल से ज्यादा पुराने किराएदारों को दुकानों की रजिस्टरी अपने नाम कराने के लिए दिक्कत नहीं होगी और नगर परिषद में ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि सिंगल विंडो पर ही सभी कार्य पूरे हो सकें। विज ने कहा कि सरकार ने नगर पालिकाओं के 20 साल पुराने किराएदारों को मालिक बनाने और रजिस्टरी कराने का एलान किया है



जिससे लोग खुशी का इजहार कर रहे हैं। आज विज के आवास पर इंदिरा चौक मार्किट और होलसेल सब्जी मंडी के दर्जनों दुकानदारों ने मंत्री अनिल विज का आभार जताया। फूलों की वर्षा करते हुए दुकानदारों ने कहा कि उनके लिए विज ने ऐसा कार्य किया है जिसे वह तहे दिल से आभारी है। दुकानदारों ने बताया कि अब वह दुकानों के मालिक बने हैं और आगे वह दुकानों कर रजिस्टरी कराकर दो-तीन मंजिला अपनी दुकानें बना सकेंगे। गृह मंत्री अनिल विज ने दुकानदारों से आह्वान किया कि वह एक जैसी मार्केट बनाए जिससे समूचा बाजार सुंदर दिख सके।

दुकानदारें ने अनिल विज जिंदाबाद के नारे लगाए और विज का आभार जताया। इस अवसर पर इंदिरा चौक मार्केट से लक्की, रामपाल, विपिन, विवेक कपूर, अरविंद, बौनी, आशीष मल्होत्रा, प्रवीण, अजय, लक्की, गोबिंद, पायल, बुद्धिराजा, अंजन मोंगा, अनु जैन, बलबीर के अलावा होलसेल सब्जी मंडी से पूर्व पार्षद सुरेंद्र बिंद्रा, जोगिंद्र, वरूण सहगल, हर्ष बिंद्रा, रमेश, भोली बिंद्रा, तिलक राज, योगेश, परमजीत बत्तरा, अमृत लाल के अलावा भाजपा नेता सुरेंद्र तिवारी एवं अन्य मौजूद रहे। गांधी मार्केट, बिहाइंड राय मार्केट एसोसिएशन, राय मार्किट सुप्रीम एसोसिएशन, गर्वमेंट कालेज के निकट दुकानदार, सब्जी मंडी (हिल रोड) के अलाव अन्य बाजारों के दुकानदार भी गृह मंत्री अनिल विज का आभार व्यक्त कर चुके हैं।

## निकाय चुनाव: राजनीतिक दलों ने रण में उतारे महारथी



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** जनपद में प्रतिष्ठित मथुरा वृंदावन नगर निगम मेयर पद का चुनाव रोचक दौर में पहुंच गया है। सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन था। भारतीय जनता पार्टी ने सबसे आखिर में देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर रविवार की देर शाम अपने पत्ते खोले। पार्टी में महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल को मेयर पद का प्रत्याशी बनाया है। हालांकि विनोद अग्रवाल के प्रत्याशी घोषित होने की अपुष्ट सूचनाएं लगातार पार्टी नेताओं की ओर से आ रही थीं। पुष्टि होने में विलंब को रणनीति बताते हुए सबसे आखिरी में पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि वार्डों सहित, कोसी नगर पालिका और नगर पंचायतों के लिए प्रत्याशी पहले ही घोषित कर दिये गये थे। बसपा से दो बार के विधायक रह चुके राजकुमार रावत ऐन मौके पर बसपा से कांग्रेस में आए और अब कांग्रेस की ओर से मेयर पद के प्रत्याशी हैं। हालांकि पूर्व चेयरमैन राजकुमार रावत और भाजपा से कांग्रेस में आए कुंवर सिंह निषाद भी दावेदार माने जा रहे थे।

## शामली के नगर पालिका क्षेत्र वार्ड नंबर 19 से विपिन कुमार ने सभासद पद हेतु भरा नामांकन पत्र



**टीम एक्शन इंडिया/शामली**
**शामली** जनपद के नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 से सभासद पद हेतु प्रत्याशी विपिन कुमार (राणा) ने दिनांक 17 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को अपने निवास स्थान से गली नंबर -2, विश्वकर्मा नगर जनपद शामली से चलकर प्रातः 10:00 बजे अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र भरने तहसील पहुंचे और पूरे जोर-शोर के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र भरने के बाद विपिन कुमार (राणा) ने अपने सभी साथियों, सभी इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों, समर्थकों एवं वार्ड नंबर 19 के सभी वासियों से आग्रह किया कि मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान करें और भारी बहुमत से मुझे विजई बनाएं ताकि मैं अपने वार्ड का और वार्ड के वासियों की सेवा कर सकूं।

## धार्मिक पर्यटन के लिए बड़ी प्लानिंग की जरूरत: हेमा मालिनी

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी ने कहा है कि मथुरा वृंदावन में धार्मिक पर्यटन को नियंत्रित करना मुश्किल हो रहा है। मथुरा में पिछले दो साल में श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक बढ गई है। यहां बडे स्तर पर सौंदर्यीकरण होना है। धार्मिक पर्यटन को नियंत्रित करने के लिए बहुत बड़ी प्लानिंग की जरूरत है। इन सब चीजों को नियंत्रित करना होगा। इसके लिए नियोजित तरीके से काम मिलजुल कर करना होगा। ऐसे ही चलेगा तो बहुत मुश्किल है। सांसद हेमा मालिनी मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी विनोद अग्रवाल का नामांकन कराने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंची थी। विनोद अग्रवाल की जीत का दावा भी किया। पिछले साल में जो काम होना था वह नहीं हुआ है।

## सपा, रालोद ने उतारे संयुक्त प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**समाजवादी** पार्टी और रालोद ने नगर निकाय चुनाव में संयुक्त प्रत्याशी उतारे हैं। नगर निगम वार्ड नम्बर 43 से पंडित लीला प्रधान गणेशरा ने हैंड पंप के चुनाव चिन्ह पर राष्ट्रीय लोक दल, समाजवादी पार्टी, आजाद समाज पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। रमेश सैनी ने अपने समर्थकों के साथ मथुरा नगर निगम चुनाव में महापौर के पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया। लोकेश कुमार राही ने वार्ड नंबर 20 मथुरा नगर निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पार्षद पद के लिए नामांकन किया है। वार्ड संख्या 69, रतन छतरी क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने नए नवेले नेता शरद सैनी को उम्मीदवार घोषित किया है।



आपको बता दें, कि शरद सैनी हिंदू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष रह चुके हैं और वह पहली बार चुनावों में अपना हाथ आजमा रहे हैं। वही कांग्रेस पार्टी ने सभासद रह चुके घनश्याम चौधरी को मैदान में उतारा है। आपको बता दें कि पिछले कार्यकाल में घनश्याम चौधरी भारतीय जनता पार्टी के मुन्नालाल से हार गए थे, लेकिन उसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी ने घनश्याम चैधरी पर विश्वास जताते हुए वार्ड संख्या 69 से उम्मीदवार घोषित किया है। वही प्रधान रह चुके श्याम निषाद ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में वार्ड संख्या 69 से अपनी उम्मीदवारी पेश की है। तीनों ही प्रत्याशियों के द्वारा सोमवार को अपना नामांकन पत्र भर दिया गया है और तीनों ही प्रत्याशी मतदाताओं को अपनी ओर रिझाने में लगे हुए हैं। तीनों प्रत्याशी मतदाताओं से वादे कर रहे हैं और मतदाताओं की मांग की कसौटी पर खरे उतरने की बात कह रहे है।

## निगम ने अक्षय तृतीया, ईद उल फितर की शुरू की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** आगामी अक्षय तृतीया एवं ईद उल फितर के दृष्टिगत नगर आयुक्त अनुनय झा द्वारा नगर निगम मथुरा वृन्दावन के सभी अधिकारियों के साथ नगर निगम कार्यालय में बैठक की गयी। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर उपस्थिति अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये। अक्षय तृतीया पर श्री बांके बिहारी मन्दिर, सप्त देवालयों, श्री द्वारिकाधीश मन्दिर, श्रीकृष्ण जन्म स्थान, प्रेम मंदिर आदि प्रमुख मन्दिर पर तीन शिफ्टों में सफाई करने के




साथ मुख्य मार्गों पर स्थित डलाव घरों को भी तीन शिफ्टों में साफ कराया जाएं। इसी के साथ शाही ईदगाह एवं सभी छोटी बड़ी मस्जिदों पर विशेष सफाई कराई जाए। स्थलों पर रंगीन चूना छिड़काव कराया जाए। पेयजल आपूर्ति सुचारू रहे, पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाए। आवश्यक्तानुसार टैंकरों को विषम परिस्थिति के लिए रिजर्व रखा जाए। प्रमुख मंदिरों के पास, कच्चे परिक्रमा मार्ग पर पानी का छिड़काव कराया जाये। उक्त पर्व पर किसी भी दशा में सीवर चैम्बर ओवर फ्लो न हो पाये। रात्रि के दौरान स्ट्रीट लाइट सुचारू रहे। प्रमुख मन्दिरों एवं मजिस्दों के पास अंधकार की स्थिति उत्पन्न ना हों।

मस्जिदों के आसपास एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में आवश्यकतानुसार पैच मरम्मत का कार्य कराया जाये। बैठक में क्रांति शेखर अपर नगर आयुक्त, अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, राजकुमार मित्तल सहायक नगर आयुक्त, अजय कुमार मुख्य अभियन्ता, विजय नारायण मौर्य महाप्रबंधक जल, एसपी मिश्र अधिशासी अभियन्ता सिविल, रिजवान अहमद अधिशासी अभियन्ता, सुरेन्द्र सिंह क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, रामानन्द त्यागी क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सहायक अभियन्ता, समस्त अवर अभियन्ता तथा समस्त सफाई निरीक्षक उपस्थिति रहे।

## 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण एचउएन2 समेत फ्लू के 4 स्ट्रेन से बचाने में सहायक

**गाजियाबाद: आईसीएमआर** की तरफ से हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट में सामने आया है कि एच3एन2 वायरस के कारण होने वाले फ्लू के मामले पूरे देश में बढ़ रहे हैं। वायरस का यह स्ट्रेन लंबे समय तक बीमारी का कारण बनता है और अन्य वायरस स्ट्रेन से होने वाले फ्लू संक्रमण की तुलना में इसके कारण अस्पताल में भर्ती होने के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। जिन लोगों की प्रतिरक्षा शक्ति कमजोर होती है, उनमें न्यूमोनिया, ब्रोंकाइटिस एवं दौरे पड़ने का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे कुछ मामलों में एच3एन2 संक्रमण जानलेवा भी साबित हो सकता है। आईसीएमआर के आंकड़े दिखाते हैं कि पिछले तीन महीने में अस्पताल में भर्ती होने वाले एच3एन2 से संक्रमित एसएआरआई (सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन) के 10 प्रतिशत मरीजों को ऑक्सीजन देने की और 7 प्रतिशत को आईसीयू में भर्ती होने की जरूरत पड़ी। विभिन्न स्वास्थ्य प्राधिकरण संक्रमण की ज्यादा आशंका वाले लोगों जैसे स्वास्थ्यकर्मियों, गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों, 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों और 6 महीने से 5 साल की उम्र तक के बच्चों को सीजनल फ्लू वैक्सीनेशन का सुझाव देते हैं। पीडियाट्रिशियन डॉ. विनीत त्यागी ने कहा, ह्यइस साल बच्चों में फ्लू संक्रमण के मामले ज्यादा देखे जा रहे हैं। इनमें से ज्यादातर इन्फ्लूएंजा ए वायरस के सब-टाइप एच3एन2 से संबंधित संक्रमण हैं। 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण एच3एन2 समेत फ्लू के 4 स्ट्रेन से बचाने में सहायक हो सकता है। मैं अभिभावकों को सुझाव देता हूं कि इस संबंध में अपने डॉक्टर से परामर्श करें।

## मंदिर के महंत ने लगाया चौथ मांगने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**थाना** छाता के गांव अकबरपुर स्थित एक मंदिर के महंत ने गांव के ही दबंग व्यक्ति पर चौथ वसूली का आरोप लगाते हुए थाने में नामजद व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है। थाना पुलिस द्वारा तहरीर पर कोई कार्यवाही न किए जाने पर महंत ने पुलिस के आला अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। गांव अकबरपुर स्थित गोपालजी मंदिर अनाथ गौशाला के महंत मदनमोहन दास महाराज द्वारा पुलिस अधिकारियों और मुख्यमंत्री मंत्री को भेजे शिकायती पत्र में गांव अकबरपुर के युवक पर चौथ वसूली का आरोप लगाया है। महंत मदनमोहन दास ने बताया कि युवक आये दिन अपने कुछ साथियों के साथ जबरन मंदिर में घुस आता है और मंदिर के चढ़ावे का हिस्सा मांगता है। कई बार हथियार दिखाकर चढ़ावे को उनसे छीनकर ले गया है।

## तीन नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदारों ने किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** कस्बा राया में नगर पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को भाजपा प्रत्याशी सहित तीन नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदारो ने पर्चा दाखिल किया। वहीं वार्ड तीन से सभासद पद के लिए आस मोहम्मद पुत्र सलाम मोहम्मद, वार्ड 10 से अमित अग्रवाल ने तथा वार्ड 12 से रुखसाना पत्नी अयूब ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सादाबाद रोड स्थित कार्यालय से अपने समर्थकों व भाजपा कार्यकताओं के साथ नगर मे जनसंपर्क कर मांट तहसील में अपना नामांकन किया। इस दौरान योगेंद्र शर्मा नत्थीलाल शर्मा राकेश बंसल



रामप्रकाश शर्मा कृष्ण कुमार शर्मा, अंकुर देवा प्रधान, अंकित शर्मा वीरेंद्र शर्मा मुकेश पाठक चन्द्रपाल निषाद आदि मौजूद रहे। भूपेश अग्रवाल ने बलदेव रोड कार्यालय से अपने दलबल के साथ जनसंपर्क किया नगर के लोगों ने साफा बांधकर स्वागत किया व मांट में दिव्या अग्रवाल के साथ नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रदीप अग्रवाल गिरधारी लाल अग्रवाल अखिल गोयल रविकांत वर्मा महेंद्र गर्ग देवेश अग्रवाल मुकेश चैधरी अमित अग्रवाल श्रीमती दिव्या अग्रवाल कामिनी अग्रवाल सपना चौधरी साधना अग्रवाल श्याम सुंदर अग्रवाल गौरब गुप्ता आदि मौजूद रहे।

वही पूर्व चेयरमैन कृष्णकांत अग्रवाल ने नगर मे जनसम्पर्क कर मांट जाकर नामांकन किया इस दौरान राजेश गोयल, राकेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुभास अग्रवाल, पवन अग्रवाल, हरेंद्र चैधरी, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## रोहतक के टाटा आईपीएल फैन पार्क में जियो सिनेमा पर मैच देखने के लिए हजारों प्रशंसकों की भीड़ इकट्ठा हुई

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**टाटा इंडियन** प्रीमियर लीग के डिजिटल राईट होल्डर, जियोसिनेमा ने रोहतक में चल रहे रोमांचक टाटा आईपीएल फैन पार्क में फैंस को आमंत्रित कर लीग के उत्साह को चरम पर पहुँचा दिया। सप्ताहांत में हजारों से अधिक लोग अपनी पसंदीदा टीमों के समर्थन में आए। शनिवार को हुए मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 2 विकेट से हराया।टाटा आईपीएल फैन पार्क में प्रवेश निशुल्क था और इन दोनों ही मैचों की लाईव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा ऐप द्वारा एक विशाल एलईडी स्क्रीन पर हो रही थी। रोहतक में ओल्ड आईटीआई दशहरा ग्राउंड एक मनोरंजन केंद्र में तब्दील हो गया था, जहाँ लोग अपने दोस्तों और परिवारों के साथ न केवल एक-एक पल का लाईव एक्शन देख रहे थे, बल्कि मैच का पूरा आनंद भी ले रहे थे। टाटा आईपीएल फैन पार्क में हर उम्र के लोगों के लिए विविध तरह के आकर्षण थे। यहाँ एक समर्पित फैमिली जोन, किड्स जोन, फूड एवं बेवरेजेस, और जियोसिनेमा एक्सपीरियंस जोन थे।फैन पार्क क्रिकेट को हर इंटरनेट यूजर और इंटरनेट का उपयोग करने वाले हर समुदाय तक पहुँचाने के लिए जियोसिनेमा के विस्तृत प्लान का हिस्सा था। 35 से ज्यादा शहरों और कस्बों में फैंस को टाटा आईपीएल फैन पार्क्स में आमंत्रित किया गया। अपनी डिजिटल फर्स्ट प्रस्तुतियों का विस्तार करते हुए जियोसिनेमा 13 राज्यों में पहली बार डिजिटल स्क्रीन पर आउट-ऑफ-होम स्पोर्ट्स व्यूइंग संभव बना रहा है।रोहतक में टाटा आईपीएल फैन पार्क भारत में दूर-दूर तक फैले फैंस को संलग्न करने की एकमात्र कोशिश नहीं है। इससे पहले जियोसिनेमा ने पिछले हफ्ते जीतो धन धना धन प्रतियोगिता भी पेश की थी। इस प्रतियोगिता में फैंस को हर मैच में एक कार जीतने का मौका मिलता है, जिससे पारंपरिक तरीके से मैच देखने के मुकाबले टाटा आईपीएल पर मैच देखने का अनुभव और ज्यादा रोमांचक बन जाता है।

## करण ने जीता टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप खिताब

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पिछले दो दिनों** से टॉप स्पॉट पर चल रहे बांग्लादेश के जमाल हुसैन के साथ अन्य गोल्फरों को पिछाड़ते हुये फरीदाबाद के करण प्रताप सिंह ने टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप 2023 पर कब्जा जमा लिया है। चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खेले गये फाईनल दौर के मुकाबले में करण प्रताप 70 - 70 - 68 - 70 के साथ कुल 10 - अंडर 278 का स्कोर बनाकर चैंपियन बने। ओम प्रकाश चॉहान और अर्जुन शर्मा कुल 9 - अंडर 279 के स्कोर के साथ संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर रहे। दिल्ली के कपिल कुमार और बांग्लादेश के जमाल हुसैन 8



- अंडर 280 के स्कोर के साथ संयुक्त रुप से तीसरे स्थान पर रहे। वहीं चंडीगढ़ के जयराज सिंह संधू और करण ने कहा कि वे 2019 में प्रोफेशनल गोल्फर बनें। हरेन्द्र गुप्ता कुल 6 - अंडर 282 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे। करण को 15 लाख रुपये की इनामी राशि प्राप्त हुई। इस जीत के साथ ही वह पीजीटीआई रैंकिंग में छठे से तीसरे पायदान तक पहुंच गये।

## बरेली से मथुरा पहुंची छात्रा को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

**8 बेटी को पाकर परिजन बेहद खुश थे। उन्होंने मथुरा पुलिस का आभार व्यक्त किया और छात्रा को साथ लेकर बरेली लौट गए**



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** मां की डांट से क्षुब्ध होकर बरेली से मथुरा चली आई छात्रा को पुलिस ने परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। बेटी को पाकर परिजन बेहद खुश थे। उन्होंने मथुरा पुलिस का आभार व्यक्त किया और छात्रा को साथ लेकर बरेली लौट गए। एसएचओ थाना गोविन्द नगर ललित भाटी ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अपनी मां से किसी बात पर नाराज होकर मथुरा चली आई। यहां वह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दर्शन करने पहुंची। मथुरा आकर वह भटक गई। इसी बीच एक ऑटो चालक बालमुकुन्द पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी राधेश्याम कालोनी थाना गोविंद नगर ने समझदारी दिखाई और छात्रा को थाना गोविन्द नगर ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। महिला पुलिसकर्मियों ने छात्रा से पूछताछ कर बरेली में छात्रा के परिजनों को सूचित कर कर दिया। सूचना मिलने पर छात्रा की मां मां परवीन, चाचा बंटू कश्यप पुत्र रामकुमार, मामा प्रदीप पुत्र ओमप्रकाश मथुरा पहुंचे। बेटी को पाकर मां और अन्य परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पुलिस ने बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्ची को पाकर परिजन बहुत खुश थे।

# भारतीय यादव महासभा ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कहते** हैं प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती, लेकिन जब उस प्रतिभा को सार्वजनिक मंच से सम्मानित किया जाता है, तो वह अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का काम करती है। कुछ ऐसे ही प्रतिभावान लोगों की हौसला अफजाई करने के मकसद से दिल्ली में यादव समाज द्वारा दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारतीय यादव महासभा के बैनर तले आयोजित इस सम्मान समारोह में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही



इस मौके पर भारतीय यादव महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मास्टर चरण सिंह व संस्था के समस्त पदाधिकारी के साथ यादव समाज के अन्य लोग भी मौजूद रहे। मंच का संचालन अनिल इंजीनियर ने बखूबी किया।



इस कार्यक्रम के माध्यम से उन लोगों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम लहराते हुए बेहतर स्थान हासिल किया। समारोह के मुख्य अतिथि राव इंद्रजीत सिंह से सभी प्रतिभाओं को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत में सभी लोगों को सम्मान प्रतीक पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। आए हुए सभी लोगो में एक खुशी का माहौल देखने को मिला।
इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सभी को बधाई का पात्र बताया और इस कार्यक्रम की जमकर सराहना की। आपको बता दें कि इस समारोह का मकसद था समाज में प्रतिभा का दम भरने वाले तमाम प्रतिभावान लोगों का मनोबल बढ़ाना, ताकि ऐसे लोगों से समाज के अन्य लोग भी प्रेरणा लें, और समाज का नाम रौशन कर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।




शराब घोटाले के सरगना केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर राजघाट पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, जीवन लाल व अन्य।

## केजरीवाल ने विधानसभा को झूठे प्रपंच फैलाने का मंच बना दिया है: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह खेदजनक है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं सत्ताधारी आम आदमी पार्टी गत 8 साल से विधानसभा सदन का उपयोग जनहितकारी योजनायें बनाने या जनता से जुड़े मसलों पर चर्चा करने के लिये करने के अपने ओछे मक्कारी से परिपूर्ण राजनीतिक ऐजेंडे को आगे बढ़ाने के लिये कर रही हैं।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि गत साल में जहाँ केन्द्र सरकार ने चौमुखी विकास को आगे बढ़ाते हुऐ देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की 5 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित कर दिया है तो वहीं गत 8 साल में अरविन्द केजरीवाल सरकार ने



दिल्ली का विकास ठप्प कर दिया है भ्रष्टाचार इस सरकार का पर्याय बन गया है।
उन्होंने आगे बताया कि जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद को पूजनीय माना है वहीं केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा को झूठे प्रपंच फैलाने का मंच बना दिया है।



भारतीय साहित्यिक विकास मंच के द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी के दौरान कवि जगदीश मीणा, ममता लड़ीवाल व अन्य कविगण।

# माता मनजीत कौर को नम आंखों से लोगों ने दी श्रद्धांजलि


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** अकाली दल के अध्यक्ष व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा की माता मनजीत कौर जी की अंतिम अरदास गुरद्वारा सिंह सभा मानसरोवर गार्डन में की गई। इस कार्यक्रम में सामाजिक, धार्मिक, व्यापारी व अन्य संस्थाओं के काफी संख्या में सदस्यों ने पहुंच कर माता मनजीत कौर जी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरदेव सिंह, सिख नेता गुरचरण सिंह बब्बर, परमजीत सिंह चंडोक, हरपाल सिंह कोचर,परमिंदर सिंह साहनी, भाजपा नेता विरेंदर बब्बर, भारत भूषण मदन, राजकुमार लंबा, विजेंदर



यादव, कांग्रेसी नेता गुरचरण सिंह राजू, राजकुमार राजू, रमेश पोपली, राजेश चोपड़ा, रजिंदर सिंह, प्रमुख समाज सेवीका अचार्य जीतू, एसएचओ बाड़ा हिंदू राव गुरनाम सिंह, दिल्ली पुलिस इंस्पेक्टर राम मनोज मिश्रा, दिल्ली फायर सर्विस के डिप्टी कमिश्नर एस दुआ, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय प्रकाश जैन, जनरल मर्चेंट के प्रदीप गुप्ता, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के संयोजक पवन कुमार, अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र चौधरी सिंह, रोशन लाल आनंद राजकुमार कुमार, सतपाल सिंह आनंद, दिल्ली व्यापार महासंघ के देवराज बवेजा,



कंफेडेरशन सदर बाजार के प्रवीण आनंद अजय बजाज, अशोक लांबा, तेलीवाड़ा हार्डवेयर संगठन के रूप में राजेंद्र शर्मा, महामंत्री राजीव छाबड़ा, व्यापारी नेता राजीव साहनी, कपिल, कपिल रस्तोगी, जसविंदर छाबड़ा, कमल कुमार, रोशन आनंद, हरजीत सिंह छाबड़ा, राजेंद्र कुमार गुप्ता, नेशनल अकाली दल से भावना धवन बिंदिया मल्होत्रा ,मनजीत सिंह, दलजीत सिंह चग्गर, आईपीएस बेदी, अवतार सिंह नरूला सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख ने अपने श्रद्धा के फूल माता मनजीत कौर जी के चरणों में अर्पित किए।
इस मौके पर कई लोगों ने अपने-अपने विचार भी रखे।



आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान आदर्श नगर क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, निगम पार्षद मुकेश गोयल, शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के आप नेता बाबूलाल व अन्य कार्यकर्ता।



ACTION INDIA

**साक्षात्कार...**
**मनोज सिंघल**
**प्रधान**

# गौ सेवा करने में आगे हैं श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार

4 गाय की सेवा से तीर्थ करने के बराबर पुण्य मिलता है और गाय की सेवा करने वाले व्यक्ति के जीवन में सुख एवं समृद्धि बनी रहती है, इसलिए सभी को गौ माता की सेवा करनी चाहिएः मनोज सिंघल प्रधान

4 श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार के द्वारा गौ ग्रास रिक्शा का संचालन हो रहा है और धार्मिक आयोजन और कीर्तन व भंड़ारा भी किया जाता है।





**जिन्दगी कांटो का सफर है,**
**हौसला इसकी पहचान है,**
**रास्ते पर तो सभी चलते है,**
**जो रास्ते बनाये, वही,**
**तो इंसान है।**

**आज** हम आपकी मुलाकात ऐसे गौ भक्त और समाजसेवक से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां बात कर रहे है। श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार के प्रधान मनोज सिंघल की।

**कौन है मनोज सिंघल**

मनोज सिंघल श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार के प्रधान होने के साथ-साथ क्षेत्र की कई संस्थाओं से जुड़े हुए है।
आपको यह भी बतादें कि मनोज सिंघल गरीब,जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करने में हमेशा ही आगे रहते है, इन दिनों गौ सेवा के चलते आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में काफी चर्चा में है मनोज सिंघल।

**श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार के उद्देश्य**

श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार का उद्देश्य गौ रक्षा और गौसेवा करना है और क्षेत्र में स्वच्छता रहे, इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार के द्वारा गौ ग्रास रिक्शा का संचालन हो रहा है, श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन करना, कीर्तन व भंड़ारा व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

**श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार की ओर से कोरोना में 'राधा रसोई' चलाई गई थी...**

लॉकडाउन के दौरान श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार के द्वारा राधा-रसोई चलाकर सैकड़ो गरीब व असहाय व प्रवासियों की सहायता की गई थी।

**भविष्य की योजनाएं...**

श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार की योजना है कि दिल्ली के कई क्षेत्रों में गौ ग्रास रिक्शा चलाया जाये और गऊशाला बनवाई जाये।

**ये है श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार की टीम**

टीम में संरक्षक सुरेश गोयल(प्रधान आरडब्ल्यूए) और पुनीत कोहली, मुख्य सहयोगी मुकेश गोयल, माधव अग्रवाल (अशोका रोड़), प्रधान मनोज सिंघल, उपाध्यक्ष कर्ण शर्मा, राकेश जुनेजा और सुशील गुप्ता, सचिव सचिन गोयल, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, सदस्य में मुकेश गुप्ता, राजकुमार गोयल, पवन जिंदल, अक्षय बंसल, अभिषेक बंसल, चक्षु चौधरी के अलावा अंजू सिंघल, नियति गोयल, कुसुम गोयल, निधि गुप्ता, सुनीता चौधरी, पूजा गोयल, काजल शर्मा कई लोग टीम में है।

**सभी करें गौ-माता की सेवा...**

केवल गौ माता की सेवा से ही संपूर्ण देवी देवताओं की सेवा संपन्न मानी गई है, इसलिए गौ माता की सेवा करें। गौ माता के दर्शन मात्र से समस्त देवताओं के दर्शन एवं समस्त तीर्थो का पुण्य भी प्राप्त हो जाता है।

## आप राज में विकास को तरस रहे हैं दिल्ली के लोगः विशाल कपाही

### भारतीय जनता पार्टी के राज में देश में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है: कपाही

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा नेता विशाल कपाही** ने कहा कि देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के राज में आज देश में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। श्री कपाही ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। तभी तो लोग भाजपा के कार्यों से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का कार्यकर्ता मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है और दिल्ली के लोग विकास कार्यों को तरस रहे है।
एक अन्य सवाल के जवाब में श्री कपाही ने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें ऑक्सीजन, भोजन, आश्रय और बहुत कुछ देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए सभी को अधिक से अधिक



**भाजपा युवा नेता कहा...**

= **आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है और दिल्ली के लोग विकास कार्यों को तरस रहे है।**

= **वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए।**

पौधारोपण करना चाहिए। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
उन्होंने आगे कहा कि सभी को पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए।

# मुख्य सचिव ने की पर्यटन क्षेत्रों की विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंस के जरिये बडखल झील, सूरजकुंड सहित फरीदाबाद के अन्य पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद के पर्यटन स्थलों की विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारी आपसी तालमेल करके अमलीजामा पहनाना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने एक-एक करके बडखल झील, सूरजकुंड और



लकडपुर क्षेत्र में पर्यटन विभाग की विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं की बारीकी से समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बडखल गांव से अवैध कब्जे हटाने तथा विश्वस्तरीय बडखल झील के एंट्री प्वाइंट अनखीर चौक से झील तक पहुंचाने तथा सूरजकुंड वाली सड़क का सौंदर्यीकरण सहित बिजली सप्लाई से जुड़ी हुई लाइन तथा अन्य कार्य,सिवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य मूलभूत विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं समीक्षा बैठक में विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तथा आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली को आधुनिक तौर तरीकों के साथ विभागों तथा एजेंसियों से आपसी सहमति से करवाया जाने बारे बारिकी से चर्चा की गई। सड़कों पर स्ट्रीट लाइटिंग, इलेक्ट्रिकल वर्क, रोड, फुटपाथ, ग्रिल सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से समीक्षा की गई। वहीं बडखल झील पर चल रहे जीर्णोद्धार कार्य बांध, पार्किंग, फुटओवर ब्रिज, एस्केलेटर, बाउंड्री वॉल, सीवर लाइन आदि के निर्माण कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की गई। विश्व पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा फरीदाबाद के बडखल झील और सूरजकुंड का क्षेत्र बता दें कि बडखल झील का जीर्णोद्धार मुंबई के मैरिन ड्राइव की तर्ज पर किया जा रहा है। इस मैरिन ड्राइव का सौंदर्यीकण विश्व स्तरीय होगा। इस बांध पर बच्चों के लिए झूले, रेस्त्रा, जूस कॉर्नर, वॉकिंग ट्रैक, फूड कोर्ट्स, ओपन एयर जिम आदि सुविधाएं मिलेंगी। कर्णप्रिय संगीत की धुनों पर योगाभ्यास, व्यायाम करने की सुविधा भी इस स्थल पर होगी। यह स्थल शहर के सबसे खूबसूरत जगह में से एक होगी। झील को गंदगी से बचाने के लिए फेंसिंग की जाएगी। बडखल झील एक बार फिर पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगी। विडियो कान्फ्रेंस में पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा, डीसी विक्रम सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल, एचएसवीपी प्रशासक डॉक्टर गरिमा, एस्टेट ऑफिसर अमित कुमार, एसीपी अभिमन्यु गोयत, टाऊन प्लानर रेनू चौधरी, वन विभाग के रेंजर प्रतीक पांचाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# आशा कान्वेंट स्कूल में मानव जनहित एकता परिषद के तत्वाधान में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** संजय कालोनी सैक्टर-22 स्थित आशा कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में मानव जनहित एकता परिषद के तत्वाधान में केवल प्रेम आंख अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आशा कान्वेंट स्कूल के चेयरमैन राजेश मदान ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभांरभ किया। शिविर में निशुल्क लगभग 180 लोगों ने आंखों की जांच कराई। शिविर में लोगों को निशुल्क चश्में व दवाइयां भी वितरित की गई जबकि 15 मरीजों को आंखों के निशुल्क ऑपरेशन के लिए केवल प्रेम आंखों के अस्पताल फरीदाबाद में भेजा गया। निशुल्क दांतो का शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 लोगों ने अपने दांतो की जांच कराई केएमसी



हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क बीपी, शुगर, ईसीजी की जांच की गई। मानव जनहित एकता परिषद के सचिन तंवर ने कहां की सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं को इस तरह के कैंपों का आयोजन करना चाहिए ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। शिक्षाविद् राजेश मदान ने बताया कि अभिभावक एवं आसपास के कमजोर वर्ग के लागों के लिए ऐसे कार्यक्रम किये जाते हैं ताकि जरूरतमंद लोगों को कैंप लाभ मिल सके। जांच शिविर में मुख्य रूप से सुरेंद्र शर्मा बबली, सुनील यादव, संजीव कुशवाहा, रतन लाल चौधरी, युधिष्ठर शर्मा, ललित शर्मा, विनोद शर्मा, मनोज कोली, रवि सोनी, गुरचरण डोरा, संगीता नेगी, दिवाकर शर्मा, अवधेश कुमार ओझा, सरदार मनजीत सिंह, अशोक तंवर आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पहले बिना पूछे ले गया डंपर, उलाहना दिया तो पीटकर किया घायल

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर में उलाहना देने गए युवक को पीट-पीटकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितो को नामजद किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नसीरपुर निवासी इंद्रजीत ने बताया कि उसके चाचा का लड़का प्रदीप व उसका दोस्त नवीन खेती-बाड़ी का काम एक साथ करते है। गत 15 अप्रैल को कम्बाइन से उसे गेहूं की कटाई करवानी थी। उसने गेहूं डालने के लिए चाचा के लड़के प्रदीप से डंपर पूछा। उसने बताया कि बिना बताए प्रवीन डंपर ले गया है। वह खेत में पहुंचा। जहां उसने लक्की व उसके पिता सुरजीत से डंपर की जरूरत होने के बारे में अवगत करवाया। बिना बताएं डंपर लेकर आ गए। इतनी सी बात कहने पर उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। उसके सिर व पैर, हाथों पर चोटे मारी। उसके चाचा के लड़के प्रदीप व नवीन ने उसे छुड़वाया। उसकी कार का शीशा तोड़ दिया। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचे।

### गली से गुजरते समय नाबालिग लड़की के साथ अभद्रता करने का आरोप

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव में गली से गुजरते समय नाबालिग लड़की के साथ अभद्रता करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले को लेकर लड़की के दादा ने आरोपित लड़के के घर पर शिकायत की तो उसके साथ मारपीट की। लड़की के दादा ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की पढ़ती है। घर से स्कूल जाते समय गांव का एक लड़का उसके साथ अभद्रता करता रहता है। लड़की ने मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। इस संबंध में वह शिकायत लेकर लड़के के घर पहुंचा। जहां लड़के व उसके परिजनों ने उसके साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। उसके साथ मारपीट की गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

### पंचायती राज अभियंता के मुख्य अधिकारी ने विकास कार्यो का लिया जायजा

**सोनीपत।** जिले में पंचायत विभाग द्वारा किए जा रहे विकास कार्या का जायजा लेने के लिए सोमवार को मुख्य अभियंता पंचायती राज ईश्वर सिंह सोनीपत पहुंचे। जहां उन्होंने अलग-अलग गांवो में जाकर विकास कार्यो का जायजा लेकर कर्मचारी व अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उनके दौरे के दौरान पंचायत विभाग से अलग-अलग ब्लॉक के सेक्टरी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सोनीपत जिले में पंचायत विभाग व प्रदेश सरकार के दिशा-निदेर्शों पर विकास कार्य करवाएं जा रहे है। गांव बड़ौता में एनजीटी की तरफ से कार्य करवाया जा रहा है। गांव भैंसवाल कला में अमृत सरोवर का कार्य, महिला सांस्कृतिक केंद्र का कार्य, गांव बिधल में ई-लाइब्रेरी का कार्य, जुआं-1 में एनजीटी की तरफ से करीब 22 एकड़ में तालाब का कार्य, लौहारी टिब्बा में ई-लाइब्रेरी का कार्य, गांव भठगांव डुर्गरान में सामुदायिक केंद्र व ई-लाइब्रेरी का विकास कार्य करवाया जा रहा है।

### कृषि विभाग की टीम ने दवाइयों की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट पर की छापेमारी

**सोनीपत।** खरीफ सीजन शुरू होने से पहले कृषि विभाग द्वारा खाद, दवाइयों व बीजों की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। विभाग खाद और बीज विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी करके सैंपल इक्ट्ठा कर रहे थे। विभाग के उपनिदेशक अनिल सहरावत व क्यूसीआई राकेश हुड्डा के नेतृत्व में टीम ने नाथुपूर क्षेत्र में स्थित दो मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों पर छापेमारी कर दवाइयों के पांच सैंपल लिए है। जल्द विभाग की तरफ से उन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। बता दें किमौजूदा समय में रबी सीजन की फसलों की कटाई और कढ़ाई प्रक्रिया चल रही है। किसानों ने बड़ी संख्या में सरसों और गेहूं की कटाई के बाद खरीफ सीजन की फसल ज्वार, मूंग, जंतरा आदि उगाने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

### शराब पीकर घर में घुसे ग्रामीण ने की गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत। मोहाना थाना क्षेत्र में शराब पीकर घर में घुसकर गाली-गलौज करने व विरोध करने पर मां-बेटे को पीट-पीटकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पिनाना निवासी एक महिला ने बताया कि वह घरेलू औरत है। गत 15 अप्रैल को करीब 6.30 बजे अपने घर पर मौजूद थी। उसी दौरान घर पर गांव का व्यक्ति शराब के नशे में घर के अंदर घुस आया। उसके लड़के साथ गाली-गलौच करने लगा।

# 'पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम तैयारियां सुनिश्चित करें विभाग'

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**एडीसी** अपराजिता ने फरीदाबाद जिला में आज सोमवार को गर्मी के मौसम में गर्मी में पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम तैयारियां व प्रबंधन बारे सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आम जनता के लिए गर्मी के मौसम के मद्देनजर जरूरत के अनुसार पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम व्यवस्थाएं संबंधित विभाग सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि आमजन



को गर्मी में जलापूर्ति निर्धारित शेड्यूल अनुसार मिले। इसके लिए व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की चोरी को रोकना एक बड़ी चुनौती है, इसलिए वे अपने क्षेत्रों में पानी की चोरी की घटनाओं पर निगरानी रखें। यदि ऐसी कोई घटना घटित होती है, तो तुरंत उस पर कार्रवाई करें। इसके लिए विशेष टीमें भी गठित की जा सकती हैं। इसके अलावा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करें, ताकि जिले में पानी की उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का पता लग सके और यदि कहीं पानी की कमी की संभावना बनती है। तो तुरंत उसकी सूचना मुख्यालय को दें। एडीसी ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि गर्मी से निजात दिलाने में जल अति महत्वपूर्ण है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप से जल को व्यर्थ न बहाए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जोखिम भरे क्षेत्रों की पहचान करें। सभी सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक, बाजार, अस्पताल, पब्लिक डीलिंग से संबंधित कार्यालयों में नगर परिषद, नगर पालिका, विकास एवं पंचायत विभाग के सहयोग से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मुख्य रूप से पानी की कमी वाले जोखिम वाले क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति के लिए पानी के टैंकरों की सूची तैयार करने, पेयजल के स्रोत और जनसंख्या के अनुपात में इसकी क्षमता की पहचान करने, गर्मी की लहर से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि पूरा पानी पंप सेट या तो डीजल या बिजली आधारित होना चाहिए और काम करने की अच्छी स्थिति में होने चाहिए।

बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता राजीव कुमार बत्रा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अनुभव जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# उमेश भाटी के कार्यालय पर पूर्व पीएम चंद्रशेखर की जयंती पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** अशोका एंक्लेव स्थित प्रदेश प्रवक्ता और तिगांव विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी उमेश भाटी के कार्यालय पर सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी कार्यकर्ता और विभिन्न वर्ग सहित सभी ने उन्हें माल्यपर्ण कर उन्हें श्रद्धाजलि अपर्ति की। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने पूर्व प्रधानमंत्री , प्रखर वक्ता और किसानों के मसीहा चंद्रशेखर जी याद करते हुआ कहा की



युवाओं को आज भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए पूर्व प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री रहते हुए भी चंद्रशेखर जी बड़े सामान्य जीवन जीने की आदि थे। वे सभी से बड़े प्यार, और सभ्य तरीके से मिलते थे। उमेश भाटी ने कहा कि सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी सहित तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अनेक जजपा नेता उपस्थित रहे।

### मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित 9 आरोपितों को किया गिरफ्तार

**सोनीपत।** गांव मेहंदीपुर के पास मुरथल अनाज मंडी के सामने चाय की दुकान पर बैठे हिस्ट्रीशीटर निखिल की 13 गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित विपिन समेत नौ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि निखिल की हत्या के लिए उत्तर प्रदेश से तीन शूटर बुलाए थे और चौथा शूटर गांव राजपुर का रहने वाला है। गिरफ्तार आरोपितो को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपितों ने अवैध रेत खनन व उगाही को लेकर हत्या करने की बात कुबूल की है।

# जे.सी. बोस विवि में 'जी-20: भारत और युवा पर संगोष्ठी का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के एससी व एसटी प्रकोष्ठ द्वारा विज्ञान भारती (विभा) के सहयोग से आज 'जी-20: भारत और युवाइ विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो. एस.के. तोमर, विशिष्ट अतिथि प्रो. ज्योति राणा तथा डॉ. पवन सिंह मलिक ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो लखविंदर सिंह ने सम्मानित अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. एस.के. तोमर ने भारत को एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के रूप में रेखांकित करते हुए जी-20 के विभिन्न पहलुओं पर टिप्पणी प्रस्तुत की तथा देश की उन्नति में युवाओं के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर उन्होंने अमेरिकन प्रतिनिधियों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों का साझा किया। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. ज्योति राणा ने जीवन दर्शन एवं भगवद गीता पर विचार रखे तथा कौशल सूत्र से श्लोक का उच्चरण किया। इसके उपरांत उन्होंने समकालीन परिदृश्य में महाभारत का संदर्भ लेकर चर्चा की।

उन्होंने सनातन धर्म और स्वधर्म में भिन्नता को लेकर विस्तार से बताया। उन्होंने कौशल का उपयोग व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि समाज के लाभ के लिए करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पवन सिंह मलिक ने आज के युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद जी के विचारों की प्रासंगिकता पर व्यावहारिक भाषण प्रस्तुत किया।

कैसे इस आदमी के ज्ञान की भूख ने उसे पूरे इतिहास में जीवित कर दिया। संगोष्ठी को एक समृद्ध अनुभव बनाने के लिए सभी कार्यक्रम आयोजकों, संकायों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद के वोट के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

# थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो के लिए रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया ़ केयर फॉर थैलासीमिया का एक ही उद्देश्य है थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो को स्वस्थ रखना ़ उनको हर पल खुशिया देना। इसी सिलसिले में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो के लिए एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन सेंट्रल पार्क फरीदाबाद में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत साईधाम से आये छात्र छात्राओं ने लघुनाटिका की प्रस्तुति से की जिसको बहुत ही सराह गया। कार्यक्रम का आयोजन रोटेरियन रवि रतरा, रोटेरियन मनोहर पुण्ययानी ़ रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाउन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बच्चो ़



उनके अभिभावकों ने खूब डांस मस्ती की। डांस में उपस्तिथ सभी लोगो ने शामिल होकर बच्चो का उत्साह बढ़ाया। बच्चो की मस्ती में रोटरी क्लब ऑफ मिडटाउन के प्रधान रोटेरियन विजय राघवन, रोटेरियन मनोहर पुण्यानि, रोटेरियन रवि रतरा, रोटेरियन सतीश गोसाईं, रोटेरियन मनीष कपूर, रोटेरियन उपेन्दर सिंह, रोटेरियन दिनेश जागिड, रोटेरियन पंकज गर्ग, रोटेरियन मनोज गोयल, डॉ अरुण गुप्ता, रोटेरियन रोहित बजाज, डॉ नविन गर्ग, श्रीमती विज्जी राघवन, सतविंदर कौर, अंतरास्ट्रीय इंनरव्हील क्लब की सदस्य श्रीमती अनीता जैन, अनिल जैन, समाज सेविका श्रीमती प्रीति माटा, समाज सेवक यशु गर्ग, समाज सेवक गुलशन भाटिया, समाज सेवक सुभाष जी, समाज सेवक मोहिंदर खुराना, समाज सेवक विशेष खुराना जी का बहुत बड़ा सहयोग रहा। सभी बच्चो को उपहार दिए गए। उन सभी थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो का जन्मदिन भी बड़े उत्त्साह से केक काट ़ गाने गए कर मनाया गया जो अप्रैल माह में पैदा हुए थे। इस अवसर पर केयर फॉर थैलासीमिया की प्रधान श्रीमती अंजलि अरोरा, कोषाध्यक्ष कृतिका डुडेजा, जे. के. भाटिया, रविंद्र डुडेजा उपस्तिथ थे। श्री मनोहर पुण्यानि ़ श्री रवि रतरा ने आश्वाशन दिया की वो जल्द ही बच्चो के लिए एक बहुत बड़ा कार्यक्रम करेंगे।

# एनआईटी पांच नंबर में शौचालय का नवीनीकरण किया

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** एनआईटी पांच नंबर स्थित पी-एल-एम-के-ब्लॉक चौक पर समाजसेवी परविंदर व स्थानीय दुकानदारों द्वारा सार्वजनिक शौचालय का नवीनीकरण कर उद्घाटन किया गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि समाजसेवी परविंदर राजपाल के अथक प्रयासों से यह कार्य संपन्न हो पाया। दुकानदारों ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों से कई दौर की बातचीत के बाद यह काम समाजसेवी एवं आप नेता परविंदर राजपाल की मदद से पूरा हो पाया।

इस शौचालय के रख रखाव नहीं



होने के चलते धीरे-धीरे यह टॉयलेट खंडहर में तब्दील हो गया और इस पर ताला जड़ दिया गया। जिसके चलते बाजार में कोई भी टॉयलेट न होने के कारण जहां दुकानदारों व आने वाले ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर स्थानीय निवासी एवं जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी ने कहा कि सरकार के लिए बहुत ही बेहतरीन आय का स्त्रोत मार्केट होने के बावजूद यहां पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा है। जिन्होंने मिलजुलकर खासकर महिला ग्राहकों की परेशानी को देखते हुए मिलजुल कर सराहनीय कार्य किया है। इसी के चलते नगर निगम से परमिशन लेकर इस शौचालय का नवीनीकरण किया। जिसमें करीब 35 हजार रुपए से ज्यादा का खर्च आया। स्थानीय लोगों ने कहा कि जब प्रशासन और नगर निगम द्वारा इस शौचालय की सुध नहीं ली गई तो समाजसेवी परविंदर इसे सुधारने का बीड़ा हाथ में उठाया है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय दुकानदार महेश बजाज, मनोज अरोड़ा, मुकेश चावला, विजय सेठी, संजय हसीजा, अविनाश, प्रवीण जग्गी, भीम बहल, ललित अरोड़ा, दर्शन सिंह, गिरधारी लाल, हरप्रीत सिंह खालसा, वीना बहल, हिम्मत राय सेतिया, पंकज खरबंदा, रवि बजाज, ललित अरोड़ा, रोहित आदि दुकानदारों की मौजूदगी में कहा कि इसकी व्यवस्था बनी रहे इसके लिए यहां कर्मचारी भी रखे गए है। वहीं इस्तेमाल करने वालों से शुल्क भी लिया जाएगा।

# गोली मारकर युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** सदर थाना क्षेत्र के गांव कामी में युवक की गोलियां मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजी निवासी कामी व संजय निवासी मेंहदीपुर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। गांव कामी निवासी धर्मेंद्र ने गत 29 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका बड़ा भाई सुनील (31) गांव में ही स्कूल के सामने बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर के पास ट्रैक्टर चलाता था। वह अपनी ट्रैक्टर-ट्राली में सप्लायर का सामान लेकर आने व ले जाने का काम करता था। वह 29 मार्च सुबह करीब साढ़े 10 बजे ट्रैक्टर-ट्राली में रेत भरकर स्टॉक पर पहुंचा था। इसी दौरान बाइक पल्सर बाइक पर गांव का दीपक वहां पहुंचा। उसके पीछे दीपक का भाई मंजीत बैठा था। वहीं एक अन्य बाइक पर मेहंदीपुर गांव का युवक हमारे गांव के ही नवीन के साथ पहुंचा।

स्कूल के सामने पहुंचते ही मंजीत ने अपने हाथ में लिए पिस्तौल से उनके भाई को गोलियां मार दी। हमले में उनके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देकर हमलावर भागने लगे तो उसने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। इस पर हमलावर उसे धमकी देकर भाग गए कि किसी को कुछ बताया तो उसे भी जान से मार देंगे। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की। एसीपी जीत सिंह, सदर थाना प्रभारी दिलबाग सिंह, सीआईए-2 प्रभारी अजय धनखड़ ने जांच करने के साथ ही एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया।

## न्यूज फ्लैश

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में शहनवाज बरी

**भागलपुर:** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन को न्यायालय ने सोमवार को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में बरी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि भागलपुर में 2009 में लोकसभा चुनाव के दौरान पान की गुमटी में शाहनवाज हुसैन का एक फोटो था। जिसको लेकर अधिकारी ने शाहनवाज हुसैन पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया था। आज इसी बाबत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन न्यायालय में हाजिर हुए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, बिहपुर के भाजपा विधायक इंजीनियर शैलेंद्र, मंटू मोदी और व्यास चौधरी को इस 2009 में हुए आचार संहिता मामले को लेकर कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया है। इसके पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन भागलपुर पहुँचे। सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकताओं से उन्होंने मुलाकात की। शाहनवाज हुसैन ने मोतिहारी में जहरीली शराब से हो रही मौतों को लेकर कहा कि बिहार में शराबबंदी लागू है। भाजपा ने शराबबंदी का समर्थन किया था। मौत के तांडव का समर्थन नहीं किया था। आखिर नकली शराब बिहार में घुसती कैसे है। इसके जिम्मेदारी कौन लेगा। जबरदस्ती अंतिम संस्कार कर तथ्य को छुपाया जा रहा है। सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। बिहार सरकार पूरी तरह से गलत कर रही है।

### पुलिस पैरवी से कुकर्मी को मिली 20 साल की सजा

**बागपत:** बालैनी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ कुकर्म करने वाले आरोपित को बागपत न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उस पर 40 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। पुलिस ने मामले की अच्छे से पैरवी की और सभी सबूत न्यायालय में पेश किये। बागपत जिले के बालैनी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ कुकर्म की घटना को वर्ष 2020 में अंजाम दिया गया था। शिकायत के बाद मामले में पुलिस ने अपनी जांच की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसका नाम जगपाल था। जगपाल शामली के एक गांव का रहने वाला था लेकिन वह बागपत जिले के ही रोशनगढ़ में आकर रहने लगा। आरोपित के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाने के बाद आरोपित पर मुकदमा दर्ज किया गया और न्यायालय में पेश पर उसकी पैरवी मॉनीटिरिंग सैल द्वारा की गयी। न्यायालय में आरोपित के खिलाफ गवाह और सबूत पेश किए गए। जिनके आधार पर अपर जिला जज कोर्ट संख्या 05 में जगपाल को दोषी पाया गया है। न्यायालय ने सभी गवाह और सबूतों को देखते हुए इसको गंभीर अपराध माना है। नाबालिग के साथ कुकर्म के आरोपित को न्यायालय ने सोमवार को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 40 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

### निकाय चुनाव: पहले दिन खूब हुई नामांकन पत्रों की बिक्री

हमीरपुर: नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के साथ सदस्य पदों के चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन नगर निकायों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 115 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जबकि सदस्य पद के लिए 332 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। सोमवार से नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन हमीरपुर नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए नौ नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

# 6 राज्यों में लू का अलर्ट

## बंगाल में स्कूल बंद; जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में अगले दो दिन बारिश के आसार

**तपिश**

- पांचों राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पंजाब और हरियाणा में सोमवार और मंगलवार को भीषण लू का प्रकोप रहेगा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मौसम विभाग** (आईएमडी) ने इस सप्ताह के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, अगले 4-5 दिनों के दौरान बिहार, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तटीय आंध्र प्रदेश में लू की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने पांचों राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा में सोमवार और मंगलवार को भीषण लू का प्रकोप रहेगा। बिहार, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में अगले चार-पांच दिन गर्मी झुलसाएगी। आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को राज्य के 116 मंडलों में लू की चेतावनी दी है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के सारे स्कूल-कॉलेज शनिवार तक बंद रखने का निर्देश दिया है। इसके अलावा आईएमडी ने पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और आसपास के मैदानी इलाकों में ताजा बारिश की भविष्यवाणी की है। जम्मू कश्मीर, लद्दाख में मंगलवार और हिमाचल प्रदेश में 18 और 19 अप्रैल को बारिश की आशंका जताई है। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को बारिश हो सकती है।

**अगले 5 दिनों के दौरान कैसा रहेगा तापमान:** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, फिलहाल मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 39 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच है। उत्तर पश्चिम भारत में अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे करीब 1-2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। दक्षिण भारत के राज्यों में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। बाद में इसमें 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी।

**अगले 3 दिनों में दिल्ली और राजस्थान समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना:** दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान में 17-19 अप्रैल को बारिश हो सकती है। वहीं 17-19 अप्रैल के दौरान ओडिशा, मध्य प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में आंधी और भारी हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

साथ ही तेलंगाना में 17 अप्रैल तक और नॉर्थ इंटीरियर कर्नाटक में 19 अप्रैल तक बारिश हो सकती है।

**1951 के बाद 5वां सबसे ठंडा अप्रैल रहा अप्रैल 2023:** 9 अप्रैल को भारत में अब तक का औसत अधिकतम तापमान 33.85 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 1981 से 2010 के टाइम पीरियड के भारत के लिए सामान्य औसत से 0.46 डिग्री कम है।

## मुंबई मेट्रो रेल कारपोरेशन पर लगा 10 लाख का जुर्माना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने मुंबई की आरे कॉलोनी में मेट्रो कार शेड बनाने के लिए 84 पेड़ काटने की मंजूरी के बावजूद ज्यादा पेड़ काटने की कोशिश पर मुंबई मेट्रो रेल कारपोरेशन पर 10 लाख का जुर्माना लगाया है। हालांकि, चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने प्रोजेक्ट को ध्यान में रखते हुए 177 पेड़ काटने की अनुमति दे दी। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने 19 दिसंबर, 2022 को 84 पेड़ काटने की अनुमति दी थी, क्योंकि आपने 84 पेड़ काटने की अनुमति मांगी थी। जनवरी में आपने 185 पेड़ काटने की अनुमति प्राधिकरण से मांगी। मार्च में पेड़ काटने की अनुमति दे दी गई। आप 84 से ज्यादा पेड़ कैसे काट सकते हैं। आपने आदेश की अवमानना की है। कोर्ट के आदेश के ऊपर कोई कैसे जा सकता है। सुपरिटेंडेंट को जेल में होना चाहिए। अगर आपको 84 से ज्यादा पेड़ काटने थे, तो आपको कोर्ट आना चाहिए था। सुनवाई के दौरान मुंबई मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम इसके लिए माफी मांगते हैं। मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के दौरान जब मेट्रो प्रशासन प्राधिकरण के पास गया तो कहा गया कि पिछला सर्वे 2019 में हुआ था, जिसके आधार पर 84 पेड़ काटने की अनुमति दी गई थी। प्राधिकरण ने नये सर्वे की बात कही। तब चीफ जस्टिस ने पूछा कि आप 84 से ज्यादा पेड़ काटने के लिए प्राधिकरण के पास कैसे जा सकते हैं।

## सिद्धू की कोठी में घुसा संदिग्ध शख्स



**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**
**पंजाब** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के पटियाला स्थित घर की छत पर संदिग्ध व्यक्ति दिखा है। नौकर ने जब उसे देखकर अलार्म बजाया तो वह भाग गया। सिद्धू ने ट्वीट कर यह दावा किया है। 2 हफ्ते पहले पहले ही सिद्धू की सुरक्षा घटाई गई थी। जिस पर सिद्धू और उनकी पत्नी आप सरकार पर भड़के थे। पत्नी डॉ. नवजोत कौर ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को चेतावनी दी थी कि अगर उनके पति को कुछ होता है तो वह सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। मामला बीते दिन शाम को सामने आया। नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्वीट कर लिखा कि मेरे घर की छत पर ग्रे कंबल में लिपटे एक अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति को लगभग शाम 7 बजे देखा गया, जैसे ही मेरे नौकर ने अलार्म बजाया और मदद के लिए पुकारा तो वह तुरंत भाग गया। पंजाब पुलिस के डीजीपी से बात की है और एसएसपी पटियाला को भी सूचित कर दिया गया है।
उन्होंने आगे लिखा कि यह सुरक्षा चूक मुझे पंजाब के लिए आवाज उठाने से नहीं रोक पाएगी।

**1 अप्रैल को आए जेल से बाहर:** नवजोत सिंह सिद्धू 1 अप्रैल को 1988 के रोडरेज मामले में पटियाला की जेल में 317 दिनों तक रहने के बाद रिहा हुए हैं। इसके बाद उन्होंने राज्य की आप सरकार और केंद्र की बीजेपी सरकार दोनों पर जमकर निशाना साधा था। सिद्धू ने बाहर आते ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पर निशाना साधा था और उन्हें एक कमजोर मुख्यमंत्री बताया है। सीएम भगवंत मान को अखबारी सीएम कहा था। सिद्धू ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कानून-व्यवस्था के बहाने पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहती है।

## ग्राम पंचायतों में प्रतिनिधियों का सर्वसम्मति से हो चुनाव: मुर्मू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने देश की समस्त ग्राम पंचायतों से अपने प्रतिनिधियों का चुनाव सर्वसम्मति से कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव के विकास का मॉडल कैसा हो और इसे कैसे कार्यरूप दिया जाये? इसके लिए उसके अधिकार गांववासियों को होने चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को विज्ञान भवन में पंचायतों के प्रोत्साहन पर राष्ट्रीय सम्मेलन-सह-पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रही थीं। प्रत्येक पांच वर्ष में पंचायत प्रतिनिधियों के चुनाव प्रावधान का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना है। लेकिन यह देखा गया है कि इससे कभी-कभी लोगों में कटुता भी उत्पन्न हो जाती है। लोगों में आपसी मनमुटाव न बढ़े, इसके लिए पंचायत चुनावों को राजनीतिक दलों से अलग रखा गया है। राष्ट्रपति ने इस संबंध में गुजरात सरकार की ओर से 2001 में शुरू की गई समरस ग्राम स्वराज योजना का उदाहरण दिया। इसके तहत उन पंचायतों को पुरस्कृत करने का प्रावधान था, जहां अपने प्रतिनिधियों का चुनाव सर्वसम्मति यानि बिना चुनाव के किया गया हो। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गांव में शांति और सद्भावना बनाये रखना और चुनाव के कारण आने वाली कड़वाहट से बचना था। राष्ट्रपति ने कहा कि गांव परिवार का ही एक विस्तृत रूप है। परिवार में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक कार्य आम सहमति से होने चाहिए, यदि चुनाव की नौबत भी आये, तो चुनाव ग्रामवासियों में विभाजन न लाये।




**अपील**

- लोगों में आपसी मनमुटाव न बढ़े, इसके लिए पंचायत चुनावों को राजनीतिक दलों से अलग रखा गया है

### हिरासत में लिए गए गोपाल इटालिया

**सूरत/अहमदाबाद:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के गुजरात प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष गोपाल इटालिया को सूरत की क्राइम ब्रांच ने हिरासत में लिया है। इटालिया ने पिछले साल हुए गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी को ड्रग्स संघवी कहा था जिसमें मानहानि का मामला दर्ज किया गया था। बताया गया कि इसी मामले में क्राइम ब्रांच के पुलिस कर्मी इटालिया को अपने साथ कार्यालय ले गए। हालांकि पूछताछ करने के बाद उन्हें छोड़ दिया। सूरत के उमरा थाने में आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता गोपाल इटालिया के विरुद्ध मानहानि का मामला दर्ज किया गया है।

### सीएम आवास घेरने जा रहे कई छात्रों पर लाठीचार्ज

**रांची:** राज्य सरकार की 60- 40 नियोजन नीति के खिलाफ मुख्यमंत्री आवास का घेराव के लिए आए छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। इसमें कई छात्रों को चोटें आयी हैं। बताया गया कि मोराबादी से निकले छात्र किसी तरह प्रशासन को चकमा देते हुए राम मंदिर के समीप पहुंचे और धरने पर बैठ गए। छात्रों के धरने पर बैठने से कुछ देर के लिए कांके रोड पर आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने छात्रों पर लाठी फटकारीं। इसके बाद पुलिस ने धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में एतियातन छात्र नेता मनोज यादव, बेबी महतो सहित कई छात्रों को अपने हिरासत में लिया है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्पेंद्र सिंह धामी पिथौरागढ़ के भ्रमण पर पहुंचे।






**चिकित्सा पर्यटन**

### सामूहिक रूप से अधिक समग्र और स्थायी दृष्टिकोण स्थापित करने में योगदान दें

## 14 लाख से अधिक चिकित्सा पर्यटकों ने भारत की यात्रा की: श्रीपद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी20** स्वास्थ्य कार्य समूह की दूसरी बैठक सोमवार को गोवा में आयोजित की गई। इस मौके पर अपने संबोधन में केंद्रीय पर्यटन, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने कहा कि पिछले एक साल में भारत में 14 लाख से अधिक पर्यटकों ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भारत की यात्रा की। इससे देश चिकित्सा पर्यटन का एक शीर्ष स्थल बन गया है। उन्होंने प्रतिनिधियों से यह अनुरोध किया कि वे सामूहिक रूप से अधिक समग्र और स्थायी दृष्टिकोण स्थापित करने में योगदान दें। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि वे वैश्विक स्वास्थ्य संरचना के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श में शामिल हों। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने कहा कि भारत की जी20 प्राथमिकताएं संशोधित बहुपक्षवाद पर ध्यान केंद्रित करती हैं। जो 21वीं सदी की कई चुनौतियों से निपटने के लिए जवाबदेह, समावेशी, न्यायसंगत और प्रतिनिधि मंच का सृजन करती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संदेश को दोहराया कि भारत की जी20 अध्यक्षता का विषय "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" उद्देश्य की एकता और कार्य की जरूरत को दशार्ता है । केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने महामारी के जोखिमों को कम करने के लिए "एक स्वास्थ्य" दृष्टिकोण के माध्यम से विगत की तुलना में स्वास्थ्य प्रणालियों में बहुत अधिक निवेश करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने वैक्सीन और रोग चिकित्सा की उपलब्धता सुनिश्चित करके कोरोना की रोकथाम और नियंत्रण को जारी रखने की जरूरत पर भी जोर दिया।